# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




मुंद्रा पोर्ट पर खड़ा शिवालिक शिप

मुंद्रा पोर्ट पहुंचा शिवालिक शिप लदी है लाखों सिलेंडर बराबर गैस

## शिवालिक और नंदा देवी के बाद 'जग लाडकी' भी आ रहा भारत

तिरंगे वाले टैंकर दुनिया को दिखा रहे दम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान के युद्धग्रस्त होर्मुज स्ट्रेट से गुजर कर तिरंगे वाला पहली भारतीय जहाज 'शिवालिक' गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पहुंच चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान के बीच हुई बातचीत के बाद 'शिवालिक' एलपीजी टैंकर पहला जहाज है, जिसे ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने दिया। इसके बाद एलपीजी टैंकर 'नंदा देवी' को भी ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की अनुमति दी। हालांकि, भारतीय झंडे वाला तीसरा जहाज जो 'नंदा देवी' के पीछे-पीछे भारत की ओर शान से बढ़ता चला आ रहा है, वह एक तेल टैंकर 'जग लाडकी' है। नंदा देवी के मंगलवार को गुजरात में ही कांडला बंदरगाह पहुंचने की योजना है। दोनों टैंकरों पर लगभग 92,712 मीट्रिक टन एलपीजी लदे हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि 14 मार्च, 2026 को जब भारतीय झंडे वाला जहाज जग लाडकी, फुजैराह सिंगल प्वॉइंट मूरिंग में कच्चा तेल लोड कर रहा था, तब फुजैराह तेल टर्मिनल पर अटैक हुआ। फारस की खाड़ी के पश्चिमी क्षेत्र में भारतीय झंडे वाले 22 जहाज बच गए हैं, जिनपर 611 नाविक सवार हैं। मंत्रालय ▶▶ शेष पेज 6 पर

▶▶ पढ़ें पेज 10 भी


























कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में कृषि अभिमुखीकरण कार्यक्रम में सीएम का ऐलान

## विधानसभावार होंगे कृषि सम्मेलन कृषि विभाग देगा '5 लाख रुपए'

प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को 9 से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने का रखा गया लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हर विधानसभा क्षेत्र में कृषि यंत्रों की दुकानें खुलेंगी, जिनसे लघु कृषकों को खेती के लिए किराए पर यंत्र उपलब्ध करवाए जाएंगे। विधानसभावार कृषि सम्मेलन होंगे।

विधायक अपने क्षेत्र में 4 से 5 कृषि सम्मेलन करें, इसके लिए कृषि विभाग ने प्रति विधानसभा क्षेत्र 5 लाख रुपए आवंटित करने का निर्णय किया है। इन प्रयासों से कृषि कल्याण के लिए सकारात्मक वातावरण बनेगा। किसान सौर बिजली उत्पादन की सभी योजनाओं का लाभ उठाएं। लघु-कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए भी कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया है। पिछले डेढ़ साल में प्रदेश का दूध कलेक्शन 25 प्रतिशत बढ़ा है। अब ▶▶ शेष पेज 6 पर

*मुख्यमंत्री ने कहा कि गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने और क्षेत्र में नरवई प्रबंधन के लिए राज्य सरकार ट्रैक्टर-ट्रॉली और भूसे की मशीन उपलब्ध करवा रही*

विधायक अपने क्षेत्र में 4 से 5 कृषि सम्मेलन करें


कार्यशाला को संबोधित करते हुए सीएम

**लघु कृषकों को उन्नत खेती के लिए किराए पर उपलब्ध कराएं जाएंगे कृषि यंत्र**

**डेढ़ साल में प्रदेश का दूध संकलन 25 प्रतिशत बढ़कर हुआ 12.50 लाख लीटर**

### मप्र क्षेत्रफल के हिसाब से कृषि में चौथे स्थान पर

प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह ने कहा कि हमारा मप्र अब हजार और लाख में नहीं, मिलियन, बिलियन और ट्रिलियन में बात करने के लिए तैयार है। मप्र क्षेत्रफल के हिसाब से कृषि में चौथे स्थान पर है। इसके बावजूद मप्र कई खाद्यान्नों के उत्पादन में देश में, पहले और दूसरे स्थान पर हैं। मध्यप्रदेश ▶▶ शेष पेज 6 पर

### पिछले 10 साल से कृषि क्षेत्र में 2 अंकों में वृद्धि

कृषि उत्पादन आयुक्त अशोक वर्णवाल ने कहा कि मप्र पिछले 10 साल से कृषि क्षेत्र में 2 अंकों में वृद्धि कर रहा है। इस गति को बनाए रखने ▶▶ शेष पेज 6 पर

पीएम से मुख्यमंत्री ने की सौजन्य भेंट

### किसान कल्याण वर्ष की गतिविधियों से कराया अवगत



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को नई दिल्ली में सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ प्रदेश के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने उन्हें प्रदेश में किसान कल्याण वर्ष के तहत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों की जानकारी दी। साथ ही राज्य में किसानों के हित में किए जा रहे प्रयासों तथा प्रदेश की प्रगति से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ▶▶ शेष पेज 6 पर

नकली लैब रिपोर्ट से विदेशों में दूध उत्पाद बेचने पर ईडी की कार्रवाई

## 20 करोड़ की 'विदेशी मुद्रा' मामले में किशन मोदी गिरफ्तार

**कंपनी डायरेक्टर किशन मोदी 18 मार्च तक रिमांड पर**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दूध उत्पादन कंपनी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कारोबारी किशन मोदी को 13 मार्च को गिरफ्तार कर लिया है। ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रवीण पटेल के न्यायालय में पेश कर उससे अपराध के संबंध में पूछताछ करने के लिए 18 मार्च तक रिमांड पर दिए जाने का अनुरोध किया था। सुनवाई के बाद विशेष न्यायाधीश ने पूछताछ के लिए 18 मार्च तक रिमांड पर दे दिया। मोदी जयश्री गायत्री फूड प्रोडक्ट कंपनी का मालिक है। आरोप है कि फर्जी लैब रिपोर्ट के आधार पर विदेशों में दूध ▶▶ शेष पेज 6 पर


### कई शहरों में करोड़ों का निवेश कर आउटलेट खोले

जांच एजेंसी के अनुसार किशन मोदी ने देश के कई शहरों में करोड़ों रुपए का निवेश कर आउटलेट भी खोले थे। इनमें डोमिनोज और तिरुपति बाबाजी नाम से जुड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का भी उल्लेख सामने आया है। इस मामले में पहले भी आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ और ईडी द्वारा वित्तीय अनियमितताओं को लेकर कार्रवाई की जा चुकी है। जांच एजेंसी अब विदेशी लेन-देन, फर्जी दस्तावेजों और निवेश के नेटवर्क की गहन पड़ताल कर रही हैं। ▶▶ शेष पेज 6 पर

## खबर संक्षेप

### 'बैटल ऑफ गलवान' का बदला टाइटल

**नई दिल्ली।** सलमान खान की अपकमिंग फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का नाम बदल गया है।



साल 2020 में गलवान घाटी में चीन के साथ लड़ी गई खूनी लड़ाई पर बनी इस फिल्म का नाम अब 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' होगा। यह घोषणा सोमवार, 16 मार्च को मेकर्स की ओर से की गई है। इसी के साथ फिल्म का नया पोस्टर भी जारी किया गया है।

### जबलपुर जिला अदालत के गेट पर 'धमाका'

**जबलपुर।** जिला अदालत परिसर में बम धमाके की घटना ने न्यायिक सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। जिला अदालत के द्वार क्रमांक-2 के पास अचानक तेज धमाका हुआ, जिससे परिसर में मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। घटना तब हुई जब अधिवक्ता अपने घरों को लौटने की तैयारी कर रहे थे।



धार भोजशाला: हाई कोर्ट का बड़ा फैसला

### जज खुद करेंगे मुआयना, 2 अप्रैल से पहले होगा दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर/धार

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर बेंच ने धार जिले के अति-संवेदनशील भोजशाला मामले में एक अहम टिप्पणी की है। जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की बेंच ने कहा कि मामले से जुड़े कई विवादों को देखते हुए वे 2 अप्रैल की अगली सुनवाई से पहले स्वयं परिसर का मुआयना करेंगे। जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की बेंच ने इस विवादित परिसर से जुड़ी याचिकाओं की नियमित सुनवाई के लिए 2 अप्रैल की तारीख तय की। बेंच ने अपनी मौखिक ▶▶ शेष पेज 6 पर


■ इस दौरान कोई भी पक्ष वहां मौजूद नहीं रह पाएगा

संदिग्ध तकनीकी खराबी बनी कारण

### न्यूयॉर्क से दिल्ली आ रही एयर इंडिया उड़ान आयरलैंड डायवर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एयर इंडिया की न्यूयॉर्क-दिल्ली फ्लाइट एआई 102 को संदिग्ध तकनीकी खराबी के चलते ऐहतियातन आयरलैंड के शैनन एयरपोर्ट पर उतारा गया। विमान में करीब 300 लोग सवार थे और सभी यात्री व क्रू सुरक्षित हैं। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने बयान में कहा कि 15 मार्च को न्यूयॉर्क (जेएफके) से दिल्ली के लिए रवाना हुई फ्लाइट एआई 102 को संभावित तकनीकी समस्या के बाद शैनन, आयरलैंड की ओर डायवर्ट किया गया। एयरलाइन के अनुसार विमान ने स्थानीय समयानुसार सुबह 4:30 बजे ▶▶ शेष पेज 6 पर


■ विमान में करीब 300 लोग सवार थे

राजगढ़ में बाईपास पर बड़ी दुर्घटना

### बिना ड्राइवर का डंपर बेकाबू दो छात्राओं को पीछे से रौंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्यालय पर सोमवार दोपहर हुए हादसे में एक डंपर ने दो छात्राओं को पीछे से कुचल दिया। दुर्घटना में एक 20 वर्षीय छात्रा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, दूसरी छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे आसपास एकत्रित युवाओं ने तुरंत समीप के आरोग्य अस्पताल भिजवाया। जिसके चलते उसकी जान बच पाई। घटना सोमवार दोपहर करीब 1 बजे की है। डंपर (आरजे-17 जीबी-3374) दरगाह गेट के थोड़ा आगे अनियंत्रित हुआ। यहां पहले उसने एक कार को टक्कर मारी और उसके बाद आगे आरोग्य हॉस्पिटल के ▶▶ शेष पेज 6 पर


■ एक छात्रा की मौत, दूसरी छात्रा गंभीर

## माइकल बी. जॉर्डन बने बेस्ट एक्टर, जेसी बकले को बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड


माइकल बी.जॉर्डन

जेसी बकले

**प्रियंका चोपड़ा 2016 के बाद फिर एक बार ऑस्कर अवॉर्ड प्रेजेंटर बनीं**

एजेंसी ▶▶ लॉस एंजिल्स

98वीं ऑस्कर अवॉर्ड सेरेमनी लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थिएटर में हुई। लियोनार्डो डिकैप्रियो की फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' बेस्ट फिल्म रही। फिल्म ने इस साल सबसे ज्यादा 6 अवॉर्ड हासिल किए।

फिल्म सिनर्स के लिए माइकल बी. जॉर्डन को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला। 'हेमनेट' के लिए जेसी बकले बेस्ट एक्ट्रेस रहीं। जेसी ने इस फिल्म में मशहूर राइटर विलियम शेक्सपियर की पत्नी एग्नेस का किरदार निभाया। वे 11 साल के बेटे ▶▶ शेष पेज 6 पर

**लॉस एंजिल्स में 98वीं ऑस्कर अवॉर्ड सेरेमनी**

- लियोनार्डो की 'वन बैटल आफ्टर अनदर' को बेस्ट फिल्म समेत 6 पुरस्कार
- इस साल किसी भी भारतीय फिल्म को नॉमिनेशन नहीं मिला

पटवारी ने मांगी थी 50 हजार की रिश्वत

### रिश्वत की अगली किस्त लेते ही लोकायुक्त ने घर में दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीधी

सीधी के हल्का मिर्चीवार में तैनात पटवारी मुनेंद्र सिंह भदौरिया को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। लोकायुक्त टीम ने सोमवार सुबह पटवारी को 5 हजार की रिश्वत लेते हुए पकड़ा। मिर्चीवार निवासी मुनेश्वर प्रसाद सोनी से पटवारी मुनेंद्र सिंह भदौरिया द्वारा वारिसाना सहित 3 अलग-अलग राजस्व मामलों में कुल 50 हजार की रिश्वत की मांग की जा रही थी। एक मामला पूरा करने के एवज में पटवारी पहले ही 25 हजार ले चुका था, जबकि बाकी दो मामलों को निपटाने के लिए लगातार पैसों की मांग की जा रही थी। मुनेश्वर प्रसाद सोनी ने बताया कि पटवारी द्वारा लगातार रिश्वत मांगे जाने से परेशान होकर ▶▶ शेष पेज 6 पर


मुनेंद्र सिंह

*राज्यसभा की कुल 11 सीटों पर डाले गए थे वोट, इनमें ओडिशा की 4 व हरियाणा की 2 सीटें भी शामिल थीं*

कांग्रेस के तीन और राजद के एक विधायक ने मतदान प्रक्रिया में भाग ही नहीं लिया

## बिहार में राज्यसभा की पांचों सीटों पर एनडीए की जीत, महागठबंधन सन्न

*अंत में चार विधायकों ने खेला कर दिया। यह लोग मतदान के लिए ही नहीं पहुंचे। इस कारण महागठबंधन को हार का सामना करना पड़ा*

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में राज्यसभा की पांचों सीट राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार जीत गए हैं। चार सीटों पर जीत तो पहले से ही तय थी। लेकिन, पांचवीं सीट पर महागठबंधन के उम्मीदवार अमरेंद्र धारी सिंह से एनडीए के उम्मीदवार शिवेश राम का मुकाबला हुआ। एनडीए के सभी 202 विधायकों ने वोट किया। लेकिन, महागठबंधन की ओर से चार विधायक (कांग्रेस के ▶▶ शेष पेज 6 पर

जीतने वाले उम्मीदवार


नीतीश कुमार जदयू | रामनाथ ठाकुर जदयू | नितिन नबीन भाजपा | शिवेश कुमार भाजपा | उपेंद्र कुशवाहा रालोमो

चुनावी रण तेज: 5 राज्यों में राजनीतिक माहौल गरमाया

### बंगाल में 'ममता' के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे सुवेंदु अधिकारी

**नई दिल्ली।** 5 राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले राजनीतिक माहौल गर्मा गया है। पश्चिम बंगाल में भाजपा ने बड़ा दांव खेला है। पार्टी ने अपने प्रमुख नेता सुवेंदु अधिकारी को सीएम ममता बेनर्जी के गढ़ माने जाने वाले भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतारने का फैसला किया है। ये सीट ममता के लिए काफी अहम मानी जाती है। केरल में पार्टी ने लिस्ट में 47 ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 09 भी



# राजधानी के दुर्गा मंदिरों में शुरू हुई नवरात्र की तैयारियां, होने लगी लाइटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में चैत्र नवरात्र की तैयारियां शहर के मंदिरों में शुरू हो गई हैं। चैत्र मास में शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से वासंतिक या चैत्र नवरात्रि आरंभ हो जाती है। नवरात्रि स्थापना से लेकर रामनवमी तक का समय अत्यंत पवित्रता, उल्लास और उमंग के साथ मनाया जाता है। आदिशक्ति की उपासना के नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव से की जाती है। पं. रामजीवन दुबे के अनुसार हिन्दू धर्म में नवरात्रि के त्योहार का विशेष महत्व होता है, साल भर में कुल चार नवरात्रि आते हैं, जिसमें से शारदीय और चैत्र नवरात्रि का खास महत्व होता है। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि 19 मार्च से शुरू हो रहे हैं जो 27 मार्च तक चलेंगे। चैत्र नवरात्रि शुरू होने से साथ ही नया हिंदू नववर्ष विक्रम संवत भी शुरू हो जाता है। नवरात्रि पर देवी दुर्गा के 9 अलग-अलग स्वरूपों की पूजा होती है। नौ दिनों तक लगातार देवी शक्ति की पूजा अर्चना करते हैं।19 मार्च को शुक्ल, ब्रह्म और सर्वार्थ सिद्धि योग का विशेष संयोग भी बन रहा है, जिसे अत्यंत शुभ माना जाता है। कलश स्थापना के लिए सुबह 6:02 से 8:40 बजे और 9:16 से 10:56 बजे तक का समय श्रेष्ठ बताया गया है।

**कई जगह सजेगा फूलों से मंदिर, जलेगी मनोकामना ज्योति, चुनरी यात्रा की मंदिरों में हो रही बुकिंग**


फाइल फोटो।

### घटस्थापना के मुहूर्त

नवरात्र के पहले दिन कलश स्थापना और घटस्थापना की जाती है। इस बार 19 मार्च को घटस्थापना का मुहूर्त सुबह 6 बजकर 02 मिनट से शुरू होकर सुबह 8 बजकर 40 मिनट तक रहेगा। अगर कोई इस मुहूर्त में घटस्थापना न कर पाए तो उनके लिए घटस्थापना अभिजीत मुहूर्त भी रहेगा। जिसका मुहूर्त दोपहर 12 बजकर 05 मिनट से लेकर 12 बजकर 53 मिनट तक रहेगा। हर बार नवरात्रि में देवी अलग-अलग वाहन पर आती हैं, और उस वाहन के हिसाब से अगले छह महीने की स्थिति का अंदाजा लगाया जाता है। इस बार मां दुर्गा पालकी पर सवार होकर आएंगी और विदाई हाथी पर होगी। ज्योतिषियों के अनुसार, पालकी पर मां दुर्गा का आना शुभ नहीं माना जाता है। नवरात्र में जीवन के समस्त भागों और समस्याओं पर नियंत्रण होता है।

### मां भवानी मंदिर में फूलों से होगा श्रृंगार

इस दौरान शहर के प्रमुख सोमवारा जय भवानी मंदिर में मातारानी का रोजाना फूलों से श्रृंगार किया जाएगा। इसके लिए कई क्विंटल फूलों की व्यवस्था मंदिर समिति व ट्रस्ट ने की है। गुलाब, गेंदा, सेवंती, सूरजमुखी सहित अन्य प्रजातियों के फूलों से श्रृंगार किया जाएगा। चैत्र नवरात्र के पूजन के दौरान इंटरनेट मीडिया पर लोग जय भवानी मंदिर में विराजी माता रानी के दर्शन कर सकेंगे।

### काली मंदिर में विशेष अनुष्ठान

काली मंदिर के इंचार्ज रजनीश सिंह बगवार ने बताया कि मंदिर में अभी साफ सफाई की जा रही है। चैत्र नवरात्र में मंदिर खुलने व बंद होने के समय में परिवर्तन कर दिया जाता है। मंदिर में विशेष अनुष्ठान किये जायेगे।

### यहां भी होंगे विभिन्न आयोजन

इसके अलावा शहर के, मां कालका मंदिर चूनाभट्टी, मां शीतला मंदिर कोटरा सुल्तानाबाद, नारियलखेड़ा , नव देवी मंदिर मालवीय नगर, नवदुर्गा मंदिर अशोका गार्डेन सहित शहर के सभी दुर्गा मंदिर मंदिरों में नवरात्र की तैयारियां शुरू हो गई हैं।

---

गौरीशंकर परिसर के सामने सब्जी मंडी में गंदगी का ढेर लगा होने की रहवासी ने दी थी सूचना

# गंदगी की शिकायत पर जोन-19 के एएचओ बोले-घर में सफाई की चिंता करें, शहर की नहीं

**एएचओ को कार्रवाई का भी डर नहीं, कहा- आपको जहां बोलना है बोल दीजिए, मैंने शहर का ठेका नहीं लिया है, मेरे पास फालतू समय नही है**

**निगम आयुक्त संस्कृति जैन स्वच्छता के लिए कर रही प्रयास, अधिकारी नहीं ले रहे सुध, जिनके ऊपर सफाई का जिम्मा, उनके ये हाल...**


गौरीशंकर परिसर के सामने सब्जी मंडी में गंदगी का ढेर।

हरिभूमि पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में सफाई व्यवस्था का जिम्मा निभाने वाले नगर निगम के एएचओ भी अब आम लोगों की शिकायतों को गंभीरता से लेने के बजाए बेतुके जवाब दे रहे हैं। इस तरह का एक मामला सोमवार को नगर निगम के जोन-19 में सामने आया। जहां गौरी शंकर परसिर में रहने वाले एक रहवासी ने सब्जी मंडी में कचरा बिखरा होने की सूचना जोन के एएचओ को दी।

इस पर उन्होंने उक्त रहवासी से पूछा कि क्या आपकी कॉलोनी में सफाई नहीं होती। तो उनसे कहा कि मैं तो गौरीशंकर परिसर में रहता हूं, वहां की बात नहीं कर रहा हूं, समस्या तो सब्जी मंडी की है! इस पर एएचओ बोले तो आप अपनी कॉलोनी की बात करिए, शहर की सफाई की बात क्यों कर रहे हैं। एएचओ ने अंत में यहां तक कह दिया कि आपको जहां बोलना है बोल दीजिए, मैंने शहर का ठेका नहीं लिया है। मेरे पास फालतू समय नही है। नगर निगम में जोन-19 के एएचओ रमाकांत यादव से जब इस संबंध में बात की गई तो उनका कहना था कि मैंने कोई गैर जिम्मेदारी वाली बात नहीं की। सफाई की जिम्मेदारी मेरी ही है। मेरा कहना ऐसा था कि सब्जी मंडी में रोज सफाई नहीं होती बल्कि एक दिन छोड़कर सफाई होती है। मैं सब्जी मंडी में कचरे की समस्या को दिखवा लेता हूं।

### एएचओ और रहवासी के बीच यह हुई बात

- **रहवासी**- एएचओ साहब जोन-19 बर्रई में गौरीशंकर परिसर के सामने सब्जी मंडी है, जिसमें गंदगी का ढेर लगा है, डस्ट के साथ पॉलीथिन और बची हुई सब्जी को फेंक दिया गया है। इसकी सफाई नहीं होती, कृपया दिखवा लें।
- **एएचओ**- आप कहां रहते हैं।
- **रहवासी**- मैं तो गौरीशंकर परिसर में रहता हूं।
- **एएचओ**- क्या आपकी कॉलोनी में सफाई नहीं होती।
- **रहवासी**- वहां की बात नहीं कर रहा हूं, समस्या तो सब्जी मंडी की है।
- **एएचओ**- तो आप अपनी कॉलोनी की बात करिए, शहर की सफाई की बात क्यों कर रहे हैं।
- **रहवासी**- मंडी तो मेरी कॉलोनी के सामने ही है। यहां गंदगी है। डस्ट से मुझे खांसी और सांस लेने में दिक्कत होती है। लोग भी परेशान होते हैं।
- **एएचओ**- आप अपने घर और कॉलोनी की बात करिए।
- **रहवासी**- ये क्या जवाब हुआ। शहर हमारा है। कहीं गंदगी की समस्या है तो आपको नहीं बता सकते क्या!
- **एएचओ**- नहीं आप अपनी कॉलोनी की बात करिए।
- **रहवासी**- आप इस जोन के एएचओ हैं, इसलिए आपको बता रहे हैं।
- **एएचओ**-शहर की चिंता मत करिए आप अपनी बात करिए।
- **रहवासी**- मैं शहर का नागरिक हूं। पूरा शहर मेरा है, क्या शहर की चिंता करना गलत है। सफाई के संबंध में निगम के उच्च अधिकारियों को बताना होगा, तब सुनवाई होगी।
- **एएचओ**- आपको जहां बोलना है बोल दीजिए, मैंने शहर का ठेका नहीं लिया है। मेरे पास फालतू समय नहीं है और फोन काट दिया।

### मार्निंग वॉक के दौरान दिखा कचरे का ढेर

गौरी शंकर परिसर में रहने वाले उक्त रहवासी सोमवार को मार्निंग वाक पर निकले थे। इसी दौरान उन्होंने देखा कि सब्जी मंडी परिसर में कचरा बिखरा हुआ है और गंदगी है। इस पर उन्होंने जोन के एएचओ को इस संबंध में जानकारी देने के लिए मोबाइल पर संपर्क किया था। आसपास स्कूल, आंगनबाड़ी, संजीवनी क्लीनिक सहित कई कॉलोनियां सब्जी मंडी के पास स्कूल, आंगनबाड़ी, संजीवनी क्लीनिक सहित बड़ी कॉलोनियां गौरी शंकर परिसर, स्वामी विवेकांनद कॉलोनी, सिल्वर स्टेट, सप्रिंग वेली, पार्क सिटी सहित कई ग्रामीण इलाके के लोग यहां से गुजरते हैं।

---

राशन के लिए बंद दुकान के सामने घंटों महिलाएं करती रही इंतजार

# ऐसी है शहर में राशन वितरण व्यवस्था राशन के लिए धूप में 3 घंटे इंतजार


राशन का इंतजार करती महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के दुर्गानगर क्षेत्र में जिला अदालत के पास स्थित बस्ती में सोमवार को राशन दुकान बंद रहने के कारण लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ा। चिलचिलाती धूप के बीच दर्जनों महिलाएं और छोटे बच्चे सड़क पर बैठकर घंटों तक राशन दुकान खुलने का इंतज़ार करते रहे, लेकिन लंबे समय तक दुकानदार का कोई पता नहीं था। स्थानीय महिलाओं ने बताया कि वे दोपहर 12 बजे से ही अपने राशन कार्ड लेकर दुकान के बाहर पहुंच गई थीं, ताकि समय पर राशन मिल सके, लेकिन दुकान बंद होने के कारण उन्हें धूप में ही इंतज़ार करना पड़ा।

तेज गर्मी और धूप के कारण महिलाएं और बच्चों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कुछ महिलाएं अपने छोटे बच्चों को लेकर सड़क किनारे बैठी रहीं और दुकान खुलने की उम्मीद में इंतज़ार करती रहीं।

**दोपहर 12 बजे से ही अपने राशन कार्ड लेकर दुकान के बाहर पहुंच गई थीं महिलाएं**

### हमेशा करना पड़ता है इंतजार

महिलाओं का कहना है कि राशन वितरण में इस तरह की लापरवाही पहले भी कई बार सामने आ चुकी है। कई बार तय समय पर दुकान नहीं खुलती, जिससे गरीब और मजदूर परिवारों को परेशानी उठानी पड़ती है। दिनभर काम करने वाले लोगों को राशन लेने के लिए घंटों इंतज़ार करना पड़ता है।

### समय पर नहीं खुलती दुकान

बस्ती के निवासियों ने बताया कि राशन दुकानों के संचालन के लिए शासन द्वारा समय निर्धारित किया गया है, लेकिन कई दुकानों पर इसका पालन नहीं होता। जब लोग शिकायत करते हैं तो भी स्थिति में खास सुधार नहीं होता।

### पहले पुल बोगदा पर राशन बांट रहे हैं, यहां से वहां जाएंगे

राशन दुकानदार शाहरुख खान ने बताया कि अभी मैं पुल बोगदा पर राशन बांट रहा हूं, फिर जाउंगा दुर्गा नगर राशन बांटने।

---

# सोम प्रदोष पर स्वर्ण आभूषणों से हुआ बटेश्वर का श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति द्वारा सोमवार को सोम प्रदोष के अवसर पर बाबा बटेश्वर का स्वर्ण आभूषणों एवं पांच प्रकार के फूलों से दिव्य श्रृंगार किया गया। समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया प्रदोष काल में बटेश्वर का गन्ने के रस, विजया एवं दूध से रुद्राभिषेक किया गया रात्रि 9 बजे पांच प्रकार के पांच कुंटल मोगरा, गुलाब एवं सेवंती के फूलों से दिव्य श्रृंगार कर महा आरती की गई। भजन संध्या के साथ प्रसादी भी वितरित की गई। इस अवसर पर शिशिर मित्तल, आकाश अग्रवाल, अभिषेक लाला, सौरभ जैन, अन्नू सोनी सहित बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद थे।


बाबा बटेश्वर।

---

पश्चिमी विक्षोव का सिस्टम पड़ा कमजोर, गर्मी ने फिर मारा जोर

# शहर में 35.2 डिग्री तापमान, फिर गर्मी ने पकड़ी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तेज गर्मी और लू के बीच रविवार और सोमवार को प्रदेश में बादल छाने से कई शहरों के तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि पश्चिमी विक्षोव का असर कम होने से बारिश नहीं हो सकी। अब दो दिन तापमान में दोबारा से बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी, हालांकि बुधवार और गुरुवार को बारिश का मौसम बन सकता है। सोमवार को नर्मदापुरम में सबसे ज्यादा 39.9 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जबकि दो दिन पहले यहां तापमान 40 डिग्री से अधिक हो गया था।

**अब दो दिन बाद बादल-बारिश का अनुमान**



### भोपाल में भी मिली गर्मी से राहत

पिछले 3 दिन से गर्म हवाओं की वजह से प्रदेश के बड़े शहरों में तापमान उछाल मार रहा था। जबकि रविवार से बादल छाने से शहरों में दो से तीन डिग्री तक तापमान गिर गया है। सोमवार को भोपाल में 35.2 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिक दिव्या सुरेंद्रन का कहना है कि 17 मार्च की रात से एक नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित कर सकता है। जिसका असर बुधवार और गुरुवार को देखने मिलेगा।

---

## बिना सुरक्षा इंतजामों के गोदाम में भरा प्लास्टिक प्रबंधक को जांच के निर्देश

**भोपाल।** मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के दो मामलों में संज्ञान लिया है। पहला मामला भोपाल शहर के भेल टाउनशिप क्षेत्र में बिना सुरक्षा इंतजामों एवं नियमों के ही गोदाम आदि किराये पर दिये जाने का है। आयोग के संज्ञान में आया है कि भेल नगर प्रशासन द्वारा रिहायशी इलाके के बीचों-बीच स्थित एक बड़े गोदाम को किराये पर दे दिया गया है। उक्त गोदाम में कई टन प्लास्टिक भरकर रखा गया है। ऐसे में कोई आपदा/दुर्घटना होने पर आग से बचाव के न्यूनतम सुरक्षा इंतजाम भी मौजूद नहीं है। इस कारण बड़ी दुर्घटना होने का खतरा बना हुआ है।

---

# 137वें पार्थिव शिवलिंग निर्माण महारुद्र अभिषेक यज्ञ से राजधानी हुई शिवमय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के बिट्टन मार्केट में चल रहे 137वें पार्थिव शिवलिंग निर्माण महारुद्र अभिषेक यज्ञ के पांचवें दिन का नजारा अद्भुत था। हर-हर महादेव के जयकारों और भक्ति रस से सराबोर वातावरण में सुप्रसिद्ध कथा वाचक गुरुदेव डॉ. अनिल देव प्रभाकर शास्त्री (बड़े भैया) के सान्निध्य में यह धार्मिक आयोजन चरम पर पहुंच गया। गुरुदेव दद्दाजी के विशेष कृपा पात्र सुप्रसिद्ध अभिनेता आशुतोष राणा और विधायक संजय पाठक मौजूद रहे। फिल्म अभिनेता आशुतोष राणा ने मिट्टी के पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण किया और महारुद्र अभिषेक में सहभागिता की।


पार्थिव शिवलिंग निर्माण करते अभिनेता आशुतोष राणा।

---

दारुल इफ्ता जाम-ए-एहतमाम मसाजिद कमेटी ने जारी किया फतवा

# प्रोस्टेट बीमारी में इमामत नहीं कर सकते शहर काजी, फतवे पर विवाद गहराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईद की नमाज से कुछ दिन पहले दारुल इफ्ता जामे एहतमाम मसाजिद कमेटी की ओर से जारी इस फतवे को लेकर विवाद गहरा गया है। सोशल मीडिया पर सामने आए एक फतवे में शहरकाजी सैय्यद मुश्ताक अली को निशाना बनाया गया है। इधर शहरकाजी का कहना है कि उनका इस मामले से कोई लेना देना नहीं है।

दरअसल दारुल इफ्ता जाम-ए-एहतमाम मसाजिद कमेटी भोपाल के नाम से जारी इस दस्तावेज में पूछे गए सवाल में लिखा है कि किसी शहर के काजी जो प्रोस्टेट की बीमारी से पीड़ित हैं और जिन्हें लघुशंका की बूंदें आने की समस्या है, क्या उनके पीछे नमाज पढ़ना सही होगा या नहीं। इसी सवाल के जवाब में फतवा जारी किया गया है।

### सुबह 10:30 बजे करेंगी प्रस्थान

जवाब में कहा गया है कि जिस व्यक्ति को लगातार लघुशंका टपकने जैसी बीमारी हो, उसे शरियत में माजूर माना जाता है। ऐसी स्थिति में वह व्यक्ति खुद नमाज पढ़ सकता है, लेकिन इमाम बनकर लोगों को नमाज नहीं पढ़ा सकता। इस मामले में शमशुल हसन का कहना है कि मंगलवार सुबह 11 बजे शाहजहांनाबाद थाने पहुंचकर इस मामले में एफआईआर दर्ज कराने की मांग करेंगे।

### नायब मुफ्ती ने जारी किया फतवा

यह फतवा 9 मार्च 2026 को नायब मुफ़्ती सैयद अहमद खान कासमी की ओर से जारी बताया गया है। जिस पर मुफ़्ती-ए-शहर भोपाल की मुहर भी लगी है। दस्तावेज के अनुसार सवाल भोपाल के पीरगेट निवासी सहेल अली की ओर से पूछा गया था। हालांकि पूरे दस्तावेज में कहीं भी भोपाल के मौजूदा शहर काजी का नाम नहीं है।

---

सरकार के निर्देश, जमीनी हकीकत अलग, अधिकारियों को आदेश का इंतजार

# गैस संकट के बीच केरोसिन की वापसी, वितरण व्यवस्था की तैयारियां शून्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश में एलपीजी सिलेंडरों की किल्लत के बीच केंद्र सरकार ने केरोसिन के वितरण के आदेश जारी किए हैं। हालांकि, केरोसिन की उपलब्धता, कीमत और वितरण व्यवस्था को लेकर अभी भी स्थिति स्पष्ट नहीं है, जिससे उपभोक्ताओं और राशन दुकानदारों के बीच असमंजस बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार कई राज्यों में वर्ष 2017 के बाद से केरोसिन वितरण बंद कर दिया गया था। मध्यप्रदेश में भी वर्ष 2021-22 के बाद सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के माध्यम से केरोसिन का वितरण पूरी तरह बंद हो गया था।


फाइल फोटो।

इसके बाद अधिकांश परिवारों ने केरोसिन से चलने वाले स्टोव का उपयोग बंद कर दिया और एलपीजी पर निर्भर हो गए।

वर्तमान में एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति प्रभावित होने के कारण कई शहरों में गैस के लिए लंबी कतारें लग रही हैं। हालात को देखते हुए केंद्र सरकार ने केरोसिन वितरण की बात कही है, लेकिन जमीनी स्तर पर इसकी व्यवस्था अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है।

राशन दुकान संचालकों का कहना है कि दुकानों पर केरोसिन वितरण की व्यवस्था ही मौजूद नहीं है। यह भी तय नहीं है कि केरोसिन सब्सिडी के साथ मिलेगा या बाजार दर पर। साथ ही यह भी स्पष्ट नहीं है कि किन उपभोक्ताओं को केरोसिन दिया जाएगा और दुकानदारों को किस दर पर इसकी आपूर्ति होगी।

दुकानदारों के मुताबिक अभी तक उन्हें वितरण की प्रक्रिया, मात्रा और कीमत को लेकर कोई स्पष्ट निर्देश नहीं मिले हैं। ऐसे में प्रदेश में केरोसिन का वितरण कैसे होगा, यह बड़ा सवाल बना हुआ है। फिलहाल सरकार के आदेश कागजों तक ही सीमित नजर आ रहे हैं और उपभोक्ताओं को राहत मिलने की स्थिति अभी दूर दिखाई दे रही है।

### शासन की गाइडलाइन का इंतजार कर रहे

फूड कंट्रोलर आकाश सिंह ने बताया कि सरकार की ओर से अभी केरोसिन वितरण को लेकर कोई स्पष्ट निर्देश प्राप्त नहीं हुए हैं। जैसे ही शासन से आधिकारिक गाइडलाइन मिलेगी, उसके अनुरूप प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि विभाग के पास केरोसिन रखने की व्यवस्था उपलब्ध है और सरकार के निर्देश मिलते ही वितरण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। फिलहाल विभाग शासन की गाइडलाइन का इंतजार कर रहा है।

## रेस्टोरेंट में मिले 25 सिलेंडर, महिला ने टीम को रोका, एक घंटे चला हाई वोल्टेज ड्रामा

### गांधी नगर में एक घंटे तक घर के बाहर खड़े रहे खाद्य अफसर, पुलिस को भी करना पड़ी जद्दोजहद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में घरेलू गैस सिलेंडरों की किल्लत 9वें दिन भी दूर नहीं हो सकी। उपभोक्ताओं को घर का चूल्हा जलाने के लिए एजेंसी और गोदामों पर सिलेंडर लेकर घंटों लाइन में लगना पड़ा। पिछले आठ दिन से एजेंसी संचालक घर पहुंच सेवा नहीं दे रहे हैं, जिसकी वजह से एजेंसियों पर लाइन लग रही है। इधर सोमवार को सिलेंडरों की कालाबाजारी को पकड़ने निकली जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन की टीम को भी परेशानी झेलनी पड़ी।

टीम जब गांधीनगर में एक महिला के घर पर पहुंची, तो महिला ने एक घंटे तक घर का दरवाजा नहीं खोला। जिसके बाद टीम को पुलिस बुलानी पड़ी, तब भी आधा घंटे बाद दरवाजा खुला। टीम ने महिला के कब्जे से 15 सिलेंडर जब्त किए।

9वें दिन भी उपभोक्ताओं को घंटों इंतजार करना पड़ा

घर सिलेंडर नहीं भेज रही एजेंसी कलेक्टर बोले रिबेट दिलवाएंगे

**इन रेस्टोरेंट और होटल से जब्त किए गए घरेलू सिलेंडर**


गांधी नगर से जब्त सिलेंडर।

इधर गांधी नगर के देवश्री रेस्टॉरेंट से 25 सिलेंडर जब्त किए हैं। इधर वहीं राधेश्याम होटल के मालिक राधेश्याम अहिरवार से तीन गैस सिलिंडर, जिसमें दो व्यावसायिक और एक घरेलू शामिल हैं, उनके द्वारा इनका उपयोग नाश्ता खाना के लिए किया जा रहा था। इसी तरह नौशाद नूडल पाइंट से नौशाद अली से दो घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए हैं।

**अब तक 600 से ज्यादा सिलेंडर जब्त**

सोमवार को टीम गांधी नगर इलाके के देवश्री रेस्त्रां पहुंची। संचालक के यहां 25 सिलेंडर रखे होने की जानकारी के बाद उन्हें अंदर जाने से रोक दिया। टीम के सदस्यों ने घर में घुसकर सिलेंडर जब्त किए। वहीं इसी इलाके में टीम से एक महिला का विवाद हो गया। उसने हंगामा खड़ा कर दिया। यहां से 15 सिलेंडर जब्त किए गए। जिला आपूर्ति नियंत्रक का कहना है कि पुलिस के आने के बाद घर में लगे ताले को खोला गया। इसके बाद सिलेंडर जब्त किए। अब तक करीब 600 से ज्यादा सिलेंडर जब्त किए गए हैं।

**उपभोक्ताओं को दिलावाएंगे रिबेट**

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह का कहना है कि जिन उपभोक्ताओं की ऑनलाइन बुकिंग हो गई है। उनको समय पर सिलेंडर की डिलीवरी की जाएगी। अगर कोई उपभोक्ता सिलेंडर लेने के लिए एजेंसी तक आता है, तो उसको घर पहुंच सेवा का रिबेट दिलवाया जाएगा। इसकी निगरानी करने की हिदायत कंट्रोलर को दी गई है।

## कचरे के ढेर में लगी आग तेज हवा से फैली

## आदमपुर कचरा खंती में लगी आग, 20 फीट ऊंची उठीं लपटें 10 किमी दूर से दिखा धुआं

आसपास के ग्रामीण इलाकों में फैली दशहत, मौके पर पहुंच निगम अधिकारी

6 लाख टन कचरे का लगा है ढेर शहर से रोज पहुंचता है 850 टन कचरा

कचरे के ढेर से 200 मीटर की दूरी पर है ग्रामीण इलाका, दुर्गंध से स्वास्थ्य पर असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी से लगे आदमपुर कचरा खंती में सोमवार को दोपहर करीब तीन बजे भीषण आग लग गई। आग की लपटें 20 फीट तक उंची उठीं और धुआं दस किलोमीटर दूर से दिखाई दिया। आसमान पर काला घना धुआं छा गया। इसे देख आसपास लगे ग्रामीण इलाकों में दहशत फैल गई। जैसे की कचरे के ढेर से धुआं निकलते कर्मचारियों ने देखा, तत्काल मौके पर मौजूद दमकलें आग पर काबू पाने में जुट गईं, लेकिन तेज हवा के चलते आग भड़क गई। गनीमत रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। खंती परिसर में छह लाख टन कचरे का पहाड़ है। यहां रोजाना शहर से 850 टन कचरा पहुंचता है।

निगम के फायर अधिकारी सौरभ पटेल ने बताया कि दोपहर जैसे ही कचरे के ढेर से धुआं निकलता नजर आया तत्काल कर्मचारियों ने परिसर में मौजूद दमकल कर्मियों को सूचना दी। चार दमकलें तुरंत आग पर काबू पाने में जुट गईं, जबकि एक दमकल शहर से मौके पर पहुंची। तेज हवा के कारण आग पर काबू पाने के लिए फायर फाइटर को मशक्कत करना पड़ी। आग का फैलाव रोकने के लिए अलग-अलग दिशाओं से पानी डाला गया। एहतियात के तौर पर फायर अमले को अलर्ट पर रखा गया है। मौके पर रात पर निगरानी की जाएगी ताकि किसी तरह की अनहोनी न हो सके।



**गाइडलाइन के अधिकांश प्रावधानों का पालन नहीं**

पर्यावरणविद् डॉ. सुभाष सी पांडे ने बताया कि बीते दो साल में आग की 8 घटनाएं हुईं हैं। हालांकि छोटी-मोटी आग तो आए दिन लगती है। सीपीसीबी की रिपोर्ट बताती है कि निगम के पास 3.5 लाख लीटर का पानी टैंक, फायर फाइटिंग वाहन और बोरवेल हैं, लेकिन 2022 में सीपीसीबी द्वारा जारी की गई गाइडलाइंस के अधिकांश प्रावधानों का पालन नहीं किया गया है। आग की रोकथाम के लिए पर्याप्त निगरानी, गैस डिटेक्टर और तापमान रिकार्डिंग की व्यवस्था भी नहीं है।

**25 मार्च को होना है सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई**

आदमपुर खंती मामले में 25 मार्च को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होना है। पांडे ने बताया कि आदमपुर कचरा खंती में कचरे के ढेर और बार-बार लग रही आग की वजह से खंती के एक किलोमीटर के दायरे में भूजल और हवा प्रदूषित हुई है।

**ग्रामीण इलाकों में पानी पीने लायक तक नहीं**

आदमपुर खंती से लगे गांव आदमपुर छावनी, शांत नगर, पठार सहित अन्य ग्रामीण इलाकों में भू-जल दूषित होने के कारण पानी पीने लायक तक नहीं है। इन इलाकों में नगर निगम के टैंकरों से पानी सप्लाई होता है। वातावरण दूषित होने के कारण सीधा प्रभाव ग्रामीणों पर पड़ रहा है।

**खबर संक्षेप**

**आज भोपाल-विदिशा रेलवे ओवर ब्रिज पर ट्रैफिक रहेगा बंद**

**भोपाल।** एमपीआरडीसी द्वारा सूखी सेवनिया से पटेल नगर बायपास मार्ग के छतिग्रस्त रेलवे ओवर ब्रिज (भोपाल विदिशा रेलवे लाइन) पुनः निर्माण किया जा रहा है। इस कारण मंगलवार से ब्रिज पर यातायात बंद रहेगा। इसके चलते बाईपास से निकलने वाले सभी प्रकार के मालवाहक वाहन सूखी सेवनिया (विदिशा रोड) चौराहे से बाये मुड़कर सलामतपुर, सांची रायसेन बिलखिरिया होकर पटेल नगर रायसेन रोड चौराहा, 11 मील, नर्मदापुरम होकर ही आ-जा सकेंगे। सभी प्रकार सवारी बसें दो एवं चार पहिया वाहन शहर के अंदर नर्मदापुरम रोड से आरआरएल ब्रिज के नीचे से आईएसबीटी तक आ-जा सकेंगें। जो बसें रायसेन रोड से आएगी वह पटेल नगर चौराहे से आनंद नगर पिपलानी रोड होकर आ-जा सकेंगें।

**जनगणना-2027 को लेकर हैन्डस ऑन प्रशिक्षण कार्यक्रम**

**भोपाल।** जनगणना-2027 के परिपेक्ष्य में मकान सूचीकरण कार्य के दौरान मकान सूचीकरण ब्लाक के गठन एवं आवंटन, प्रगणक-पर्यवेक्षकों को नियुक्ति आदेश तथा परिचय पत्र के वितरण के संबंध में हैन्डस ऑन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण जनगणना कार्य निदेशालय की ओर से यशस्वी एवं राहुल (लेखा अनुभाग)ने प्रदान किया।

## बजट से पहले एमआईसी की बैठक में अहम मुददों पर चर्चा हुई

# परिषद में जाएगा आदमपुर खंती के लेगेसी वेस्ट और शहर में 14 नई पार्किंग का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम में सोमवार को मेयर-इन-काउंसिल की बैठक में शहर की कई अहम योजनाओं पर चर्चा की गई। बैठक में आदमपुर छावनी लैंडफिल साइट पर वर्षों से जमा लेगेसी वेस्ट को हटाने के प्रस्ताव को मंजूरी के लिए परिषद की बैठक में भेजने का निर्णय लिया गया। शहर में पार्किंग की समस्या लेकर 14 स्थानों पर पार्किंग व्यवस्था को लेकर एमआईसी में चर्चा हुई। महापौर मालती राय, आयुक्त संस्कृति जैन की मौजूदगी में हुई बैठक में आवासी परियोजनाओं को गति देने कई निर्माण एजेंसियों को समयवृद्धि के प्रस्ताव पर चर्चा की गई।

आदमपुर कचरा खंती में जमा पुराने कचरे के पहाड़ को हटाने की योजना पर चर्चा हुई। निगम प्रशासन के अनुसार खंती में लाखों टन लेगेसी वेस्ट जमा है, जिससे बार-बार आग लगने और प्रदूषण की समस्या सामने आती रहती है। प्रस्ताव के तहत पुराने कचरे को बायो-माइनिंग और प्रोसेसिंग के जरिए हटाने की योजना बनाई गई है। इस कार्य के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू करने और आगे की कार्रवाई के लिए प्रस्ताव परिषद की बैठक में रखा जाएगा। परिषद की मंजूरी मिलने के बाद इस दिशा में काम आगे बढ़ सकेगा।

आवासों की बेस प्राइस 20 लाख से बढ़ाकर 30 लाख और एमआईजी की बेस प्राइस 25 लाख से बढ़ाकर 36 लाख रुपए करने का सुझाव

**शहर के 14 स्थानों पर नई पार्किंग व्यवस्था विकसित करने का प्रस्ताव**


मेयर इन काउंसिल की बैठक में चर्चा करते जनप्रतिनिधि व अधिकारी।

बैठक में बागमुगालिया स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना परियोजना में रिक्त पड़े एलआईजी और एमआईजी आवासों की बेस प्राइस बढ़ाने का प्रस्ताव भी एमआईसी में आया। प्रस्ताव के अनुसार एलआईजी आवासों की बेस प्राइस 20 लाख रुपए से बढ़ाकर 30 लाख रुपए और एमआईजी आवासों की बेस प्राइस 25 लाख रुपए से बढ़ाकर 36 लाख रुपए करने का सुझाव दिया गया है। अब इसके बाद इन आवासों के लिए दोबारा निविदाएं आमंत्रित की जाएंगी।

**बजट से पहले बैठक इसलिए अहम**

शहर की बुनियादी सुविधाओं और आवास योजनाओं से जुड़े कई लंबित प्रस्तावों पर चर्चा अहम मानी जा रही है। अब इन प्रस्तावों को अंतिम मंजूरी के लिए निगम परिषद की बैठक में रखा जाएगा। परिषद की स्वीकृति मिलने के बाद योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

**23 को पेश होगा नगर निगम का वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट**


*नगर निगम भोपाल का वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट 23 मार्च को नगर निगम परिषद की बैठक में पेश किया जाएगा। महापौर मालती राय बजट प्रस्तुत करेंगी। इस बार निगम प्रशासन ने शहरवासियों को राहत देते हुए किसी भी नए टैक्स या कर वृद्धि का प्रस्ताव नहीं रखने का संकेत दिया है। बजट का मुख्य फोकस शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और विकास कार्यों को गति देने पर रहेगा। बजट में शहर की सड़कों के निर्माण और मरम्मत, पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाने, बिजली से जुड़ी नगर निगम की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने तथा स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष जोर रहेगा। इसके साथ ही शहर में हरियाली बढ़ाने के लिए ग्रीन बेल्ट के विकास और प्रमुख मार्गों व चौराहों के सौंदर्यीकरण के लिए भी प्रावधान किए जाने की संभावना है।*

**हाउसिंग फॉर ऑल परियोजनाओं में समयवृद्धि**

- *आलमनगर आवासीय सह व्यवसायिक परियोजना: मेसर्स साईं कंस्ट्रक्शन को 16 दिसंबर 2025 से 15 मार्च 2026 तक समयवृद्धि।*
- *हिनोतिया आलम फेस-2 परियोजना: मेसर्स एसआरएस इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स को 6 अक्टूबर 2025 से 5 अक्टूबर 2026 तक एक वर्ष का अतिरिक्त समय।*
- *कलखेड़ा आवासीय परियोजना: मेसर्स एस्कॉन इन्फ्राटेक को 31 दिसंबर 2025 से 30 सितंबर 2026 तक 9 माह की चौथी समयवृद्धि।*
- *रासलाखेड़ी आवासीय परियोजना: मेसर्स गार्डन पैराडाइज को 1 जनवरी 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक समयवृद्धि।*
- *12 नंबर बस स्टॉप आवासीय सह व्यवसायिक परियोजना: मेसर्स साईं कंस्ट्रक्शन को 3 जुलाई 2025 से 1 जुलाई 2026 तक 12 माह का अतिरिक्त समय।*
- *गंगानगर-श्यामनगर आवासीय परियोजना: मेसर्स एसआरएस इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स को 6 दिसंबर 2025 से 4 अगस्त 2026 तक 8 माह की समयवृद्धि।*

## वाटर सप्लाई का शेड्यूल बिगड़ा

## 2.50 लाख गैलन क्षमता का फिल्टर प्लांट तोड़ा, पुराने शहर में पानी की किल्लत


फिल्टर प्लांट और स्टोरेज टैंक को तोड़ा।

कम दबाव से एवं कम समय पानी आने की शिकायतें, पार्षद बोले- जल्द व्यवस्था नहीं सुधरी तो करेंगे धरना-प्रदर्शन

निगम का तर्क- अमृत 2.0 के तहत नया बनेगा, वाटर सप्लाई का शेड्यूल थोड़ा बिगड़ा, जल्द सुधर जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के ईदगाह हिल्स स्थित 2.50 लाख गैलन क्षमता का फिल्टर प्लांट और स्टोरेज टैंक को तोड़े जाने के बाद पुराने शहर के कई इलाकों में पानी की किल्लत हो गई है। शाहजहांनाबाद, परी पार्क, इस्लामी गेट, नूर महल सहित कई इलाकों में कम दबाव से कम समय पानी सप्लाई होने से लोग परेशान हैं।

वार्ड-8 की पार्षद रेहाना सुल्तान और पार्षद प्रतिनिधि मो जहीर ने प्लांट का निरीक्षण किया और उक्त प्लांट को पूरी तरह से तोड़कर नया बनाए जाने को लेकर विरोध किया। उनका कहना था कि जब प्लांट को तोड़कर नया बनाया जाना था तो बिना प्लानिंग के यह काम कैसे शुरू कर दिया। उनका कहना है कि अगर जल्द व्यवस्था नहीं सुधरी तो धरना-प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना प्लानिंग के पानी की टंकियां, स्टोरेज टैंक और फिल्टर प्लांट तोड़ने से पुराने शहर के बड़े क्षेत्र में जल संकट गहरा गया है।

**नया फिल्टर प्लांट बनाना था तो पहले वैकल्पिक व्यवस्था करना थी**

वार्ड-8 की पार्षद रेहाना सुल्तान का कहना है कि बिना प्लानिंग के पानी की टंकियां, स्टोरेज टैंक और फिल्टर प्लांट तोड़ने से जल संकट की स्थिति बनी है। वर्ष 2014-15 में करीब 9 से 10 लाख लीटर क्षमता की पानी की टंकी तोड़ी गई थी। इसके बाद वर्ष 2025-26 में करीब 2.5 लाख गैलन क्षमता का स्टोरेज टैंक और 3 एमजीडी क्षमता का फिल्टर प्लांट भी तोड़ दिया गया। नई टंकी या फिल्टर प्लांट बनाना था तो पहले वैकल्पिक व्यवस्था की जानी चाहिए थी।

**निगम का तर्क- अमृत 2.0 में नया बन रहा है फिल्टर प्लांट**

नगर निगम के अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग का कहना है कि अमृत 2.0 योजना के तहत ईदगाह हिल्स स्थित पुराने फिल्टर प्लांट को तोड़ा जा रहा है। उसकी जगह नया आधुनिक फिल्टर प्लांट बनाया जाएगा। पानी सप्लाई की टाइमिंग जरूर गड़बड़ हो गई है, उसे भी जल्द व्यवस्थित कर दिया जाएगा और लोगों को पर्याप्त पानी मिलेगा। शहर में कहीं भी जल संकट की स्थिति नहीं है।

## नापतौल विभाग को सिलेंडर से उड़ाने की धमकी, नहीं मिला बम

### बम डिस्पोजल स्कॉड सहित एमपी नगर पुलिस ने की सर्चिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में पीपुल्स यूनिवर्सिटी और एम्स के बाद अब एमपी नगर में स्थित नापतौल विभाग के कार्यालय को साइनाइड गैस बम से उड़ाने की धमकी देने का मामला सामने आया है।

धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद विभाग में अफरा-तफरी मच गई। कर्मचारी इस खबर के बाद तीन घंटे तक दफ्तर के बाहर बैठे रहे। बम डिस्पोजल स्कॉड सहित पुलिस की टीम ने मौके पर सर्चिंग की। हालांकि बम नहीं मिला।



**धमकी के बाद कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों को बाहर निकाला**

सोमवार सुबह करीब नौ बजे ई-मेल से धमकी मिली थी। जिसमें बताया गया था कि नापतौल विभाग भोपाल में साइनाइड गैस से भरे 16 सिलेंडर रख दिए गए हैं। दोपहर एक बजे वह फटेंगे। सूचना मिलते ही पुलिस के साथ बम स्क्वॉड टीम मौके पर पहुंच गई थी। कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों को बाहर निकाला गया। हालांकि सर्चिंग में धमकी गलत पाई गई। मौके पर कोई सिलेंडर नहीं मिले। पुलिस ई-मेल करने वाले व्यक्ति की तलाश में जुटी है।


बम की सूचना के बाद बाहर बैठा स्टाफ।

### कई भवन 40 साल से ज्यादा पुराने, कई जर्जर इमारतें भी इसी क्षेत्र में

# भोपाल मेट्रो टनल रूट पर पुराने भवनों में लगेंगे सेंसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल मेट्रो के लिए रेलवे स्टेशन पर टनल बोरिंग मशीन से अंडरग्राउंड कॉरिडोर बनाने की तैयारियां चल रही हैं। 65 फीट की गहराई में रोज 15 मीटर चलेगी टीबीएम चलेगी। पुल पातरा से सिंधी कॉलोनी तक 3.9 किमी लंबा अंडरग्राउंड कारिडोर होगा। इस रूट के दायरे में आ रहे पुराने भवनों में सेंसर लगाए जाएंगे।

टनल रूट पर हमीदिया रोड व भारत टॉकीज रोड पर कई भवन ऐसे हैं, जो 40 साल से ज्यादा पुराने हैं। कई जर्जर इमारतें भी इसी रूट पर हैं। मेट्रो प्रबंधन का कहना है कि टीबीएम आधुनिक मशीन है। इससे कंपन बेहद कम होगा। निर्माण पूरी तरह से सुरक्षित रहेगा। किसी भी इमारत को किसी भी तरह की खतरे की कोई आशंका नहीं है।

पुल पातरा से सिंधी कॉलोनी तक 3.9 किमी लंबा अंडरग्राउंड कॉरिडोर होगा

65 फीट की गहराई में रोज 15 मीटर चलेगी टनल बोरिंग मशीन

**मेट्रो प्रबंधन का दावा: आधुनिक टीबीएम से बेहद कम होगा कंपन**


टनल रूट पर कई पुरानी इमारतें मौजूद है।

मेट्रो प्रशासन का कहना है कि जिन मशीनों से काम होना है वे आधुनिक तकनीक से लैस हैं और टनल भवनों के नीचे नहीं कुछ दूरी पर बनना है। इसलिए कंपन से कोई नुकसान नहीं होगा। टनल की गहराई सतह से 6.5 मीटर से लेकर 20 मीटर तक होगी जो संरचनात्मक सुरक्षा के लिहाज से पर्याप्त है। जब टीबीएम जमीन के नीचे 65 फीट की गहराई पर काम करती है, तब सतह पर कंपन की तीव्रता सड़क पर गुजरने वाले एक भारी ट्रक या बस से पैदा होने वाले कंपन के बराबर या उससे भी कम रहेगी। यह लगभग 0.5 एमएम-एस से 1.5 एमएम-एस के बीच रहेगा। रिहायशी इलाकों के लिए 5 एमएम-एस तक का कंपन सुरक्षित माना जाता है, जबकि टीबीएम का स्तर इससे कहीं नीचे रहेगा।

**कंपन तय सीमा से ज्यादा तो गति को करेंगे नियंत्रित**

टीबीएम मशीन, जिन्हें न्यूनतम शोर और कंपन के लिए डिजाइन किया गया है। मेट्रो प्रबंधन टनल रूट पर आने वाली पुरानी इमारतों में विशेष सेंसर लगाएगा। यह सेंसर 24 घंटे कंपन के स्तर को रिकार्ड करेंगे और यदि कंपन तय सीमा से थोड़ा भी ऊपर जाता है तो मशीन की गति को तुरंत नियंत्रित किया जाएगा।

तीन संदिग्ध हिरासत में, आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का पुलिस कर रही दावा

# शंकर गार्डन और हमीदिया अस्पताल में फायरिंग करने वाले मुख्य आरोपी शादाब गेट पर तीस हजार का इनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अशोका गार्डन में रहने वाले कुख्यात बदमाश लल्लू रईस के बेटे इमरान पर फायरिंग करने वाले संदिग्ध पुलिस हिरासत में है। हालांकि पुलिस ने गिरफ्तारी की बात से इंकार किया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी शादाब गेट पर तीस हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अशोका गार्डन, कोहेफिजा पुलिस के अलावा क्राइम ब्रांच की टीम लगी हुई है।



अरशद उर्फ गुड्डु स्टेशन, आरोपी

सूत्रों की माने तो अरशद उर्फ गुड्डु स्टेशन आदतन बदमाश है। जुआ सट्टा, लूट डकैती, हत्या के प्रयास सहित कुल डेढ़ दर्जन से अधिक अपराध दर्ज है। आरोपी पर जिला बदर की कार्रवाई भी की जा चुकी है। इधर, लल्लू रईस गोली लगने के बाद जब अपने बेटे इमरान को हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचा तो वहां तीन से चार पुलिसकर्मी मौजूद थे, लेकिन किसी के पास भी आर्म्स नहीं था। लिजाहा अस्पताल के सामने आरोपी अरशद, उर्फ गुड्डु स्टेशन, शाहवर और सादाब एक्टिवा से हमीदिया अस्पताल तक पहुंच गए और वहां इमरजेंसी वार्ड के सामने फायरिंग की। फायरिंग होने से गोली गेट के कांच पर लगी थी।

### लल्लू रईस पर भी 70 से ज्यादा अपराध

इस गैंगवार में पुलिस की बड़ी खामी सामने आई है। अशोका गार्डन से होते हुए आरोपी चार थाना क्षेत्रों की सीमा से होते हुए हमीदिया अस्पताल तक पहुंच गए थे, लेकिन आरोपियों की धरपकड़ के लिए कोई इंतजाम नहीं किए गए। इसके अलावा आरोपी गुड्डु स्टेशन के मोबाइल की सीडीआर निकलवाई गई। सीडीआर के बाद क्राइम ब्रांच के कुछ पुलिसकर्मियों पर भी गाज गिर सकती है। सीडीआर में कुछ पुलिसकर्मियों की गुड्डु स्टेशन से बातचीत होने की पुष्टि हुई है। सीडीआर में क्राइम ब्रांच के पुलिसकर्मियों के नाम आने के बाद अधिकारियों ने चुप्पी साध ली है।

### अस्पताल में भी सुरक्षा व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

हमीदिया अस्पताल में अक्सर विवाद की स्थिति को देखते हुए पुलिस चौकी बनाई गई। इस पुलिस चौकी पर पूरे समय पुलिसकर्मी मौजूद नहीं रहते हैं। इसके अलावा हमीदिया अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था में लगाए गए गार्ड फायरिंग होने के बाद भी कुछ नहीं कर सके। गनीमत रही कि गैंगवार में हुई इस फायरिंग से किसी बेकसूर की जान नहीं गई।

पुलिस को कमरे से 10 लाइन का लिखा एक सुसाइड नोट मिला

# कर्ज और बीमारी से परेशान होकर रिटायर्ड डाककर्मी ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित आचार्य नरेंद्र देव नगर में कर्ज और बीमारी से परेशान 72 साल के रिटायर्ड डाककर्मी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार दोपहर मायके से आई बेटी ने उनका शव बंद कमरे में लटका देखा। उन्हें फंदे से उतारकर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी पहले ही मौत हो चुकी थी। पुलिस को कमरे से 10 लाइन का लिखा एक सुसाइड नोट मिला है। उसमें कर्ज और बीमारी से परेशान होने का जिक्र किया गया है। मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार आचार्य नरेन्द्र देव नगर निवासी रमेश सेन (72) पोस्ट ऑफिस के रिटायर्ड कर्मचारी थे। उनके दो बेटे और एक बेटी है। तीनों की शादी हो चुकी है। एक बेटा उनके साथ ही रहता है, जबकि दूसरा बेटा परिवार के साथ अवधपुरी में रहते हैं। रमेश सेन दूसरी मंजिल पर अकेले रहते थे, जबकि पत्नी का अधिकतर समय बेटे-बहू के साथ ग्राउंड फ्लोर पर गुजरता है। रमेश सेन ब्लड प्रेशर व शुगर की बीमारी से पीड़ित थे और शराब भी पीते थे। सोमवार दोपहर उनकी बेटी ससुराल से मायके आई थी। बेटी ने देखा कि काफी देर से पिता ने अपने कमरे का दरवाजा नहीं खोला है। लिहाजा बेटी समेत अन्य परिजनों ने दरवाजा खुलवाना चाहा। भीतर से कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई। दोपहर करीब डेढ़ बजे किसी तरह दरवाजा खोला गया तो रमेश सेन साड़ी के फंदे पर लटके नजर आए।

**जांच के लिए हैंड राइटिंग एक्सपर्ट के पास भेजा सुसाइड नोट**

### पेंशन बेचकर कर्ज चुका देना

एसआई गणपत सिंह ने बताया कि कमरे से 8-10 लाइन का एक सुसाइड नोट मिला है। उसमें लिखा है कि मेरे परिवार के लोगों को परेशान न किया जाए। अपनी मर्जी से आत्महत्या कर रहा हूं। परिजनों से भी माफी मांगी है। इसके अलावा लिखा है कि मेरे ऊपर चढ़ा कर्ज मेरी पेंशन बेचकर चुका दिया जाए। पुलिस ने सुसाइड नोट जांच के लिए हैंड राइटिंग एक्सपर्ट के पास भेज दिया है।

## खबर संक्षेप

### पुष्प ब्रांड के उत्पादों के नकली, अवैध निर्माण और वितरण पर की कार्रवाई

**भोपाल।** पुष्प ब्रांड इंडिया लिमिटेड ने मध्य प्रदेश के सिंघाना तहसील मनावर जिला धार में स्थित सिंघाना फार्मर्स ब्रांड (कृषि सर्जन किसान उत्पादक प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड) नामक संस्था द्वारा नकली उत्पादों के अवैध निर्माण और वितरण के विरुद्ध निर्णायक कानूनी एवं प्रवर्तनात्मक कार्रवाई की है। कंपनी की प्रतिष्ठा और बाजार में उसके अधिकारों की रक्षा हेतु पुष्प ब्रांड इंडिया लिमिटेड ने अपने लीगल सलाहकार किंशुक लीगल के माध्यम से मप्र इंदौर के वाणिज्यिक न्यायालय में वाद दायर किया। न्यायालय ने माना कि पुष्प ब्रांड इंडिया लिमिटेड की मूल कलाकृतियों और प्रतिवादी की कलाकृतियों में अत्यधिक समानता है। तदनुसार, न्यायालय ने कंपनी के पक्ष में अंतरिम स्थगन आदेश (स्टे) पारित किया। एक न्यायालय आयुक्त (कोर्ट कमिश्नर) मनिष नागर अधिवक्ता की नियुक्ति की और प्रतिवादियों के परिसर में तलाशी और जब्ती की कार्रवाई के आदेश दिए। न्यायालय के आदेशानुसार मध्य प्रदेश के सिंघाना तह. मनावर जिला धार स्थित प्रतिवादी के परिसर पर छापामारी की गई, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी मात्रा में नकली उत्पाद जब्त किए गए।

### ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दरबार ने की सिंघार से भेंट



**औबेदुल्लागंज।** मध्य प्रदेश के विपक्ष के नेता उमंग सिंघार से औबेदुल्लागंज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इमारत सिंह दरबार की भोजपुर विस क्षेत्र के संबंध में चर्चा की। दरबार ने कांग्रेस नेता उमंग सिंगार को बताया की आदिवासी 70,000 के लगभग मतदाता है। कांग्रेस नेता उमंग सिंघार ने दरबार से कहां की आप तैयारी करो, क्षेत्र का दौरा करो, कांग्रेस को मजबूत करो।

### पारस कुंवर बाई पटवा की शोक सभा आज

**औबेदुल्लागंज।** भोजपुर मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, वरिष्ठ पार्षद दीपू परमार, युवा नेता जीतू नंदवंशी, मनोज चौरसिया, पुरुषोत्तम शर्मा आदि ने बताया कि 17 मार्च को शाम 4 बजे विधायक सुरेंद्र पटवा के निवास पर उनकी माता पारस कुंवर बाई पटवा की शोक सभा रखी गई है। पारस कुंवर बाई पटवा भोजपुर क्षेत्र में सभी के लिए माँ तुल्य पूजनीय थीं। पूर्व मंत्री प्रदेश के भाजपा उपाध्यक्ष डॉ. प्रभु राम चौधरी, पूर्व मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा, सुरजीत सिंह गिल, वरिष्ठ नेता नरेंद्र शर्मा, कन्हैया नंदवंशी, डॉक्टर कैलाश विनय, विद्या अग्रवाल आदि ने दुख व्यक्त किया।

रोहित नगर में रविवार रात बदमाशों ने की वारदात

# पत्नी के साथ खरीदारी कर लौट रहे एयरफोर्स के रिटायर्ड कैप्टन का बदमाश ने मोबाइल झपटा

**दौड़कर बदमाशों का किया पीछा, तेजी से बाइक चलाकर भागे झपटमार**

**बदमाशों को तलाश करने सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक कर रही पुलिस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित रोहित नगर में रविवार रात पत्नी के साथ खरीदारी कर लौट रहे वायु सेना के रिटायर्ड ग्रुप कैप्टन के हाथ से बाइक सवार दो बदमाशों ने मोबाइल झपट लिया। घटना के समय वह खरीदारी करने के बाद सामान लेकर कार की ओर जा रहे थे।

उन्होंने दौड़कर आरोपियों का पीछा किया, लेकिन आरोपी तेजी से बाइक चलाकर भाग निकले। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बदमाशों की तलाश करने पुलिस घटनास्थल और उस ओर आने-जाने वाले मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक कर रही हैं। पुलिस के अनुसार ब्लू स्काई हाईराइज, आकृति ईको सिटी शाहपुरा निवासी रामेश्वर प्रसाद दुबे (57) भारतीय वायु सेना से ग्रुप कैप्टन के पद से रिटायर्ड हैं।

रविवार रात करीब साढ़े 9 बजे वह पत्नी रैना दुबे के साथ रोहित नगर स्थित मीराज शोरूम गए थे। वहां से खरीदारी करने के बाद शोरूम से कुछ दूरी पर खड़ी के पास जा रहे थे। इसी बीच उनके मोबाइल पर कॉल आया। वह मोबाइल पर बात करते हुए कार के पास बढ़ें थे, तभी बाइक सवार दो बदमाशों ने उनके हाथ पर झपट्टा मारते हुए मोबाइल छीन लिया। थाना प्रभारी संतोष मरकाम ने बताया कि फुटेज चेक कर रहे हैं। झपटे गए मोबाइल की कीमत 75 हजार रुपए बताई जा रही है।

### जमानत मिलने के बाद 24 साल में एक बार भी कोर्ट में पेश ही नहीं हुआ सजायाफ्ता

पत्नी के प्रेमी की हत्या करने वाले हत्यारे नवाब सेंटिंग पर डीसीपी जोन-1 ने दस हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। दरअसल, 1990 में पत्नी के चरित्र संदेह करने वाले नवाब सेंटिंग में हिनौतिया में रहने वाले एक युवक की हत्या कर दी थी। दो साल कोर्ट में चले केस के बाद उसे सजा सुनाई गई। जेल में रहने के बाद परिजन ने हाई कोर्ट में जमानत याचिका लगाई थी। हाईकोर्ट से उसे 2001 में जमानत मिल गई। जमानत मिलने के बाद आरोपी 24 साल में कभी कोर्ट में पेश नहीं हुआ। लिहाजा उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ है। वारंट जारी होने के बाद स्टेशन बजरिया पुलिस ने नवाज सेंटिंग के बारे में जानकारी जुटाने हरसंभव प्रयास किए, लेकिन आरोपी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका। लगातार फरार होने के कारण डीसीपी जोन वन ने नवाब सेटिंग (58) निवासी बाग फरहत अफ्जा की गिरफ्तारी में मदद कराने वाले को दस हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की है।


नवाब सेटिंग, आरोपी

कजलीखेड़ा थाना क्षेत्र स्थित गेहूंखेड़ा का मामला

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, हाथ पर मिले फफोले परिजन ने लगाया हत्या का आरोप

**भोपाल।** कजलीखेड़ा थाना क्षेत्र स्थित गेहूंखेड़ा में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रविवार शाम उसका शव बिस्तर पर पड़ा मिला। पुलिस का कहना है कि अधिक शराब पीने के कारण मौत हुई है, जबकि परिजन ने हत्या की आशंका जताई है। मृतक के हाथ में फफोले मिले हैं। वह अकेले रहता था। पुलिस का कहना है कि गर्म खाना उछलकर गिरने से हाथ में फफोले पड़े हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।

पुलिस के अनुसार गेहूंखेड़ा निवासी पदम कुमार सोलंकी (42) अरेरा कॉलोनी की एक मेडिकल शॉप पर काम करता था। दो-तीन महीने से वह घर पर ही था। करीब एक साल से पत्नी दो बेटों के साथ अलग रह रही है। पदम कुमार सोलंकी अकेले रहता था। पत्नी-बच्चों के जाने के बाद वह डिप्रेशन का शिकार हो गए थे और अधिक मात्रा में शराब पीने लगा था। रविवार शाम खाना बनाते समय उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी उस समय लगी जब घर से थोड़ी दूर रहने वाला बेटा उनसे मिलने पहुंचा। पदम कुमार का शव बिस्तर पर पड़ा था। वह बिस्तर के पास ही खाना बना रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस का कहना है कि बरतन से उछलकर गर्म खाना उनके हाथ पर गिरा है। उसी वजह से हाथ में छाले पड़ गए हैं। पुलिस ने हत्या की आशंका से इंकार किया है।

**पुलिस का कहना है कि अधिक शराब पीने के कारण मौत हुई**

# ट्रैफिक कांस्टेबल से मारपीट करने और दांत से काटने वाले चार नामजद पर एफआईआर

कोलार में डीमार्ट के सामने रविवार शाम हुई थी वारदात


फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र स्थित डीमार्ट के सामने रविवार शाम ट्रैफिक कांस्टेबल सरजीत यादव से मारपीट करने वाले दो रेलकर्मी और दांत से काटने वाली महिला रेलकर्मियों पर कोलार पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने, मारपीट, दांत से काटने सहित धमकी देने की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। उक्त प्रकरण पीड़ित कांस्टेबल सरजीत सिंह की शिकायत पर रात करीब 11 बजे दर्ज किया गया। पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के अलावा अन्य लोगों को भी आरोपी बनाया है। अब पुलिस वीडियों के आधार पर अन्य आरोपियों की अपराध में संलिप्तता की जानकारी जुटा रही है। फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। थाना प्रभारी संजय सोनी ने बताया कि अपराध गैरजमानती है। लिहाजा मारपीट करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है।

उल्लेखनीय है कि सरजीत यादव ट्रैफिक विभाग में आरक्षक है। उसकी ड्यूटी कोलार डी मार्ट के सामने लगी थी। शाम करीब साढ़े छह बजे के आसपास सरजीत ने एक बस को रोका। बस रुकने पर उसमें बैठे रेलकर्मी बाहर आ गए। सिपाही सरजीत से वह बस को रोकने का कारण पूछने लगे और कहने लगे कि हम सेंट्रल के कर्मचारी है। शाम 5 से 9 बजे तक भारी वाहनों को शहर के अंदर प्रवेश नहीं है। आपके के पास कोई परमिशन है। बस पर बैनर लगाकर रखा है, जिससे नंबर प्लेट भी नहीं दिख रही है। यह बात सुनकर बस में सवार तीन रेलकर्मी भड़क गए और आरक्षक से झूमाझटकी करने लगे। आरक्षक ने उनका विरोध करते हुए मोबाइल पर वीडियो बनाना शुरू कर दिया। इसी बीच एक व्यक्ति ने आरक्षक सरजीत यादव के साथ मारपीट शुरू कर दी। कुछ ही दूरी पर मौजूद ट्रैफिक के एसआई पहुंच गए। उन्होंने आरक्षक सरजीत को बचाया था। पुलिस ने उक्त मामले में रेलकर्मी अंकित सिंह, हरेंद्र, पुष्पलता और रजनी के खिलाफ नामजद एफआईआर की है, जबकि अन्य आरोपी भी बनाए गए हैं।

# साहू समाज ने मां कर्मा देवी की मनाई जयंती, निकाली शोभायात्रा

शिवमंदिर परिसर में पूजा-पाठ कर, किया भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

वार्ड 12 अर्जुन नगर शिव मंदिर प्रांगण के आंबेडकर भवन में साहू समाज की आराध्य मां कर्मा देवी की जयंती सोमवार को साहू समाज के युवा वर्ग ने बड़े ही हर्षोल्लाष से मनाई। इस अवसर पर भगवान सत्य नारायण की कथा, मां कर्मा देवी जी का पूजन पाठ सहित विशाल भंडारा आयोजित किया गया। दोपहर में सर्वप्रथम भगवान श्री कृष्ण की परम भक्त मां कर्मा देवी जी शोभा यात्रा शिव मंदिर प्रांगण से निकाली, जिसमें माताएं, बहने और युवा झूमते हुए भजन करते हुए चल रहे थे। शोभा यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस शिव मंदिर प्रांगण में पहुंची। इसके बाद भगवान सत्यनारायण की कथा और भंडारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे, बसंत साहू, पार्षद सुनील सेरिया, मनोज चौरसिया, धर्मेंद्र चौरसिया, रामगोपाल साहू, विनोद साहू, अमित साहू, मनोज साहू टिगरिया, कोमल चंद्र साहू, अंकित साहू, अर्पित साहू, राजू साहू सहित समाज के अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।


मां कर्मा देवी की पूजा करते हुए।


रमजान के पवित्र माह में आयोजित रोजा इफ्तार में बड़ी संख्या में शामिल हुए लोग।

# रमजान माह में रोजा इफ्तार बड़ी संख्या में पहुंचे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

रमजान के पवित्र माह में सोमवार को नगर में रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया, जिसमें ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इमरत दरबार, मोहन अहिरवार, परवेज खान, चंदा मियां सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग शामिल हुए। वहीं परेश नगर, देवेंद्र सिंह राजू, राजू मेहरा, हरजीत सिंह मग्गू, पवित्र कौर, शायक पटेल, शादिक पटेल आदि लोगों ने सामूहित रोजा इफ्तारी में भाग लिया। रमजान माह में सभी मुस्लिक समुदाय के लोग रोजा रखकर मस्जिद में नमाज अदा कर खुदा की इबादत में लगे हुए हैं।

विधायक रामेश्वर ने किया लोकार्पण

# बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए ट्रस्ट को मिला एक और शांति वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

सिंधी समाज सेवा ट्रस्ट को बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए एक और शांति वाहन उपलब्ध करवाया गया है। यह सुशील वासवानी परिवार द्वारा स्वतः ही एक शांति वाहन (स्वर्ग रथ) सिन्धी समाज सेवा ट्रस्ट को विधायक रामेश्वर शर्मा की उपस्थिति में दशहरा मैदान पर आयोजित कार्यक्रम में समर्पित किया गया। इस अवसर पर सिन्धी समाज सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष सुशील वासवानी ने ट्रस्ट द्वारा उपलब्ध सेवाओं को विस्तार से बताया। वासवानी ने कहा अब संत नगर के आसपास के क्षेत्र को शांति वाहन की एक ही समय पर दो-दो शव यात्राएं निकाले में आसानी से हो सकेगी।




सिंधी समाज सेवा ट्रस्ट को शांति वाहन सौंपते और चर्चा करते हुए विधायक रामेश्वर।

वासवानी ने रामचन्द सभनानी एवं मांधू चांदवानी की सेवाओं की सराहना की एवं बताया कि रामचन्द सभनानी 24 घंटे सेवाओं के लिए उपलब्ध रहते हैं एवं रात्रि को 2-3 बजे भी मरचुरी बाक्स उपलब्ध कराते हैं। विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा वासवानी परिवार की प्रशंसा की एवं बताया कि नारायणदास वासवानी के समय से ही वासवानी परिवार सेवा के कार्य करता आ रहा है। रामेश्वर शर्मा द्वारा ट्रस्ट के सेवाओं की प्रशंसा की एवं बताया कि शांति वाहन की सेवाएं शासन द्वारा भी उपलब्ध कराई जाती है, लेकिन उनका शव वाहन समय पर न पहुंचने के कारण सेवाएं विश्वसनीय नहीं है। विधायक द्वारा फ्लाई ओवर के संबंध में बताया कि शीघ्र ही फाटक रोड का फ्लाई ओवर जल्दी चालू कर दिया जाएगा और फाटक रोड पर जिन व्यापारियों का नुकसान हुआ है, उनका भी ध्यान रखते हुए उनके लिए कार्य किया जाएगा।

नकली इनकम टैक्स अधिकारी बनकर डकैती करने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश

# धार और खंडवा की संयुक्त पुलिस टीमों ने 48 घंटे में मुख्य आरोपी सहित 8 आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

धार एवं खंडवा जिलों में नकली इनकम टैक्स अधिकारी बनकर डकैती की सनसनीखेज घटना का धार और खंडवा की संयुक्त पुलिस टीमों ने 48 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी सहित 8 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपियों से पुलिस ने घटना में लूटे गए सोने के आभूषण, नगदी तथा वारदात में प्रयुक्त वाहन सहित लगभग 1 करोड़ 35 लाख 57 हजार रुपए कीमत की संपत्ति जब्त की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 13 मार्च को फरियादी ने थाना बाग में रिपोर्ट दर्ज कराई कि सुबह लगभग 9:30 बजे कुछ अज्ञात बदमाश नकली इनकम टैक्स अधिकारी बनकर उसके घर पहुंचे, उसे बंधक बनाकर घर में फर्जी रेड डालते हुए सोने के आभूषण और नगदी लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। टीम द्वारा जांच के दौरान सामने आया कि इसी तरह की एक वारदात 12 मार्च को ग्राम पामाखेड़ी थाना नर्मदानगर जिला खंडवा में भी की गई थी। खंडवा पुलिस से समन्वय स्थापित कर घटना के सीसीटीवी फुटेज प्राप्त किए। इसके बाद संयुक्त पुलिस टीमों ने संभावित ठिकानों पर दबिश देकर आरोपियों की पहचान सुनिश्चित कर ली गई है। इसमें से 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लूट की गई संपत्ति बरामद की।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

### पुलिस ने सीमावर्ती जिलों में नाकाबंदी और घेराबंदी की

जांच में यह भी सामने आया कि 12 मार्च को खंडवा जिले में हुई घटना तथा 13 मार्च को हुई दूसरी घटना में समान तरीके से ब्लैक स्कॉर्पियो वाहन का उपयोग किया गया था। पुलिस को इस वाहन की सूचना पूर्व में ही प्राप्त हो गई थी, जिससे दोनों घटनाओं के बीच संबंध स्थापित हुआ। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए आसपास के थाना क्षेत्रों और सीमावर्ती जिलों में नाकाबंदी और घेराबंदी की। पुलिस की सक्रियता की जानकारी मिलने पर आरोपी डकैती का सामान लेकर भागते समय काले रंग की स्कॉर्पियो वाहन को सुनसान जंगल में छोड़कर अन्य वाहन से फरार हो गए। पुलिस को स्कॉर्पियो वाहन की तलाशी के दौरान मिले दस्तावेजों से वाहन का मालिक शहजाद पिता रोशन खान निवासी बैरछा होना पाया गया, जो इस पूरी वारदात का मास्टरमाइंड निकला। गाड़ी में पुलिस की वर्दी भी बरामद हुई है।

# पाइपलाइन के लिए खोदी सड़क से उड़ रही धूल, लोग परेशान

शिकायत के बाद भी नप के जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर में चौराहे से लेकर रेलवे स्टेशन के हाल बेहाल हैं। पाइपलाइन डालने के लिए खोदी सड़क से आज भी धूल उड़ रही है। उन सड़कों की मरम्मत नहीं की गई। खुदी सड़क से धूल उड़ रही है, जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। धूल से स्टेशन रोड के दुकानदारों को खांसी, जुकाम और फेफड़ों की बीमारी हो रही है। संभव जैन, राकेश तिवारी, रामकिशोर नंदवंशी, शंकर शेट्टी, दीपू नगर, सुदामा तिवारी, शरद मालवीय, माखन सिंह नागर ने नगर परिषद के अधिकारी और अध्यक्ष को परेशानी से अवगत कराया पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। वार्ड नंबर 13 में पोस्ट ऑफिस वाली गली, चूड़ी बाजार, नीरज चावल और सुनील वर्धमान वाली गली खुदी होने के कारण बच्चे घर से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। वार्ड 13 की पार्षद हेमलता मनोज चौरसिया ने नगर परिषद में कई बार लिखित शिकायत की पर किसी ने ध्यान नहीं दिया।



### शुभांक

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 9483 | | |
| दिन: | 249 | 58 | 224 |
| रात: | 469 | 99 | 568 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 389 | 01 | 119 |
| रात: | 189 | 81 | 470 |

संगठनात्मक ढांचे में बड़ा बदलाव करने की तैयारी

# प्रांत व्यवस्था खत्म करेगा संघ, संभाग आधारित नई संरचना की तैयारी, मध्य मालवा और महाकौशल प्रांत होंगे खत्म, संपूर्ण प्रदेश में एकीकृत होगा नेतृत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आरएसएस मध्यप्रदेश में अपने संगठनात्मक ढांचे में बड़ा बदलाव करने की तैयारी में है। संघ अब तक चल रही प्रांत व्यवस्था को खत्म कर संभाग आधारित नई संरचना लागू करने की दिशा में काम कर रहा है। इस बदलाव के तहत प्रदेश में वर्तमान में मौजूद मध्य, मालवा और महाकौशल प्रांत की व्यवस्था समाप्त की जा सकती है और पूरे प्रदेश में संगठन का संचालन एकीकृत ढांचे के तहत किया जाएगा।

संघ के सूत्रों के मुताबिक संगठन की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के बाद अब प्रशासनिक और संचालन व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए यह बड़ा बदलाव प्रस्तावित है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद संगठन की गतिविधियां अलग-अलग प्रांतों के बजाय संभाग स्तर पर संचालित होंगी।


फाइल फोटो

### 46 जिलों की जगह 80 से ज्यादा संगठनात्मक इकाइयों पर विचार

संघ की हालिया बैठकों में संगठन के विस्तार और प्रभावी संचालन को लेकर व्यापक चर्चा हुई है। इसमें प्रदेश में मौजूदा 46 जिलों की जगह 80 से अधिक संगठनात्मक इकाइयों का ढांचा तैयार करने का प्रस्ताव सामने आया है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद सभी संभाग सीधे प्रदेश संगठन के अंतर्गत काम करेंगे। इससे निर्णय लेने की प्रक्रिया तेज होगी और कार्यक्रमों का संचालन पूरे प्रदेश में एक समान तरीके से किया जा सकेगा।

### प्रदेश स्तर पर मजबूत होगा नेतृत्व

संघ के भीतर इस बदलाव को संगठनात्मक रूप से बड़ा कदम माना जा रहा है। अभी तीन प्रांतों में नेतृत्व अलग-अलग स्तर पर काम करता है, लेकिन नई व्यवस्था में प्रदेश स्तर पर नेतृत्व अधिक मजबूत और केंद्रीकृत हो जाएगा। संघ के जानकारों का मानना है कि इससे संगठन की रणनीति और कार्यक्रमों को पूरे प्रदेश में समान रूप से लागू करना

### तेजी से बढ़ीं शाखाएं और गतिविधियां

*संघ से जुड़े सूत्रों के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में मध्यप्रदेश में शाखाओं और सामाजिक गतिविधियों का तेजी से विस्तार हुआ है। इसके चलते संगठनात्मक ढांचे को अधिक प्रभावी बनाने की जरूरत महसूस की जा रही थी। इसी के चलते अब प्रांत व्यवस्था को खत्म कर संभाग आधारित नई प्रणाली लागू करने की तैयारी की जा रही है, जिससे संघ की गतिविधियों का संचालन अधिक संगठित और प्रभावी तरीके से किया जा सके।*

## खबर संक्षेप

### विक्रम व्यापार मेले की अवधि अब 29 मार्च तक

**उज्जैन।** शहर में चल रहे विक्रम व्यापार मेले की अवधि 10 दिन बढ़ा दी गई है। अब मेले में 29 मार्च 2026 तक वाहन खरीदे जा सकेंगे। राज्य शासन द्वारा नॉन-कमर्शियल वाहनों पर 50 प्रतिशत कर छूट की सुविधा दी जा रही है। इसी छूट का लाभ लेने के लिए मेले में बड़ी संख्या में लोग वाहन खरीदने पहुंच रहे हैं। बढ़ती मांग को देखते हुए मेले की अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। अब इच्छुक लोग 29 मार्च तक उज्जैन के विक्रम व्यापार मेले में दोपहिया और चारपहिया वाहन खरीदकर कर छूट का लाभ ले सकेंगे। शासन की इस सुविधा से वाहन खरीदारों के साथ-साथ ऑटोमोबाइल कारोबारियों को भी राहत मिलने की उम्मीद है।

### महिला दिवस के उपलक्ष्य में हुआ जागरुकता कार्यक्रम

**भोपाल।** महिला दिवस के उपलक्ष्य में बेटी सृष्टि महिला मंडल समिति द्वारा एक विशेष जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में छोला थाना प्रभारी सरस्वती तिवारी शामिल हुई। इस दौरान उन्होंने महिला अधिकारों, सुरक्षा तथा कानून संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी और महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरुक रहने के लिए प्रेरित किया। संस्था की अध्यक्ष राजकुमारी जोशी ने कहा कि महिलाओं की जागरूकता और सशक्तिकरण समाज के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक

### हर कार्यकर्ता की भूमिका होती है महत्वपूर्ण : हाड़ा

**भोपाल।** भाजपा भोपाल नगर के नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों की परिचयात्मक बैठक सोमवार को अटल भवन स्थित भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में भोपाल जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति एवं भोपाल के जिला प्रभारी जसवंत सिंह हाड़ा उपस्थित रहे। हाड़ा ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता आधारित संगठन है, जहां प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण है।

100 दिवसीय अभियान में जल संरक्षण के होंगे कार्य, जनआंदोलन बनाने का लिया संकल्प

# नववर्ष प्रतिपदा पर शिप्रा तट उज्जैन में 19 मार्च से शुरू होगा जल गंगा संवर्धन अभियान

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जल संबंधी जरूरतों की पूर्ति और भावी पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों की सुरक्षा की मंशा से प्रदेश सरकार एक बार फिर बड़े पैमाने पर जल गंगा संवर्धन अभियान शुरु करने जा रही है। भारतीय नववर्ष प्रतिपदा (गुढ़ी पड़वा) के शुभ अवसर पर 19 मार्च को उज्जैन की शिप्रा नदी तट से इस राज्य स्तरीय अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है। यह अभियान 30 जून तक अनवरत चलेगा। डॉ. यादव ने कहा कि जल संरक्षण को एक सामाजिक आंदोलन बनाना है। प्रदेश की जनता, पंचायतों, स्वयंसेवी संगठनों और विभिन्न शासकीय विभागों की साझेदारी से यह अभियान प्रदेश में जल संवर्धन की नई मिसाल स्थापित करेगा।

**वृहद अभियान के लिए सरकार कर रही व्यापक तैयारी**

**बूंद-बूंद बचाने के लिए किए जाएंगे हर संभव प्रयास**



फाइल फोटो।

### पहले चरण में बनीं 2.79 लाख जल संरचनाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2024 में राज्य स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान का पहला चरण प्रारंभ किया गया था। इसमें जल संरक्षण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए गए। पहले चरण में कुल 2.79 लाख से अधिक जल संरचनाओं का निर्माण और पुनर्जीवन किया गया।

### दूसरे चरण के काम भी हो रहे तेजी से

वर्ष-2025 में चलाए गए जल संरक्षण अभियान के दूसरे चरण में भी व्यापक स्तर पर कार्य हुए। इस चरण में प्रदेश में 72 हजार 647 से अधिक जल संरचनाओं का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त 64 हजार 395 जल संरचनाओं का निर्माण कार्य अभी भी प्रगति पर है। इन कार्यों में खेत तालाब, चेक डैम, स्टॉप डैम, नहर, कुएं, बावड़िया तथा अन्य जल संचयन संरचनाएं बनाई जा रही हैं। इन परियोजनाओं से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में जल उपलब्धता को स्थायी रूप से बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

### नई जल संरचनाएं बनाना उद्देश्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में जल संरक्षण की परम्परा सदियों पुरानी है। प्राचीन काल से ही तालाब, कुएं और बावड़िया सिर्फ जल के स्त्रोत न होकर सामाजिक जीवन का केंद्र हुआ करते थे। सरकार उसी परम्परा को आधुनिक तकनीक और जनभागीदारी के जरिए पुनर्जीवित करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य नई जल संरचनाएं बनाने के साथ ही प्रदेश में जल संरक्षण की संस्कृति को समृद्ध करना भी है। अभियान से गांव-गांव में लोगों को यह समझाया जाएगा कि वर्षा जल का संरक्षण, भूजल का पुनर्भरण और जल स्त्रोतों का संरक्षण जीवन और विकास दोनों के लिए अनिवार्य है।

### सफलता का सबसे बड़ा आधार जनभागीदारी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि जल गंगा संवर्धन अभियान की सफलता का सबसे बड़ा आधार जनभागीदारी है। उन्होंने प्रदेश के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे जल संरक्षण के इस महाअभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी करे। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में श्रमदान कर तालाब और कुओं की सफाई की जाए। उन्होंने कहा कि यदि समाज और सरकार मिलकर काम करेंगे, तो प्रदेश जल समृद्ध राज्य बन सकता है। जल गंगा संवर्धन अभियान से जल संरक्षण को तो बढ़ावा मिलेगा ही, साथ ही इसके दूरगामी पर्यावरणीय और आर्थिक लाभ भी होंगे। जलवायु परिवर्तन और अनियमित वर्षा की चुनौती के दृष्टिगत जल प्रबंधन आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। प्रदेश सरकार का यह अभियान इसी दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है।

दबाव बनाकर शपथ-पत्र पर करवाए गए हस्ताक्षर रहवासियों ने पेश किए काउंटर एफिडेविट

# कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह और मनोज शुक्ला के खिलाफ निर्वाचन आयोग में शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नरेला विधानसभा क्षेत्र से जुड़े मतदाताओं के संबंध में की गई शिकायत को लेकर भाजपा के मंडल अध्यक्ष नीरज पचौरी ने निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। मंडल अध्यक्ष पचौरी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह और मनोज शुक्ला द्वारा हिंदू मतदाताओं को परेशान करने और भ्रम फैलाने के उद्देश्य से झूठी शिकायत की गई थी। भाजपा के मंडल अध्यक्ष पचौरी अपने वकीलों के साथ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय पहुंचे और इस संबंध में ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने बताया कि संबंधित प्रकरण में रिटर्निंग ऑफिसर एवं बीएलओ द्वारा की गई जांच में सभी मतदाता सही पाए गए थे। इसके बावजूद दिग्विजय सिंह और मनोज शुक्ला द्वारा दबाव बनाकर कुछ लोगों से एफिडेविट दिलवाए गए। पचौरी ने निर्वाचन अधिकारी को रहवासी मतदाताओं द्वारा दिए गए काउंटर एफिडेविट भी सौंपे। रहवासी मतदाता पोखन लाल साहू और हमीर सिंह यादव ने भी अपने काउंटर एफिडेविट प्रस्तुत करते हुए स्पष्ट किया कि उनसे दबाव बनाकर हस्ताक्षर कराए गए थे।

### एसडीएम स्तर की जांच में तथ्य गलत

अधिवक्ता ओम पाटीदार ने बताया कि 7 मार्च को दिग्विजय सिंह और मनोज शुक्ला द्वारा चुनाव आयोग में शिकायत की गई थी, जिसमें नरेला विधानसभा की रतन कॉलोनी के एक घर में 30 मतदाताओं के नाम होने का दावा किया गया था। हालांकि एसडीएम स्तर पर हुई जांच में यह दावा पूरी तरह गलत और निराधार पाया गया। मंडल अध्यक्ष पचौरी ने कहा कि एक विशेष वर्ग को लाभ पहुंचाने और हिंदू मतदाताओं को परेशान करने के उद्देश्य से इस प्रकार की मनगढ़ंत शिकायतें की जा रही हैं। उन्होंने निर्वाचन आयोग से मांग की कि इस प्रकार की झूठी शिकायत करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि इस मामले में उचित कार्रवाई नहीं होती है तो वे न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाएंगे।

# प्रदेश कांग्रेस की संपत्तियों का रिव्यू, दिल्ली पहुंचे जीतू पटवारी और उमंग सिंघार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


मध्यप्रदेश में कांग्रेस संपत्तियों की समीक्षा कर रही है। इसी सिलसिले में जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार पहुंचे हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार, प्रदेश के विभिन्न जिलों और शहरों में कांग्रेस की संपत्तियों की स्थिति और उनसे जुड़े दस्तावेजों की समीक्षा के लिए यह बैठक आयोजित की गई है। जो प्रदेश कांग्रेस के नेताओं के साथ संपत्तियों और पार्टी फंड से जुड़े मुद्दों पर चर्चा कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि प्रदेश कांग्रेस के पास भोपाल समेत कई शहरों में संपत्तियां हैं, लेकिन लंबे समय से इनकी स्थिति और उपयोग को लेकर समुचित समीक्षा नहीं हुई थी। अब इन सभी संपत्तियों के दस्तावेज, वर्तमान स्थिति और उनसे जुड़े प्रबंधन की जानकारी दिल्ली में प्रस्तुत की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, यह समीक्षा करीब तीन दिन तक चलेगी, जिसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष संगठनात्मक गतिविधियों और पार्टी फंड कलेक्शन को लेकर भी रिपोर्ट देंगे।

इधर, जिला संगठन महामंत्रियों का प्रशिक्षण प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में सोमवार को जिला संगठन महामंत्रियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

# क्षेत्रीय संगठन महामंत्री ने की टोली सदस्यों के साथ बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यक्रम जारी है। भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान - 2026 के टोली सदस्यों की बैठक की। इस दौरान आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा हुई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



पंडित कुंजीलाल दुबे संसदीय विद्यापीठ में 'क्षेत्रीय दलों की भूमिका और राष्ट्रीय एकता' पर वैचारिक मंथन

# राष्ट्रहित के विचार सर्वोपरि होना चाहिए : विधायक सबनानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संसदीय कार्य विभाग के तत्वावधान में संचालित पंडित कुंजीलाल दुबे राष्ट्रीय संसदीय विद्यापीठ, भोपाल द्वारा विश्वविद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्या संसदीय लोकतंत्र में क्षेत्रीय दलों की बढ़ती भूमिका राष्ट्रीय एकता के लिए खतरा है विषय पर आयोजित कार्यक्रम में युवाओं ने संसदीय लोकतंत्र के विभिन्न आयामों पर प्रखरता से अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विधायक सबनानी ने कहा कि लोकतंत्र की जीवंतता के लिए वैचारिक विविधता आवश्यक है, परंतु क्षेत्रीय दलों की सक्रियता और उनकी भूमिका सदैव राष्ट्रहित की परिधि में पल्लवित होनी चाहिए। सबनानी ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में संवैधानिक मूल्यों के प्रति चेतना जाग्रत करने का सशक्त माध्यम हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. देव आनंद हिंडोलिया एवं संसदीय कार्य विभाग के अपर सचिव राजेश गुप्ता उपस्थित रहे।




### आबकारी में कैसे-कैसे अफसर, कितने पावरफुल

आबकारी महकमें एक से बढ़कर एक से बढ़कर एक पावरफुल अफसर मौजूद हैं। एक अवसर के खिलाफ इंदौर में करोड़ों रुपए के घपले घोटाले के साथ ही प्रदेश भर में करोड़ों रुपए का चूना सरकार को लगाने की जांच काफी समय से पेंडिंग है। इस पर इसलिए कोई निर्णय नहीं हो पा रहा है कि वह अफसर काफी पावरफुल है। सूत्र बताते हैं कि सरकार जब भी उक्त आबकारी अफसर की फाइल खोलती है, तो दिल्ली तक से घंटियां बजने लगती है। इसके बाद पूरा मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है। उक्त आबकारी अफसर के किस्से हर आबकारी विभाग के कर्मचारी के जुबान पर हैं। उक्त अफसर पर कौन मेहरबान है, इसकी जानकारी तो नहीं लग पाई, पर सरकार भी असहाय साबित हो रही है। बताते हैं कि उक्स अफसर की यदि जांच पूरी हो जाए तो जेल के सीखचों में होगा, साथ में सरकार चाहे तो करोड़ों की वसूली भी निकाल दें। पर इतना तगड़ा सिफारिश है कि सभी सन्न हैं।

### मुख्य अभियंता पद के लिए चार करोड़ तक की बोली के चर्चे..

निर्माण विभाग के एक महकमें में इन दोनों वहां के एक-एक कर्मचारी की जुबान पर बस एक ही चर्चा हो रही है कि मुख्य अभियंता जैसे पद के लिए 4 करोड़ रुपए की बोली लगी है। इसमें कितनी सच्चाई है, यह तो नहीं पता, पर चर्चा है कि एक इंजीनियर ने मुख्य अभियंता पद के लिए चार करोड़ रुपए की बोली लगा चुका है। इस पर हर स्तर से सहमति मिलने के चर्चे हो रहे हैं। अगले कुछ दिनो में इसके आदेश जारी हो जाएंगे। दरअसल, जिस पद के लिए यह बोली लगी है, उस पर पदस्थ इंजीनियर पिछले 6 साल से अंगद की तरह पैर जमाकर बैठा हुआ है। उस इंजीनियर की एक शिकायत भी हुई थी। एक महिला के साथ फोटो भी वायरल हुआ था। इसकी शिकायत हुई, पर उसं पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब उक्त अफसर ने भी एड़ी-चोटी का दम लगा दिया है कि उसे या तो मलाईदार जगह पर पोस्टिंग मिले या इसी पोस्टिंग के लिए सब कुछ करने के लिए तैयार है। इस महकमें में उक्त इंजीनियर के चर्चे हर किसी के जुबान पर है।

### कुछ आईएएस अफसर ने नेम प्लेट हटाई, निजी गार्ड सुरक्षा में रखे.....

चार इमली में ज्यादातर आईएएस अफसरों के निवास हैं। बताते हैं कि इन्हीं में से एक अफसर ने अपने घर पर लगे नेम प्लेट हटा दिए। इसकी खोजबीन हुई तो पता चला कि नेम प्लेट हटाने की सबसे बड़ी वजह यह है कि कई सप्लायर बिना उनके परमिशन के ही घर में ही गिफ्ट लेकर पहुंच जाते हैं। इतना तो ठीक था, पर यह जानकारी हाईकमान तक पहुंचने लगी और उन्हें कुछ संकेत भी मिल गए। इसके बाद आनन फानन में उन्होंने अपना नेम प्लेट हटा दिया। सूत्र बताते हैं कि कुछ अफसरों ने तो दलालों से बचने के लिए बाकायदे निजी सुरक्षा गार्ड तक तैनात कर दिए हैं। वे बाकायदे संबंधित एजेंसी से उन गार्डो को बारी बारी से नियुक्त करने को भी कहते हैं। ऐसे में संदेह होने लगा है कि आखिर में इसके पीछे की क्या कहानी है कि निजी गार्ड वह भी बदल बदल कर ड्यूटी करें।

### एक आईपीएस ने लिखा.. जब घर में है महारानी तो क्यों ....नौकरानी

एक आईपीएस ने एक अधिकारी के वाट्सएप मैसेज में बड़ी रोचक जानकारी देते हुए एक आईएएस अफसर पर तीखा कटाक्ष किया। अब यह वाट्सएप मैसेज वायरल हो गया। हालांकि इसकी जानकारी कुछ ही लोगों को है, ऐसे में अफसर एक दूसरे से पतासाजी करने में जुट गए हैं कि आखिर में यह है कौन। खैर, यह बेहद ही व्यक्तिगत मामला है, इसलिए लोग चटखारे लेकर सुन तो रहे हैं, पर कोई किसी का नाम नहीं ले रहा है। बताते हैं कि उक्त आईपीएस अफसर ने जानकारी तो साझा की ही, साथ में अपना कमेंट्स भी लिख दिया। उन्होंने वाट्सएप मैसेज में लिखा कि जब घर में है महारानी तो आखिर क्यों .... नौकरानी। बताते हैं कि आईएएस अफसर ने उसमें से एक को छत्तीसगढ़ में रखे हुए हैं। ऐसे में खुद अफसर चटखारे लेकर यह कहानी सुना रहे हैं।

-हरि अग्रहरि



एफएमपीसीसीआई मैनेजिंग कमेटी चुनाव में मनोज मीक निर्वाचित

# प्रदेश के प्रमुख उद्योग मंच में क्रेडाई को पहली बार मिला प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

फेडरेशन ऑफ एमपी चेंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की प्रबंध समिति के लिए हुए चुनाव में क्रेडाई भोपाल को पहली बार प्रतिनिधित्व प्राप्त हुआ है। इस श्रेणी में मनोज सिंह 'मीक' प्रबंध समिति के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। शहरी विकास एवं एआई में विशेषज्ञता रखने वाले मनोज मीक का इस मंच पर प्रतिनिधित्व प्रदेश के व्यापक उद्योग-व्यापार मंच के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

एफएमपीसीसीआई मध्यप्रदेश का प्रमुख उद्योग-व्यापार संगठन है, जिसकी प्रबंध समिति में प्रदेश के विभिन्न उद्योग, व्यापार, लघु उद्योग तथा कॉर्पोरेट संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होते हैं। यह समिति राज्य में उद्योग, व्यापार, निवेश और नीति से जुड़े विषयों पर सरकार तथा विभिन्न संस्थाओं के साथ संवाद का महत्वपूर्ण मंच है।

## हायर रेट की रजिस्ट्रियां देखकर प्रस्तावित कर दिए बढ़े हुए दाम

# निर्मल सिटी भानपुर में 181, मुर्गी बाजार में 150 फीसदी महंगे होंगे मकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पंजीयन विभाग जनप्रतिनिधि और आम लोगों के विरोध को दरकिनार कर रहा है। पिछले दिनों कलेक्टोरेट में रखी गई जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में समिति के सदस्य और विधायक भगवानदास सबनानी ने अफसरों से शहर भर में प्रॉपर्टी के दाम बढ़ाने को लेकर सवाल किए थे, जिसको लेकर अफसरों ने पूरा ब्यौरा पेश करने की बात कही थी, लेकिन प्रस्तावित गाइडलाइन में अब तक कोई बदलाव नहीं किया गया है। पंजीयन ने इस बार सबसे ज्यादा बढ़ोतरी भानपुर की निर्मल सिटी में 181 फीसद पेश की है, जबकि जहांगीराबाद के मुर्गी बाजार में भी डेढ़ फीसद तक दाम बढ़ाने की तैयारी है। हालांकि कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह का कहना है कि प्रस्तावित दामों को लेकर जांच कराई जा रही है। जहां जरूरत होगी, वहीं पर दाम बढ़ाए जाएंगे।

पंजीयन विभाग ने इस बार 628 लोकेशन पर बढ़ोतरी का प्रस्ताव पेश किया है। जबकि 795 लोकेशन को मर्ज किया जा रहा है, जिससे इन जगहों पर भी प्रॉपर्टी के दाम बढ़ जाएंगे। पंजीयन विभाग के प्रस्तावित ड्राफ्ट में नगर निगम क्षेत्र की सबसे बड़ी बढ़ोतरी निर्मल सिटी भानपुर में दर्ज की गई है, जहां पर 6400 प्रति वर्गमीटर के रेट को बढ़ाकर 18 हजार रुपए कर दिया है, जिससे यहां 181 फीसदी की बढ़ोतरी हो रही है। इसी तरह मुर्गी बाजार जहांगीराबाद में भी 32 हजार रुपए प्रतिवर्गमीटर को बढ़ाकर 80 हजार रुपए कर दिया है, जिससे यहां 150 फीसद तक प्रॉपर्टी के दाम बढ़ जाएंगे। निशातपुरा सड़क पर भी 166 फीसद तक बढ़ोतरी की जा रही है। इसके साथ एक दर्जन से अधिक कॉलोनियों में सौ फीसदी तक बढ़ोतरी की जा रही है।

### 90 लोकेशन पर 50% बढ़ोतरी

पंजीयन विभाग के अफसरों की मनमानी का आलम यह है कि बढ़ोतरी वाली लोकेशनों में 90 लोकेशन ऐसी हैं, जहां पर पचास और पचास प्रतिशत से अधिक बढ़े हुए दाम प्रस्तावित कर दिए हैं। अफसरों ने इस बार भी नए ड्राफ्ट को ऑनलाइन जारी किया था, जबकि दफ्तरों में ऑफलाइन भी ड्राफ्ट को रखा जाना था। परी बाजार स्थित दफ्तर में कर्मचारी संदीप अटल ने गाइडलाइन का ड्राफ्ट देखने आए कई लोगों को यह कहकर लौटा दिया कि ऑनलाइन देखना पड़ेगी। इधर वरिष्ठ जिला पंजीयक स्वपनेश शर्मा का कहना है कि आम लोगों से मिले दावे-आपत्तियों की जांच की जा रही है, जिसके बाद बैठक में रखा जाएगा।

### निगम क्षेत्र की टॉप टेन बढ़ोतरी वाली लोकेशन

| लोकेशन | वर्तमान(आ/व्या) | वित(आ/व्या) | बढ़ोतरी% |
|---|---|---|---|
| निर्मल सिटी | 6400/9600 | 18000/27000 | 181/181 |
| निशातपुरा सड़क | 15000/30000 | 40000/80000 | 166/166 |
| समर ग्रीन | 6400/9600 | 16000/24000 | 150/150 |
| यशोदा नगर | 6400/9600 | 16000/24000 | 150/150 |
| मुर्गी बाजार | 32000/48000 | 80000/110000 | 150/129 |
| मालीपुरा | 25000/37500, | 60000/75000 | 140/100 |
| भोपाल टॉकीज से सेफिया | 30000/45000 | 72000/110000 | 140/144 |
| बगलामुखी नगर | 12800/19200, | 26900/40400 | 110/110 |
| विजय लक्ष्मी होम | 9600/14400, | 20000/30000 | 108/108 |
| विजय लक्ष्य होम | 9600/14400 | 20000/30000 | 108/108 |

नोट- राशि प्रतिवर्ग मीटर में है।

## खबर संक्षेप

### एचएसबीसी म्यूचुअल फंड ने ईटीएफ लांच किए

**नई दिल्ली।** एचएसबीसी म्यूचुअल फंड ने भारत में अपने पहले एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) के रूप में एचएसबीसी गोल्ड ईटीएफ और एचएसबीसी गोल्ड ईटीएफ फंड ऑफ फंड लॉन्च करने की घोषणा की है। एचएसबीसी गोल्ड ईटीएफ फिजिकल गोल्ड या सोने से जुड़े साधनों में निवेश करेगा, जबकि एचएसबीसी गोल्ड ईटीएफ फंड ऑफ फंड, एचएसबीसी गोल्ड ईटीएफ की यूनिट्स में निवेश करेगा। इन दोनों योजनाओं का न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) इस सप्ताह सब्सक्रिप्शन के लिए खुल रहा है। दोनों फंड का प्रबंधन दीपन पारिख करेंगे।

### सिंटेक्स 2.0 'स्टोरेज'से 'प्योरिटी' तक बदलाव

**नई दिल्ली।** भारत में जल संकट अब केवल पानी की कमी तक सीमित नहीं है यह एक गंभीर 'पब्लिक हेल्थ क्राइसिस' बन चुका है। नीति आयोग के अनुसार भारत में विश्व की 18 फीसदी आबादी बसती है, लेकिन ताज़ा पानी के संसाधन केवल 4 फीसदी हैं। अनुमान है कि 2030 तक 60 करोड़ भारतीय गंभीर जलतनाव का सामना करेंगे। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि देश का 72 फीसदी अपशिष्ट जल बिना किसी ट्रीटमेंट के नदियों, झीलों और भूमि में बहा दिया जाता है और 70 फीसदी सतही जल प्रदूषित हो चुका है।

**टैक्स लॉ बार एसोसिएशन भोपाल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनोज पारख ने कहा**

# जीएसटी अपीलेट बोर्ड में केस को प्रेजेंट करने की तैयारी पर रहेगा जोर

**वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल**

टैक्स लॉ बार एसोसिएशन भोपाल के संपन्न हुए दो वर्षीय चुनाव में संस्था के सदस्यों ने परिवर्तन की लहर लाई। कुशल नेतृत्व के लिए अधिवक्ता मनोज पारख को अध्यक्ष निर्वाचित किया। अब जल्द ही उनके द्वारा नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

नवनिर्वाचित एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज पारख ने कहाकि कि आगामी दो वर्ष के लिए जो मेनिफेस्टो निर्धारित है उसमें विभिन्न उल्लेखनीय कार्यों को समाहित किया गया है। जिसमें- यह कि भोपाल में जीएसटी अपीलेट बोर्ड की जानकारी एवं उसमें भाग लेने वाले हमारे मेंबर्स को किस तरह


मनोज पारख

तैयारी करके अपने केस को प्रेजेंट करना है। उसकी जानकारी स्टडी सर्किल के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। आईसीएआई, एआईएफटीपी, एमपीटीएलबीए, बीटीपीए, आईटीपीए की भोपाल, मध्य प्रदेश एवं राष्ट्रीय शाखाओं के साथ समन्वय बना कर राष्ट्रीय स्तर के वक्ता उपलब्ध करवाकर उनसे ज्ञान अर्जित करना। जिसके लिए हमारा प्रमुख प्रयास रहेगा।

आगामी दो वर्ष के लिए निर्धारित मेनिफेस्टो में विभिन्न उल्लेखनीय कार्य समाहित

कार्यशाला का आयोजन करवाकर सदस्यों का ज्ञानवर्धन करना प्रमुख कार्यों में से एक रहेगा

**अब जल्द ही नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा**


नवनिर्वाचित कार्यकारिणी

पारख ने कहा कि हमारा यह भी प्रयास होगा कि जूम मीटिंग के द्वारा भी सेमिनार एवं स्टडी सर्किल आयोजित करना ताकि सदस्यों के समय का अधिकतम उपयोग हो सके। साथ ही आईसीएआई , बीटीपीए एवं अन्य संस्थाओं के साथ समन्वय बना कर साथी सदस्यों को आयकर, टीडीएस, गुड्स एवं सर्विस टैक्स, कर्मचारी भविष्य निधि एवं अन्य कानून के एकाउंटिंग के दिन के कार्य से संबंधित प्रावधानों पर कार्यशाला का आयोजन करवाकर सदस्यों का ज्ञानवर्धन करना प्रमुख कार्यों में से एक रहेगा। इसके अलावा स्पोर्ट्स एक्टिविटी के तहत जो एक्टिव मेंबर्स हैं उन सभी के साथ मिलकर विभिन्न खेल की गतिविधियों को भी करवाने का प्रयास रहेगा।

**संस्था में वर्ष 2026-28 तक चुने गए पदाधिकारी इस प्रकार से हैं**

अध्यक्ष,अधिवक्ता मनोज पारख, उपाध्यक्ष , सीए मयंक अग्रवाल, उपाध्यक्ष, सीए अंकुर अग्रवाल सचिव, अधिवक्ता धीरज अग्रवाल सह सचिव, अधिवक्ता संदीप चौहान कोषाध्यक्ष, अधिवक्ता दीपेश भंडारी

**भारत में या भारत के बाहर आरआरसी रखने का भी विचार**

नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनोज पारख ने कहाकि भोपाल के बाहर होने वाले सेमिनार्स में हम प्रयास करेंगे कि अपने भोपाल की तरफ से भी कुछ सदस्य साथ मिलकर प्रतिनिधित्व करें। सदस्यों की मांग पर भारत में या भारत के बाहर आरआरसी रखने का भी विचार है। संस्था में वर्तमान में जितने भी स्पीकर्स ने अपना सहयोग प्रदान किया है उनके साथ नए स्पीकर्स को भी मौका दिया जाएगा। इसके अलावा संस्था में अपनी परिवर्तन पैनल के दो सदस्यों ने उपाध्यक्ष एवं सचिव पद पर वर्तमान में रहते हुए सभी पदाधिकारी एवं कमिटी मेंबर्स के साथ मिलकर जो अच्छे स्टडी सर्कल्स एवं सेमिनार का आयोजन किया गया था, ठीक उसी तरह यह भविष्य में भी करने के प्रयास किए जाएंगे।

**एनएचडीसी का हिंदी पर विशेष प्रशिक्षण**

# डिजिटल युग में हिंदी में काम करना चुनौती नहीं बल्कि यह बन गई है बड़ी सुविधा : डॉ. शर्मा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

एनएचडीसी निगम मुख्यालय द्वारा अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए कार्यालयीन कामकाज में आधुनिक तकनीकी उपकरणों के माध्यम से हिंदी के प्रयोग को सरल और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से डिजिटल कार्यसंस्कृति और राजभाषा हिंदी विषय पर एक विशेष प्रशिक्षण हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया।

- नोटिंग महज कुछ ही मिनटों में तैयार की जा सकती है


अभिनंदन

इस मौके पर श्रीमती रेशमा संजीव, उप महाप्रबंधक (मा.संसा.) द्वारा डॉ. आत्माराम शर्मा, प्रबंधक (आईटी) बतौर अतिथि व्याख्याता के रुप में अभिनंदन किया गया । कार्यशाला के दौरान डॉ.शर्मा कहा कि, डिजिटल युग में हिंदी में काम करना अब कोई चुनौती नहीं, बल्कि एक बड़ी सुविधा बन चुकी है । उन्होंने जोर दिया कि ई-ऑफिस और पेपरलेस कार्यसंस्कृति के इस दौर में यूनिकोड और एआई जैसे टूल्स हिंदी को वैश्विक पहचान दिला रहे हैं ।कार्यशाला के दौरान डॉ. शर्मा ने प्रतिभागियों को आधुनिक तकनीक के विभिन्न पहलुओं से भी अवगत कराया ।

इसमें प्रमुख रूप से यूनिकोड का महत्व, इनस्क्रिप्ट और फोनेटिक कीबोर्ड का व्यवहारिक उपयोग तथा 'वॉयस टाइपिंग' जैसी तकनीक का प्रदर्शन शामिल था, जिससे लंबी रिपोर्ट्स और नोटिंग महज कुछ ही मिनटों में तैयार की जा सकती है । सत्र में जेमिनी जैसे एआई टूल्स, ई-ऑफिस पोर्टल पर हिंदी नोटिंग और सरकारी अनुवाद ऐप 'लीला' व 'कंठस्थ' के प्रभावी उपयोग के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई । कार्यशाला के अंत में रेशमा संजीव, उपमहाप्रबंधक (मा.संसा.) ने कहा कि एनएचडीसी में प्रत्येक तिमाही में हिंदी कार्यशाला का आयोजन हिंदी भाषा में कार्य करने में आने वाली कठिनाइयों व उनके समाधान के लिए किया जाता है।

**स्वामी रामदेव, रोंजन सिंह सोढ़ी शामिल हुए उद्घाटन में**

# मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और शिवराज सिंह चौहान ने पहल की सराहना की

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ पुणे**

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक अनूठी पहल लाइफ ट्रांसफॉर्मेशन सेंटर का उद्घाटन पुणे जिले के दौंड तालुका के बोरीबेल में किया गया। यह केंद्र डॉ. राहुल वी. कराड-इनिशिएटर एंड विज़न, लाइफ ट्रांसफॉर्मेशन सेंटर की पूजनीय माता उर्मिला वी. कराड की स्मृति में स्थापित किया गया है, जिन्होंने इस केंद्र की अवधारणा की थी। यह केंद्र अनुभवात्मक और मूल्य आधारित शिक्षा के माध्यम से छात्रों को प्रकृति, समाज और अपने आंतरिक स्व से जोड़कर उनके समग्र विकास को प्रोत्साहित करने का लक्ष्य रखता है। उद्घाटन समारोह में सरकार, आध्यात्म, रक्षा और खेल जगत के कई प्रतिष्ठित नेता उपस्थित रहे। प्रमुख अतिथियों में आध्यात्मिक गुरु स्वामी रामदेव और अंतरराष्ट्रीय ट्रैप शूटर, राजीव गांधी खेल रत्न एवं अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित रोंजन सोढ़ी शामिल थे। यह कार्यक्रम एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी के संस्थापक अध्यक्ष विश्वधर्मी प्रो. डॉ. विश्वनाथ दा.कराड की गरिमामयी अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा अजित पवार, महाराष्ट्र के कृषि मंत्री दत्तात्रय विठोबा भरणे, लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ, जीओसी-इन-सी, सदर्न कमांड, पुणे, तथा महाराष्ट्र के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटिल के वीडियो संदेश साझा किए गए। वहीं केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कार्यक्रम में वर्चुअली भाग लिया।


उद्घाटन समारोह

### सेंटर युवाओं को कृषि, अनुशासन जोड़कर करता है प्रभावी समाधान प्रस्तुत

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आज के युवाओं को तीव्र प्रतिस्पर्धा, शैक्षणिक दबाव और डिजिटल दुनिया के विचलनों का सामना करना पड़ता है, जिससे वे जीवन के गहरे अर्थ से दूर होते जा रहे हैं। लाइफ ट्रांसफॉर्मेशन सेंटर युवाओं को प्रकृति, कृषि, अनुशासन और आध्यात्म से जोड़कर इसका प्रभावी समाधान प्रस्तुत करता है। एक किसान के बेटे के रूप में मैं 'आत्मा को मिट्टी से जोड़ना की इस अवधारणा से गहराई से जुड़ाव महसूस करता हूं। जब युवा मिट्टी, भोजन और मेहनत के मूल्य को समझते हैं।

### लाखों छात्रों को शिक्षित करना और राष्ट्रनिर्माण तक मार्गदर्शन देना एक महान सेवा : रामदेव

जबकि स्वामी रामदेव ने कहा कि मुझे लाइफ ट्रांसफॉर्मेशन सेंटर के उद्घाटन का हिस्सा बनकर अत्यंत खुशी हो रही है। एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी जैसे संस्थान युवाओं में केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता ही नहीं, बल्कि चरित्र, मूल्य और राष्ट्रीय जिम्मेदारी का भी विकास कर रहे हैं। लाखों छात्रों को शिक्षित करना और उन्हें व्यक्तिगत विकास से राष्ट्रनिर्माण तक मार्गदर्शन देना समाज के लिए एक महान सेवा है। मैं स्वयं एक साधारण किसान परिवार से आता हूं और समझता हूं कि शिक्षा और आत्मअनुशासन जीवन को किस प्रकार बदल सकते हैं। हर युवा में अपार क्षमता होती है, लेकिन उसे व्यक्तिगत सफलता से आगे किसी बड़े उद्देश्य से जोड़ना आवश्यक है। हमें अपने सपनों को केवल नौकरी या वेतन तक सीमित नहीं रखना चाहिए।

## बिजनेस न्यूज

### सेंट पॉल्स स्कूल में किंडरगार्टन ग्रेजुएशन-डे आयोजित



**भोपाल।** सेंट पॉल्स को-एड स्कूल में नन्हें-मुन्नें विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण मील के पत्थर को चिह्नित करते हुए 'किंडरगार्टन ग्रेजुएशन डे' मनाया गया। छोटे बच्चे अपने पहले बड़े कदम की ओर अग्रसित हुए। यह विशेष अवसर नन्हें सितारों के विकास, उपलब्धि एवं उनकी आनंदमयी यात्रा से संबंधित रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विनीता मिश्रा प्राचार्या, कमला नेहरू पब्लिक स्कूल, भोपाल ने की। इस मौके पर विद्यार्थियों ने गाने, राइम्स के साथ दर्शकों का मन मोह लिया। विभिन्न नृत्यों के माध्यम से विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति की सुंदर झलक प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में स्कूल के प्रयासों और शिक्षकों के समर्पण की प्रशंसा की। प्रिंसिपल डॉ. फादर थॉमस ने नन्हें सितारों को उनके अगले शैक्षिक सत्र के लिए शुभकामनाएं दीं। विशेष उत्सव छोटे ग्रेजुएट्स के अगले कदम की तैयारी के साथ गर्व और खुशी से समाप्त हुआ।

### एलएनसीटी यूनिवर्सिटी और रवींद्रनाथ टैगोर के बीच एमओयू



**भोपाल।** एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में मध्यप्रदेश काउसिंल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (एमपीसीएसटी) द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि दर्ज की गई। इस अवसर पर एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ फार्मेसी और रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के बीच शैक्षणिक सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते पर डॉ. एके सिंघई तथा डॉ. दुर्गा पांडे ने हस्ताक्षर किए। इस एमओयू के माध्यम से दोनों संस्थानों के बीच शिक्षा, अनुसंधान, प्रशिक्षण और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही विद्यार्थियों और शोधार्थियों को संयुक्त शोध परियोजनाओं, शैक्षणिक कार्यक्रमों और ज्ञान के आदान-प्रदान का लाभ प्राप्त होगा। कार्यक्रम के दौरान कई प्रतिष्ठित शिक्षाविद् एवं विशेषज्ञ उपस्थित रहे। इनमें डॉ. एन.के. जैन (सेवानिवृत्त प्रोफेसर, डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर), डॉ. कीर्ति जैन (एसोसिएट प्रोफेसर, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, रायबरेली) और डॉ. महेंद्र जोशी (सीईओ, सेरेब्रल लैब प्राइवेट लिमिटेड)प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### श्री सत्य साई महाविद्यालय में पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन



**भोपाल।** प्रदेश के प्रतिष्ठित ए प्लस ग्रेड प्राप्त श्री सत्य साई महिला महाविद्यालय ,भोपाल में पारितोषिक वितरण समारोह 'उत्साह -2026' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रो.एसके जैन, कुलगुरु बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता की जम्बू भंडारी,अध्यक्ष शासी परिषद श्री सत्य साई महिला महाविद्यालय भोपाल ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ वेदोंच्चारण ,दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। महाविद्यालय की निदेशक डॉ. प्रतिभा सिंह ने स्वागत भाषण द्वारा अतिथियों का स्वागत किया। प्राचार्य डॉ. अर्चना श्रीवास्तव व विधि प्राचार्य डॉ. अंजू बाजपेई ने वर्ष भर का लेखा-जोखा प्रतिवेदन के रूप में प्रस्तुत किया। अतिथियों द्वारा छात्राओं को वर्ष-भर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक एवं उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किए गए।

### आरसीसीपीएल में 55 वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का समापन




**भोपाल।** आरसीसीपीएल में सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता के साथ 55 वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का समापन हुआ। 55 वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह आज सभी उद्योगों में निरंतर सतर्कता और सक्रिय सुरक्षा उपायों के लिए जोरदार आह्वान के साथ संपन्न हुआ। आरसीसीपीएल मैहर द्वारा आयोजित सप्ताह भर चलने वाले इस समारोह में आकर्षक कार्यशालाओं, सूचनात्मक संगोष्ठियों, संवादात्मक प्रदर्शनों और जागरूकता अभियानों की एक श्रृंखला शामिल थी, जिसका समापन आरसीसीपीएल प्रांगण पर आयोजित एक समापन समारोह में हुआ। समापन समारोह में जिसमें कर्मचारियों और समुदाय के सदस्यों सहित 1100 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

**पीथमपुर औद्योगिक संगठन के द्विवार्षिक चुनाव संपन्न**

# डॉ. गौतम कोठारी पुनः अध्यक्ष बने, केदार सभापति और उमेश महासचिव निर्वाचित

**वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल**

मध्यप्रदेश के सबसे बड़े औद्योगिक ग्रोथ सेंटर पीथमपुर, औद्योगिक क्षेत्र खेड़ा एवं विशेष आर्थिक प्रक्षेत्र के समस्त लघु, मध्यम एवं बड़े उद्योगों के प्रतिनिधि संघ पीथमपुर औद्योगिक संगठन के द्विवार्षिक चुनाव (1 अप्रैल 2026 से 31मार्च 2028) संपन्न हुए। संगठन के संचालक मंडल ने केदार बांकड़ा को संचालक मंडल का सभापति एवं डॉ. गौतम कोठारी को संगठन प्रबंध समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। संचालक मंडल द्वारा किए गए मनोनयन में दिनेश मित्तल एवं देवेंद्र पोरवाल उपसभापति मनोनीत किए गए।



प्रबंध समिति के अन्य पदाधिकारियों में डॉ. दर्शन कटारिया (विंदास केमिकल्स) संयुक्त अध्यक्ष,उमेश द्विवेदी (पॉलीराज पाईप एलएलपी) मानसेवी महासचिव, राजेंद्र मोदी (डायवर्सिटेक जनरल इंजी) वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अनिल सबरवाल (क्वेस्ट लेबोरेटरीज लिमिटेड) एवं अनिल अग्रवाल (सुंदरम पैकेजिंग इंडिया प्रा.लि.) उपाध्यक्ष, हेमंत पारेख (श्री क्लोरेट्स) कोषाध्यक्ष, बासु टिबरेवाल (गुजराज आम्बूजा) सचिव, रमिन्दर चड्ढा (वर्थ पैरिफेरल्स ) कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत हुए। इस अवसर पर पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में संगठन के भवन निर्माण के लिए निर्णय लिया गया एवं विभिन्न उपसमितियों का गठन कर विभिन्न सदस्यों को दायित्व सौंपा गया।

**तेलंगाना के कुशल कारीगरों की100 से अधिक घंटों की कारीगरी**

# ब्रांडी कार्लाइल और कैथरीन शेफर्ड ने स्वदेश निर्मित उत्कृष्ट आभूषण पहने

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली**

ऑस्कर के रेड कार्पेट पर, ब्रांडी कार्लाइल और कैथरीन शेफर्ड ने स्वदेश द्वारा निर्मित उत्कृष्ट आभूषण पहने, जिससे हॉलीवुड के सबसे प्रतिष्ठित मंच पर भारतीय शिल्प कौशल की चमक दिखाई दी। ब्रांडी कार्लाइल ने पेटल प्रिज्म ब्रोच पहना था, जो सूरजमुखी की प्राकृतिक ज्यामिति से प्रेरित है।

सोने से हस्तनिर्मित और बीच में एक चमकदार अंडाकार तराशे हुए पन्ना से जड़ा यह ब्रोच, पैवे-सेट हीरे से सजा है, जिसे खुली सेटिंग तकनीक से व्यवस्थित किया गया है जिससे प्रकाश पत्थरों के बीच से स्वतंत्र रूप से गुजर सके। प्रत्येक पंखुड़ी और हीरे जड़े तने को सटीकता से आकार दिया गया है, जिसके लिए तेलंगाना के कुशल कारीगरों द्वारा 100 से अधिक घंटों की कारीगरी की आवश्यकता पड़ी, जिनकी सुनार कला की परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है।



### कपड़े की कोमलता के साथ बेहतरीन डिजाइन

कैथरीन शेफर्ड ने असाधारण लचीलेपन से निर्मित हीरे का हार पहना था, जिसे कपड़े की कोमलता के साथ लिपटने और बहने के लिए डिजाइन किया गया था। इसकी सुगठित संरचना पंख के नाजुक कांटे की तरह है, जिससे प्रत्येक खंड सामंजस्य में हिलता है और गर्दन के साथ एक तरल, भारहीन आकृति बनाता है। हाथ से जड़े हीरों की एक निरंतर पट्टी इस आभूषण में फैली हुई है, जो एक परिष्कृत शेवरॉन-प्रेरित पैटर्न में व्यवस्थित हैं और इसमें विक्टोरियन युग की सूक्ष्म बारीकियां हैं जो इसे एक प्राचीन आकर्षण प्रदान करती हैं।

**बसों की आपूर्ति राज्यों की परिवहन संस्थाओं को चरणबद्ध तरीके से होगी**

# टाटा मोटर्स को राज्य परिवहन संस्थाओं से मिले 5 हजार से ज्यादा बसों के ऑर्डर

**एजेंसी ▶▶ मुंबई**

टाटा मोटर्स को देशभर की कई राज्य परिवहन संस्थाओं से 5 हजार से अधिक बसों और बस चेसिस के ऑर्डर मिले हैं। इन ऑर्डरों के साथ कंपनी ने एक बार फिर बड़े पैमाने पर जन परिवहन समाधान उपलब्ध कराने में अपनी मजबूत स्थिति साबित की है। ये ऑर्डर सरकारी खरीद प्रणाली के तहत प्रतिस्पर्धी ई-बिडिंग प्रक्रिया के जरिए दिए गए हैं। बसों की आपूर्ति संबंधित राज्य परिवहन संस्थाओं के साथ तय योजना के अनुसार चरणबद्ध तरीके से की जाएगी। टाटा मोटर्स के कमर्शियल पैसेंजर व्हीकल बिजनेस हेड एवं वाइस प्रेसिडेंट आनंद एस ने कहाकि कई राज्य परिवहन संस्थाओं से मिले ये ऑर्डर हमारे मोबिलिटी समाधानों पर उनके भरोसे को दर्शाते हैं। हमारी बसें अलग-अलग सड़कों और परिस्थितियों में आराम, सुरक्षा और भरोसेमंद प्रदर्शन देने के लिए डिजाइन की गई हैं। मजबूत इंजीनियरिंग और व्यापक सर्विस सपोर्ट के साथ हम रोज़ाना लाखों यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव देने में राज्य परिवहन संस्थाओं की मदद करते रहेंगे। इन कुल ऑर्डरों से देश में पसंदीदा मोबिलिटी पार्टनर के रूप में हमारी स्थिति और मजबूत होती है और भारत के भविष्य के सार्वजनिक परिवहन को आकार देने की हमारी प्रतिबद्धता भी और सुदृढ़ होती है।



## होंडा कार्स की पहली इलेक्ट्रिक एसयूवी का टेस्ट रन शुरू

**नई दिल्ली।** होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड ने भारत में बैटरी इलेक्ट्रिक वैहिकल (बीईवी) एसयूवी का टेस्ट रन शुरू कर दिया है। इसके साथ ही भारत में इस एसयूवी के पब्लिक रोड वैरिफिकेशन टेस्टिंग की आधिकारिक शुरुआत हो गई। यह भारतीय ग्राहकों के लिए ऑल-न्यू इलेक्ट्रिक एसयूवी पेश करने की ओर होंडा इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के सफर का एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मॉडल का प्रोटोटाईप जापान मोबिलिटी शो 2025 में पेश किया गया था। कंपनी के सीईओ तकाशी नाकाजीमा ने कहाकि पूरे भारत में पब्लिक रोड वैरिफिकेशन टेस्टिंग हमारे इलेक्ट्रिफिकेशन के सफर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। भारत में ड्राईविंग और मौसम की परिस्थितियां अलग हैं। इसलिए हमारे इलेक्ट्रिक वाहनों को वास्तविक परिस्थितियों में टेस्ट करना हमारे लिए महत्वपूर्ण है।





**भोपाल को-ऑपरेटिव सेन्ट्रल बैंक लि. भोपाल**
**प्रधान कार्यालय : 24-25, न्यू मार्केट, टी.टी. नगर भोपाल (म.प्र.)**

क्रमांक/विप./2025-26/3049 भोपाल, दिनांक : 16.03.2026

// विज्ञप्ति //

रबी विपणन वर्ष 2026-27 अंतर्गत समर्थन मूल्य उपार्जन कार्य हेतु सहकारी समितियों के उपार्जन केन्द्रों में लगने वाली आवश्यक सामग्री यथा (धागा गिट्टा वजन 220 ग्राम), रंग / स्याही, टैग (3x4 इंच), इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा (वजन क्षमता 100 किलोग्राम), सिलाई मशीन, स्टेशनरी, डिजिटल माश्यचर मीटर, इनेमल प्लेट, छन्ना ब्लोअर फेन स्टेंन्सिल (18x18 इंच), आदि की आवश्यकता होती है, उक्त सामग्री की दरें निर्धारित करने हेतु / प्रदाय हेतु सीलबंद निविदाएँ कार्यालयीन समय में दिनांक 23.03.2026 तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यक्ति फर्म, सहकारी संस्था, कंपनी, विक्रेता, निविदा की शर्ते बैंक मुख्यालय 24-25, न्यू मार्केट भोपाल (म.प्र.) के सूचना पटल एवं विपणन कक्ष में देख सकते है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
भोपाल को-ऑपरेटिव सेन्ट्रल बैंक लि. भोपाल



**कार्यालय नगर पालिका परिषद् हरदा जिला हरदा (म.प्र.)**

Email-cmoharda@mpurban.gov.in
https://nagarpalikaharda.org
conn. 07577222238
Toll free No 18002331353

क्रमांक ................../जनस्वास्थ्य/2026 हरदा दिनांक 13.03.2026

प्रारूप - 28
(नियम 91 (1) (क) (ii)
ई नगर पालिका आमंत्रण सूचना का प्रारूप
मध्यप्रदेश शासन
नगर पालिका का नाम - नगर पालिका परिषद हरदा

एन.आई.टी संख्या संख्या 1411/ ई-टेंडरिंग

निम्नलिखित निर्माण/आपूर्ति / सेवाओं के लिए निविदा मापदंडो को पूरा करने वाले ठेकेदारों / कंसल्टेंट्स और प्राप्त फर्म्स से ऑनलाईन निविदा आंमत्रित है।

| क्रं. सं. / पैकेज | निर्माण कार्य / आपूर्तियों / सेवाऐं | जिला | संभावित राशि | समापन अवधि (माह) |
|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD_490035_1 | नगर पालिका परिषद हरदा में स्वच्छ भारत मिशन 2.0 (शहरी) अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण केन्द्र में मटेरियल रिकवरी फेसिलिटी हेतु विभिन्न प्रकार की मशीनरी क्रय (with Installation & Testing Complete) | हरदा | 70.00 लाख रू. | 01 माह |

1. इच्छुक बोलीदाता www.mptenders.gov.in वेबसाइट पर एनआईटी देख सकता हैं।
2. निविदा दस्तावेज सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर दिनांक 13.03.2026 समय 10:10 AM से 13.04.2026 समय 5:30 PM बजे तक ऑलनाईन क्रय किये जा सकते हैं।
3. एनआईटी में संशोधन, यदि कोई होता है, तो केवल, वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा और समाचार पत्र में नहीं।
4. किसी भी स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो तो कृपया श्री विवेक दुबे उपयंत्री मोबाईल नं 9425044254 पर संपर्क करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद हरदा
अंशुल आलोक गोयल, उपाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद हरदा
भारती राजू कमेडिया, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद हरदा

चिंतन

# वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए खतरा बनता जा रहा है युद्ध

दुनिया एक बार फिर ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां युद्ध की लपटें केवल सीमाओं तक सीमित नहीं रह जातीं, बल्कि पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था को अपनी चपेट में ले लेती हैं। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ता तनाव अब केवल कूटनीतिक या सैन्य संघर्ष नहीं रह गया है, बल्कि इसका सीधा असर आम आदमी की जेब और रसोई तक पहुंच गया है। यह युद्ध वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए धीरे-धीरे एक बड़े खतरे का रूप लेता जा रहा है। इतिहास गवाह है कि जब भी मध्य-पूर्व में संघर्ष बढ़ता है, तो उसका पहला और सबसे बड़ा असर ऊर्जा बाजार पर पड़ता है। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी इसका तात्कालिक परिणाम होती है। तेल महंगा होने का मतलब है परिवहन महंगा होना, उद्योगों की लागत बढ़ना और अंततः हर वस्तु की कीमत में वृद्धि। यही कारण है कि जैसे-जैसे इस युद्ध की आहट तेज हो रही है, वैश्विक बाजारों में अस्थिरता भी बढ़ती जा रही है। निवेशकों में घबराहट है, शेयर बाजार गिर रहे हैं और अर्थव्यवस्था की रफ्तार पर अनिश्चितता का साया गहरा रहा है। इस संकट का असर अब आम जनजीवन पर भी स्पष्ट दिखने लगा है। विमान किराए में अचानक बढ़ोतरी इसका एक उदाहरण है। इसी तरह रसोई गैस और कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से घरेलू बजट पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। होटल और ढाबों में खाना भी महंगा हो गया है, क्योंकि कमर्शियल गैस की उपलब्धता कम हो रही है और कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं। बाजार की स्थिति भी चिंता पैदा करने वाली है। शेयर बाजार में लगातार गिरावट से निवेशकों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। जिन लोगों ने अपनी बचत और पूंजी बाजार में लगाई थी, वे अनिश्चितता और अस्थिरता के दौर से गुजर रहे हैं। वैश्विक तनाव का असर केवल बड़े निवेशकों पर ही नहीं, बल्कि छोटे निवेशकों और मध्यम वर्ग पर भी पड़ रहा है। युद्ध का एक और बड़ा असर वैश्विक सप्लाई चेन पर पड़ता है। जब अंतरराष्ट्रीय व्यापार और परिवहन प्रभावित होते हैं, तो जरूरी सामानों की आपूर्ति बाधित हो जाती है। हाल के दिनों में इंडक्शन चूल्हों की मांग में 400 से 500 प्रतिशत तक बढ़ोतरी इसी का उदाहरण है। रसोई गैस की अनिश्चितता के कारण लोग वैकल्पिक साधनों की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं, लेकिन इनकी आपूर्ति भी सीमित है। चीन से कच्चा माल आने में लगभग 45 दिन का समय लगने के कारण बाजार में इनकी उपलब्धता तुरंत बढ़ पाना संभव नहीं है। महंगाई का यह दबाव केवल घरेलू स्तर तक सीमित नहीं रहेगा। थोक महंगाई दर में वृद्धि होने पर उसका असर खुदरा बाजार में भी दिखाई देता है। यानी रोजमर्रा की जरूरत की चीजें खाद्य पदार्थ, परिवहन, बिजली और अन्य सेवाएं सब कुछ महंगा हो जाता है। इसका सबसे ज्यादा असर गरीब और मध्यम वर्ग पर पड़ता है, जिनकी आय सीमित होती है, लेकिन खर्च लगातार बढ़ता चला जाता है। ऐसे समय में वैश्विक शक्तियों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। कूटनीति और संवाद के माध्यम से समाधान निकालना ही इस संकट से बाहर निकलने का एकमात्र रास्ता है। यदि यह संघर्ष लंबा खिंचता है, तो न केवल ऊर्जा संकट गहराएगा, बल्कि वैश्विक आर्थिक मंदी का खतरा भी बढ़ सकता है। इसका असर विकासशील देशों पर सबसे ज्यादा पड़ेगा, जहां पहले से ही महंगाई और बेरोजगारी जैसी चुनौतियां मौजूद हैं। आज जरूरत इस बात की है कि विश्व समुदाय मिलकर इस युद्ध को रोकने की दिशा में ठोस कदम उठाए। शांति और स्थिरता ही वह आधार है जिस पर वैश्विक अर्थव्यवस्था टिक सकती है।

# राष्ट्रीय राजनीति भी तय करेंगे विस चुनाव



चुनाव
राज कुमार सिंह

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की रणभेरी बज गई है, लेकिन सबसे ज्यादा निगाहें पश्चिम बंगाल के चुनाव पर रहेंगी। कांग्रेस छोड़ अपनी अलग तृणमूल कांग्रेस बनाने वाली ममता बनर्जी वहां तीन बार से मुख्यमंत्री हैं। दिलचस्प समीकरण यह कि पहले सत्ता में रही कांग्रेस और फिर तीन दशक से भी ज्यादा सत्तारूढ़ रहा वाम मोर्चा अब बंगाल की राजनीति में हाशिये पर हैं, जबकि भाजपा मुख्य विपक्षी दल बन चुकी है। पिछले चुनाव में भी भाजपा ने बंगाल में बदलाव का माहौल तो बनाया था, लेकिन 294 सदस्यीय विधानसभा में 100 का आंकड़ा भी नहीं छू पाई, जबकि ममता की तृणमूल 215 सीटें जीत गई। दोनों दलों के मत प्रतिशत में भी 10 प्रतिशत का भारी अंतर रहा।

पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुदुचेरी में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज गया है। चुनाव परिणाम इन पांच राज्यों में भावी सरकार का फैसला ही नहीं करेंगे, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति की दिशा भी बताएंगे। इन राज्यों का सत्ता संग्राम ज्यादा दिलचस्प इसलिए भी होगा, क्योंकि दो राज्यों में केंद्र में सत्तारूढ़ गठबंधन राजग की सरकारें हैं तो तीन में विपक्षी गठबंधन इंडिया की। सत्ता तो हर राज्य की महत्वपूर्ण होती है, पर सबसे ज्यादा निगाहें पश्चिम बंगाल के चुनाव पर रहेंगी। कांग्रेस छोड़ अपनी अलग तृणमूल कांग्रेस बनाने वाली ममता बनर्जी वहां तीन बार से मुख्यमंत्री हैं। दिलचस्प समीकरण यह कि पहले सत्ता में रही कांग्रेस और फिर तीन दशक से भी ज्यादा सत्तारूढ़ रहा वाम मोर्चा अब बंगाल की राजनीति में हाशिये पर हैं, जबकि भाजपा मुख्य विपक्षी दल बन चुकी है। पिछले चुनाव में भी भाजपा ने बंगाल में बदलाव का माहौल तो बनाया था, लेकिन 294 सदस्यीय विधानसभा में 100 का आंकड़ा भी नहीं छू पाई, जबकि ममता की तृणमूल 215 सीटें जीत गई। दोनों दलों के मत प्रतिशत में भी 10 प्रतिशत का भारी अंतर रहा।

बेशक तीन सीटों से 77 सीटों की छलांग कम चमत्कारिक नहीं, पर बहुमत का आंकड़ा 147 है। तमाम तिकड़मों के बावजूद भाजपा उसका आधा सफर ही तय कर पाई। दो सीटों से लड़ीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को चर्चित नंदीग्राम सीट से शुभेंदु अधिकारी द्वारा हरा देना शायद भाजपा की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। कभी कांग्रेस, फिर तृणमूल कांग्रेस में रहे शुभेंदु बंगाल में भाजपा के सबसे बड़े नेता हैं। लगातार तीन कार्यकाल के बाद ममता और तृणमूल के विरुद्ध सत्ता विरोधी भावना की संभावना से इनकार नहीं, पर उसका चुनावी लाभ उठाने के लिए स्वीकार्य विश्वसनीय चेहरा और मजबूत संगठन तो चाहिए।

विशाल अल्पसंख्यक वोट बैंक तृणमूल कांग्रेस की बड़ी चुनावी ताकत है। इसीलिए भाजपा हिंदू मतदाताओं को अपने पक्ष में गोलबंद करने की कवायद करती रहती है। इस कवायद और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सक्रियता से भाजपा अपने और तृणमूल के बीच के फासले को कितना तय कर पाएगी पश्चिम बंगाल का चुनाव परिणाम इस पर काफी निर्भर करेगा। पिछली बार मिल कर लड़े कांग्रेस और वाम मोर्चा इस बार अलग-अलग चुनाव मैदान में उतरेंगे। उनकी सीमित चुनावी भूमिका में यह देखना दिलचस्प रहेगा कि वे तृणमूल के अल्पसंख्यक वोट बैंक में सेंध लगाते हैं या फिर सत्ता विरोधी मतदाताओं में हिस्सा बंटा कर भाजपा को नुकसान पहुंचाते हैं। एक बात तय है कि यह चुनाव ममता और भाजपा, दोनों के लिए करो या मरो वाला रहेगा। ममता के लिए यह चुनाव सबसे चुनौतीपूर्ण होगा। इसलिए भाजपा के लिए बंगाल में सरकार बनाने का यह सबसे अनुकूल अवसर भी माना जा रहा है।

अगर ममता चौथी बार भी जनादेश पाने में सफल रहीं तो विपक्षी गठबंधन इंडिया के जरिये राष्ट्रीय राजनीति में उनकी भूमिका को नजरअंदाज करना कांग्रेस के लिए मुश्किल हो जाएगा। तमिलनाडु की राजनीति अरसे तक



द्रमुक और अन्नाद्रमुक के बीच दो ध्रुवीय रही, लेकिन जयललिता के निधन के बाद वह संतुलन गड़बड़ा गया है। अन्नाद्रमुक के एकीकरण और उससे गठबंधन के जरिये भाजपा वहां सत्ता परिवर्तन की संभावनाएं तलाश रही है, लेकिन एम के स्टालिन सरकार के कार्यकाल में रह-रह सनातन धर्म और हिंदी भाषा को ले कर उठते रहे विवादों के बावजूद यह आसान नहीं लगता। हां, टीवीके नामक दल बना कर फिल्म अभिनेता से राजनेता बने थलापति विजय अगर बड़ी ताकत बन कर उभरे तो तमाम समीकरण गड़बड़ा सकते हैं। राष्ट्रीय स्तर पर तो द्रमुक और कांग्रेस, इंडिया गठबंधन में शामिल हैं ही, तमिलनाडु में भी दोनों में पुराना गठबंधन है। अगर द्रमुक गठबंधन सत्ता बचाने में सफल रहा तो उससे राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन का भी मनोबल बढ़ेगा ही। अन्य क्षत्रपों की तरह एम के स्टालिन भी अपने बेटे उदयनिधि की ताजपोशी करना चाहते हैं, लेकिन उनकी राष्ट्रीय राजनीतक महत्वाकांक्षाओं का कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिला है। वैसे सनातन और हिंदी विरोधी छवि के मद्देनजर एम के स्टालिन के लिए राष्ट्रीय राजनीति की डगर आसान होगी भी नहीं। इंडिया गठबंधन भी उनसे जुड़े विवादों से बचना ही चाहेगा। अगर टीवीके की चुनावी मौजूदगी से गैर द्रमुक दलों की सत्ता संभावनाएं बनीं तो वह एक धुर दक्षिण भारतीय राज्य में भाजपा के लिए बिना टिकट खरीदे ही लॉटरी खुल जाने से कम नहीं होगा। पांच चुनावी राज्यों में भाजपा की जीत की सबसे बेहतर संभावनाएं असम में हैं। अरसे से घुसपैठ और जनसांख्यिकी परिवर्तन जैसे मुद्दों से घिरे रहे असम में लगातार दूसरी बार भाजपा सरकार है। पूर्व कांग्रेसी हिमंत बिस्वा सरमा ने पूर्वोत्तर राज्यों में भाजपा का जैसा विस्तार करवाया, उसके पुरस्कार स्वरूप उन्हें पिछले चुनाव के बाद असम का मुख्यमंत्री बनाया गया। भाजपा के लाड़ले हिमंत इस समय कांग्रेस ही नहीं, राहुल गांधी के भी सबसे मुखर आलोचक हैं। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन बोरा को भाजपा में शामिल करवा कर हिमंत ने कांग्रेस को एक और बड़ा झटका चुनाव से ठीक पहले दिया। बेशक असम की राजनीति में गठबंधन आज भी निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। इसलिए यह देखना दिलचस्प होगा कि भाजपा और कांग्रेस में से कौन बेहतर ढंग से चुनावी गठबंधन को अंजाम दे पाता है। राहुल के करीबी गौरव गोगोई के राजनीतिक भविष्य का फैसला भी काफी हद तक ये चुनाव कर देंगे।

केरल की दो ध्रुवीय राजनीति में भाजपा के लिए ज्यादा संभावनाएं हैं नहीं। बेशक वहां से लोकसभा चुनाव जीते अभिनेता गोपी केंद्र में मंत्री बनाए गए। हाल ही में कांग्रेस सांसद शशि थरूर के निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा अपना मेयर भी बनाने में सफल हो गई, लेकिन केरल की सत्ता की जंग अभी भी मुख्यतः वाम मोर्चा यानि एलडीएफ और कांग्रेसनीत मोर्चा यूडीएफ के बीच ही सिमटी है। कोई भी जीते, सत्ता इंडिया गठबंधन के पास ही रहेगी, लेकिन ध्यान रहे कि देश में केरल एकमात्र राज्य है, जहां वाम सत्ता बची हुई है। उस किले का ढ़हना वाम राजनीति पर विराम जैसा होगा। केंद्रशासित पुदुचेरी की राजनीति बहुत कुछ तमिलनाडु की तर्ज पर चलती है। पिछली बार पासा पलट गया, क्योंकि द्रमुक की दोस्त कांग्रेस का चुनावी प्रदर्शन बेहद लचर रहा। परिणामस्वरूप क्षेत्रीय दल एनआरकांग्रेस और भाजपा मिल कर सरकार बनाने में सफल हो गए। इस बार वहां गठबंधन की बिसात पर कौन कैसा प्रदर्शन करेगा, सत्ता का जनादेश उसी समीकरण पर निर्भर करेगा।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

ग्लोबल वार्मिंग
ऋतुपर्ण दवे




# क्यों मार्च का यह महीना माथे पर ला रहा पसीना?

इस बार मार्च में होने वाली तपन का अहसास फरवरी से ही होने लगा था, लेकिन इस बात का अंदेशा जरूर नहीं था कि गर्मी कई इलाकों में रिकॉर्ड तोड़ेगी। इसके पीछे प्राकृतिक कारणों से ज्यादा मानवीय कारण हैं, जिसके चलते जलवायु परिवर्तन का असर साफ-साफ दिखने लगा है। ज्यों ही फरवरी का वैश्विक तापमान 1.49 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज हुआ, मार्च को लेकर वैज्ञानिक चिंतित हो गए। हुआ भी वही। भारत के संदर्भ में देखें तो अभी से भीषण गर्मी की स्थिति मिश्रित जलवायु जोखिम की घटनाएं बन रही है। इसे कम्पाउंड क्लाइमेट रिस्क कहते हैं जो कई खतरनाक स्थितियों के चलते एक साथ, या एक के बाद एक लगातार उत्पन्न होती है। इसके ठीक उलट रात अपेक्षाकृत ठण्डी होती है और कई जगह दिन बहुत गर्म। यही सब मिलकर अत्याधिक विनाशकारी परिणामों का कारण बनते हैं। ऐसा लगता है कि अप्रैल-मई सा कहर अभी शेष बचे पखवाड़े में इसी मार्च दिखेगा। हालांकि भारत के मौसम विभाग (आईएमडी) ने मार्च के लिए अपने अनुमान में पहले ही साफ कर दिया था कि पश्चिमी हिमालय क्षेत्र, मध्य भारत और प्रायद्वीपीय में दिन का तापमान सामान्य से ज्यादा रह सकता है और गुजरात, मध्यप्रदेश व आंध्र प्रदेश में सामान्य से ज्यादा तेज गर्म हवाएं चलेंगी। दिल्ली में तो 7 मार्च को ही अधिकतम तापमान 35.7 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा जो बीते 50 वर्षों में पहली बार मार्च के पहले हफ्ते में इतना अधिक था, जबकि महानगर मुंबई भी बुरी तरह से गर्मी की चपेट में है यहां दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच रहा है और लोग गर्मी से इस कदर बेचैन हैं कि भारत मौसम विज्ञान विभाग को सचेत करते हुए वहां ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी करना पड़ा। जबकि गुजरात के राजकोट और सुरेंद्रनगर में तापमान 41.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो देश में सबसे अधिक था। भारत के कई क्षेत्रों विशेषकर उत्तर-पश्चिमी राज्यों में मार्च की शुरुआत में ही अच्छी खासी गर्मी महसूस होने लगी। कई जगहों पर तापमान सामान्य से 8 से 13 डिग्री सेल्सियस ज्यादा दर्ज किया गया। अमूमन ऐसी स्थिति को हीटवेव माना जाता है। हैरानी वाली बात यह है कि पहाड़ी ठंडे क्षेत्रों में पारा तेजी से बढ़ रहा है जो बेहद चिंताजनक है। इसी दौरान हिमाचल की राजधानी शिमला में भी तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया। वहीं, राज्य के कांगड़ा, मंडी, कुल्लू और सोलन जिलों में जबरदस्त गर्मी की चेतावनी जारी की गई है, जबकि 15 मार्च तक बारिश का पूर्वानुमान है। बीता 8 मार्च पूरे राज्य में शुष्क मौसम के रूप में दर्ज हुआ, जबकि सुंदरनगर, धर्मशाला, सोलन और भुंतर में जबरदस्त गर्मी रही। अब प्रकृति का संतुलन कहें या बिगड़ा मिजाज दोनों देखने को मिल रहे हैं। उना की ऐसी ही मौसमी घटना चिंता बढ़ाने वाली है जहां दिन में तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा जबकि कुकुमसेरी (लाहौल-स्पीति) में रात का तापमान 2.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अब यह गर्मी दुनिया भर में महज आंकड़े गिनाने तक सीमित नहीं रही बल्कि कई देशों में बाढ़, बारिश और भीषण तूफानों के रूप में भी लोगों के जीवन पर भारी पड़ रही है। जहां फरवरी में यूरोप और उत्तरी अफ्रीका के तमाम देशों में लगातार बारिश से शहर और गांव डूब गए वहीं ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका के कुछ हिस्सों में आई बाढ़ ने बड़ी जनसंख्या को बेघर कर दिया। फ्रांस, स्पेन, पुर्तगाल और मोरक्को में लगातार भारी बारिश से कई शहर और गांव डूब गए। सड़कों पर नदियां बहने लगीं, घरों में पानी भर गया और हजारों लोगों की जिंदगी और रोजी-रोजगार भी तबाह हो गए। इसकी वजह मौसम वैज्ञानिक बताते हैं कि सर्दियों में बारिश कम होती है तो पश्चिमी विक्षोभ यानी वेस्टर्न डिस्टरबेंस कम आते हैं जिससे जमीन सूखी रह जाती है और ऐसे हालातों में धूप जमीन पर पड़ते ही तेज गर्म होने लग जाती है। वहीं यदि बारिश होती तो जमीन नम रहती और भाप बनकर उड़ती जिस कारण गर्मी हौले-हौले बढ़ती, जो नहीं हुआ। मौसम के जानकार बताते हैं कि नवंबर 2025 से पर्याप्त वेस्टर्न डिस्टर्बेंस नहीं आए, जिसके चलते सर्दियों में बारिश-बर्फबारी कम हुई साथ ही समुद्र से नमीं लाने वाली हवाएं भी नहीं चलना, दूसरा बड़ा कारण बना। दरअसल, वेस्टर्न डिस्टर्बेंस वो मौसम तंत्र होते हैं, जो पश्चिम से पूर्व की ओर बढ़ते हुए बारिश या बर्फबारी लाते हैं। ये सिस्टम भारत के लिए ईरान के आसपास के क्षेत्रों में बनते हैं और भूमध्य सागर से नमी लेकर भारत तक आते हैं। अच्छा होता कि वक्त रहते सजग हो जाते और पर्यावरण को बिगाड़ने का खेल रोक पाते जिससे मानव के अस्तित्व पर आए संकट को टाला जा सकता है वरना धीरे-धीरे वो दिन करीब आ रहा है जब डायनासोर की तरह कभी धरती पर इंसान भी आबाद था की ओर बढ़ रहे हैं। काश, इतना समझ पाते?

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अहिंसा के प्रयोग



संकलित
दर्शन

हिंसा को किसी भी प्रकार से रोकना या इसके प्रभाव को कम करना, समाज का अनिवार्य कर्तव्य है। हिंसा अनेक तरह की हो सकती है। शारीरिक हिंसा के अतिरिक्त यह मानसिक, शाब्दिक या परोक्ष भी हो सकती है। ऐसी स्थितियां उत्पन्न कर देना, जिससे भय एवं आतंक की छाया में जीवन हर समय आशंकित हो, अव्यवस्थित हो-अप्रत्यक्ष हिंसा है। इसलिए प्रत्येक हिंसा का शमन ही मानव के लिए हितकारी है। हिंसा किसी पशु या अमानुष का विषय हो सकती है, परंतु मानव का धर्म कतई नहीं हो सकती। अहिंसा परमो धर्मः, यही सत्य वचन है। हिंसा किसी समस्या का हल नहीं है। अहिंसा सभी समस्याओं का हल है। लोगों के मन के भीतर प्रेम का बीज होता है, घृणा का फल नहीं। सावधानी से आदर्श व्यवहार का धैर्यपूर्वक पालन किया जाए तो विवाद की स्थिति नहीं आ सकती। किसी विवाद के उत्पन्न होने से शांति के लिए सदैव एक राह शेष रहती है, इस तथ्य को गांठ बांध लेना चाहिए। वार्ता से रास्ता निकलता है। संवेदनहीनता से मानवता का मार्ग अवरुद्ध होगा। आप भगवान को मानें या न मानें, इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ेगा, बल्कि इससे आपका महत्व अवश्य बढ़ेगा या घटेगा। इसी तरह प्रकृति के विषय में सार्थक सोच होना चाहिए। नैतिकता के पाठों में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। हिंसा तो मानवता के लिए विष के समान है। अहिंसा का प्रयोग करने वाले व्यक्ति शांति के सच्चे नायक हैं। जीवन में अहिंसा का मूल मंत्र सबसे उपयोगी तंत्र बन सकता है, व्यवस्था और जनता दोनों के हित में यही कारगर उपाय भी है।

## कद्दू का तीर्थ स्नान



संकलित
प्रेरणा

एक बार तीर्थ यात्रा पे जाने वाले लोगो का संघ, संत तुकाराम जी के पास जाकर उनके साथ चलने की प्रार्थना की। तुकारामजी ने अपनी असमर्थता बताई। उन्होंने तीर्थयात्रियो को एक कड़वा कद्दू देते हुए कहा-मैं तो आप लोगो के साथ आ नहीं सकता लेकिन आप इस कद्दू को साथ ले जाईए और जहां-जहां भी स्नान करे, इसे भी पवित्र जल में स्नान करा लाये। लोगो ने उनके गूढार्थ पे गौर किये बिना ही वह कद्दू ले लिया और जहां-जहां गए, स्नान किया वहां-वहां स्नान करवाया। मंदिर में जाकर दर्शन किया तो उसे भी दर्शन करवाया। ऐसे यात्रा पूरी होते सब वापस आए और उन लोगो ने वह कद्दू संतजी को दिया। तुकारामजी ने सभी यात्रिओ को प्रीतिभोज पर आमंत्रित किया। तीर्थयात्रियों को विविध पकवान परोसे गए। तीर्थ में घूमकर आये हुए कद्दूकी सब्जी विशेष रूपसे बनवायी गयी थी। सभी यात्रियों ने खाना शुरू किया और सबने कहा कि यह सब्जी कड़वी है। तुकारामजी ने आश्चर्य बताते कहा कि यह तो उसी कद्दू से बनी है, जो तीर्थ स्नान कर आया है। बेशक यह तीर्थाटन के पूर्व कड़वा था, मगर तीर्थ दर्शन तथा स्नान के बाद भी इसी में कड़वाहट है! यह सुन सभी यात्रियों को बोध हो गया कि हमने तीर्थाटन किया है लेकिन अपने मन को एवं स्वभाव को सुधारा नहीं तो तीर्थयात्रा का अधिक मूल्य नहीं है। हम भी एक कड़वे कद्दू जैसे कड़वे रहकर वापस आए है।

## सटाका




## आज की पाती

### जल संरक्षण के ठोस उपाय जरूरी

हर साल 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य पूरी दुनिया को यह याद दिलाना है कि पानी केवल एक प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन की मूलभूत आवश्यकता है। पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व जल पर ही निर्भर है। फिर भी आज मानव गतिविधियों के कारण जल संकट तेजी से गंभीर होता जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 1993 से शुरू किया गया यह दिवस दुनिया भर में मीठे पानी के महत्व को रेखांकित करने, जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सतत जल प्रबंधन को प्रोत्साहित करने का एक वैश्विक प्रयास है। पृथ्वी की सतह का लगभग 71 प्रतिशत हिस्सा पानी से ढका हुआ है, लेकिन इसमें से केवल लगभग 2 .5 प्रतिशत ही मीठा पानी है और उसमें भी बहुत कम मात्रा सीधे मानव उपयोग के लिए उपलब्ध है। जल संरक्षण निहायत ही जरूरी है।

*–कविता रानी, सोनीपत*

## ट्रेंड

### जन्मदिन की शुभकामनाएं



केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। मोदी जी के नेतृत्व में आप जल संसाधनों के संरक्षण, प्रबंधन और हर घर तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में सराहनीय कार्य कर रहे हैं। ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करता हूँ। **-अमित शाह,** केंद्रीय गृह मंत्री

### ईरान से पूर्व निधारित समझौता नहीं



होर्मुज जलडमरूमध्य से भारतीय ध्वज वाले जहाजों के पारगमन के लिए भारत का ईरान के साथ कोई "पूर्व निर्धारित समझौता" नहीं है और प्रत्येक जहाज की आवाजाही एक अलग घटना है। भारत व तेहरान के बीच हुई बातचीत के बाद भारतीय ध्वज वाले दो टैंकर इस महत्वपूर्ण मार्ग से गुजर सके हैं। **-एस जयशंकर,** विदेश मंत्री

### जमीनी हकीकत अलग



पेट्रोलियम मंत्री ने लोकसभा में दावा किया कि एलपीजी की कमी नहीं है, लेकिन जमीनी हकीकत सरकारी दावों को गलत साबित कर रही है। अगर सरकार समय रहते इंतजाम कर लेती, तो हालात इतने खराब नहीं होते। **-मल्लिकार्जुन खरगे,** कांग्रेस, अध्यक्ष

### देश में ईंधन संकट का डर



प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर पैदा हो रहे संकट की पहले से जानकारी थी। इसके बावजूद सरकार ने ईरान के साथ अपने संबंधों को मजबूत नहीं रखा, जिसकी वजह से अब देश में एलपीजी की कमी और ईंधन संकट का डर पैदा हो गया है। **-संजय सिंह,** सांसद आप

## करंट अफेयर

### किम ने बेटी के साथ रॉकेट प्रक्षेपण प्रणालियां देखीं



उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अपनी बेटी के साथ बहु रॉकेट प्रक्षेपण प्रणालियों के परीक्षण का निरीक्षण किया। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। इसे अमेरिका और दक्षिण कोरिया के जारी सैन्य प्रशिक्षण के संभावित जवाब के रूप में देखा जा रहा है। उत्तर कोरिया ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यासों का जवाब देने की हाल में धमकी दी थी। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच 'फ्रीडम शील्ड' सैन्य अभ्यास जारी है। दोनों देश के संयुक्त सैन्य अभ्यासों को उत्तर कोरिया अपने ऊपर आक्रमण की तैयारी बताता रहा है। सरकारी 'कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) ने बताया कि किम ने शनिवार को उत्तर कोरिया के पूर्वी तट के पास 12 अति–सटीक 600 मिमी कैलिबर के रॉकेट प्रक्षेपकों के परीक्षण को देखा। दक्षिण कोरिया की सेना ने शनिवार को जानकारी दी थी कि उत्तर कोरिया ने शनिवार को पूर्वी सागर की ओर लगभग 10 बैलिस्टिक मिसाइल दागीं। दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने इन प्रक्षेपणों को ऐसा उकसावे वाला कदम बताया जो उत्तर कोरिया की किसी भी बैलिस्टिक गतिविधि पर रोक लगाने संबंधी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन करता है।

## ऑफ बीट

### पार्किंसंस के लक्षण मर्दों व औरतों में होते हैं अलग



पार्किंसंस एक लगातार बढ़ने वाली बीमारी है जिसमें मस्तिष्क के 'सबस्टैंशिया नाइग्रा' नामक भाग में डोपामाइन नामक रासायनिक संदेशवाहक का उत्पादन करने वाली कोशिकाएं मरने लगती हैं। इसके साथ ही मस्तिष्क में कई अन्य परिवर्तन भी होते हैं। आमतौर पर इसे गति विकार माना जाता है। सामान्य मोटर लक्षणों में आराम की स्थिति में कंपन, धीमी गति (ब्रैडीकाइनेसिया), मांसपेशियों में अकड़न और संतुलन संबंधी समस्याएं शामिल हैं। लेकिन पार्किंसंस रोग में कई कम ज्ञात गैर–गतिशील लक्षण भी शामिल होते हैं। इनमें निम्नलिखित हो सकते हैं– मनोदशा में परिवर्तन स्मृति और संज्ञानात्मक क्षमता में कठिनाई (जिसमें धीमी गति से सोचना, योजना बनाने या एक साथ कई कार्य करने में चुनौतियां और ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई शामिल है) नींद संबंधी विकार स्वायत्त तंत्रिका तंत्र की शिथिलता (जैसे कब्ज, निम्न रक्तचाप और मूत्र संबंधी समस्याएं)। हालांकि इन्हें कभी–कभी पार्किंसंस के 'अदृश्य' लक्षण कहा जाता है, लेकिन ये अक्सर गति विकार लक्षणों की तुलना में जीवन की गुणवत्ता पर अधिक नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। अध्ययन ने इस बात की पुष्टि की कि गैर–गतिशील लक्षण कितने आम हैं।

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।



# संयुक्त सचिव शर्मा का दावा
# देश में एलपीजी की लगातार आपूर्ति जारी, कहीं कमी की सूचना नहीं

**सुजाता शर्मा ने कहा कि देश की सभी रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं और पेट्रोल पंप पर ईंधन की कोई कमी नहीं है। सीएनजी और पीएनजी उपभोक्ताओं को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति भी सामान्य रूप से जारी है**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶नई दिल्ली

पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण पैदा हुए आपूर्ति संकट पर पेट्रोलियम मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि मौजूदा स्थिति चिंताजनक है। हालांकि घरेलू उपभोक्ताओं की जरूरतें पूरा करने के लिए एलपीजी की आपूर्ति जारी है। देश में किसी भी एलपीजी वितरक के यहां गैस समाप्त होने की सूचना नहीं है।

उन्होंने कहा कि इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) दिल्ली और आसपास के शहरों में उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर के बजाय 'पाइप से मिलने वाली रसोई गैस' (पीएनजी) कनेक्शन लेने वाले घरेलू उपभोक्ताओं को 31 मार्च से पहले उपयोग शुरू करने पर 500 रुपए तक की मुफ्त गैस दे रही है।

**पीएनजी जैसे वैकल्पिक स्त्रोतों पर छूट दी जा रही**

**गैस सिलेंडर की बुकिंग में 33 लाख की कमी**



उप्र के मेरठ में एलपीजी वितरक के यहां लगी भीड़

## पेट्रोल की कमी नहीं

सुजाता शर्मा ने कहा कि देश की सभी रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं और पेट्रोल पंप पर ईंधन की कोई कमी नहीं है। सीएनजी और पीएनजी उपभोक्ताओं को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति भी सामान्य रूप से जारी है। उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर की बुकिंग 15 मार्च को घटकर करीब 50–55 लाख रह गई, जो ईरान युद्ध से पहले के स्तर के करीब है। इससे पहले शनिवार को यह आंकड़ा लगभग 77 लाख था और 13 मार्च को यह बढ़कर 88.8 लाख के उच्च स्तर पर पहुंच गया था। शर्मा ने कहा कि यह देखना अभी बाकी है कि सिलेंडर बुकिंग में आई यह गिरावट एक स्थायी रुझान है या फिर 15 मार्च को रविवार होने के कारण आई गिरावट है।

## 5000 रुपए में बिक रहा सिलेंडरः खरगे

राज्यसभा में देश में एलपीजी संकट के मुद्दे पर सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने संकट के लिए सरकार की अग्रिम योजना की कमी को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि एलपीजी संकट का असर देश के लगभग हर हिस्से में महसूस किया जा रहा है और घरेलू उपभोक्ता काफी परेशान हैं। उन्होंने दावा किया कि कई स्थानों पर एलपीजी सिलेंडर 5,000 रुपए से अधिक कीमत पर बेचे जा रहे हैं।

### विपक्ष अराजकता फैला रहाः नड्डा

नड्डा ने कहा कि मौजूदा संघर्ष के लिए भारत जिम्मेदार नहीं है, लेकिन इसके बावजूद विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस, संकट के समय भी राजनीति कर रहे हैं। विपक्ष लोगों को उकसा रहा हैं और देश के शांतिप्रिय नागरिकों को भड़का रहे हैं। देश के साथ खड़े होने के बजाए वे अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं, जो निंदनीय है।

### ऑनलाइन बुकिंग करने की अपील

सुजाता शर्मा ने कहा कि एलपीजी बुकिंग में ऑनलाइन माध्यमों की हिस्सेदारी बढ़कर करीब 90 प्रतिशत हो गई है, जो पहले लगभग 87 प्रतिशत थी। उन्होंने उपभोक्ताओं से एलपीजी सिलेंडर की ऑनलाइन बुकिंग और घर तक आपूर्ति की सुविधा का उपयोग करने, घबराहट में बुकिंग करने से बचने और संभव होने पर पीएनजी जैसे वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोत अपनाने की अपील की।

## खबर संक्षेप

### स्कूल में टॉवेल डांस वीडियो वायरल



**कोलकाता।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ स्कूली छात्राएं स्टेज पर बॉलीवुड के मशहूर गाने 'मेरे ख्वाबों में' पर टॉवल लपेटकर डांस करती नजर आ रही हैं। बताया जा रहा है कि ये वीडियो कोलकाता के एक सीबीएसई प्राइवेट स्कूल के कार्यक्रम का है। कई यूजर्स इसे अनुचित ठहरा रहे हैं।

### अग्निकांड पर पीएम ने दुख व्यक्त किया



**दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ओडिशा में कटक स्थित एससीबी मेडिकल कॉलेज अग्निकांड पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। हादसे में अब तक 10 मरीजों की मौत हो गई और कई गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। पीएम ने ऐलान किया कि प्रत्येक परिवार को 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी।

### आज से शुरू होगी नई एक्सप्रेस डिलीवरी सेवा



**नई दिल्ली।** इंडिया पोस्ट जल्द ही एक नई एक्सप्रेस डिलीवरी सेवा शुरू करने जा रहा है, जिसके तहत पार्सल और कंसाइनमेंट को 24 घंटे के भीतर पहुंचाया जाएगा। संचार मंत्रालय ने बताया कि डाक विभाग 17 मार्च को '24 स्पीड पोस्ट' सेवा शुरू करेगा, जिसका उद्देश्य जरूरी और समयबद्ध पार्सल की अगले दिन गारंटी के साथ डिलीवरी करना है।

### ट्रांसजेंडर को डीटीसी और बसों में फ्री यात्रा



**नई दिल्ली।** सीएम रेखा गुप्ता के नेतृत्व में सरकार ने दिल्ली परिवहन निगम और परिवहन विभाग द्वारा संचालित सभी बस मार्गों में ट्रांसजेंडर यात्रियों को मुफ्त यात्रा योजना में शामिल करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। ट्रांसजेंडर व्यक्ति अब डीटीसी की बसों और क्लस्टर बसों में मुफ्त यात्रा कर सकेंगे।

## पश्चिम बंगाल में चुनाव पर थम नहीं रार, सीईसी और सीएम आमने-सामने
# चुनाव आयोग ने 28 फरवरी के बाद ट्रांसफर किए पुलिस अधिकारियों की अब मांगी रिपोर्ट

**चुनाव आयोग ने उन पुलिस स्टेशन-स्तर के अधिकारियों की सूची मांगी है, जिनके अधिकार क्षेत्र में 2021 के विधानसभा चुनावों में मतदान से पहले और मतदान के दिन हिंसा की घटनाएं घटी थीं। साथ ही 2024 के लोकसभा चुनावों में मतदान से पहले, मतदान दिन और मतदान के बाद हिंसा की घटनाएं घटी थीं**

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली/ कोलकता

चुनाव आयोग (ईसीआई) ने पश्चिम बंगाल सरकार से उन पुलिस अधिकारियों के बारे में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है, जिनके ट्रांसफर के आदेश अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन की तारीख (28 फरवरी) के बाद जारी किए गए थे। इस रिपोर्ट में उन मामलों को शामिल नहीं किया गया है जिन्हें 'तार्किक विसंगति' श्रेणी के तहत वर्गीकृत किए जाने के बाद चल रहे न्यायिक निर्णय के लिए भेजा गया था। अतिरिक्त मुख्य चुनाव अधिकारी की तरफ से चुनावों के लिए अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (कानून) और राज्य पुलिस नोडल अधिकारी को लिखे पत्र में आयोग ने उन पुलिस अधिकारियों की रिपोर्ट भी मांगी है जिन्हें सेवानिवृत्ति के बाद नियुक्त किया गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने 2021 और 2024 में चुनाव संबंधी हिंसा में संलिप्तता या निष्क्रियता के लिए दोषी ठहराए गए पुलिस अधिकारियों के बारे में कहा कि आयोग इस मामले में आवश्यक कार्रवाई करेगा। राज्य सरकार को भेजे गए एक अन्य पत्र में, चुनाव आयोग ने उन पुलिस अधिकारियों का विवरण भी मांगा है जिनके अधिकार क्षेत्र में 2021 के विधानसभा चुनावों और 2024 के लोकसभा चुनावों में चुनाव संबंधी हिंसा की घटनाएं घटी थीं। चुनाव आयोग ने दूसरे पत्र में लिखा कि आप उन पुलिस स्टेशन-स्तर के अधिकारियों की एक और सूची दें, जिनके अधिकार क्षेत्र में 2021 के विधानसभा चुनावों में मतदान से पहले और मतदान के दिन हिंसा की घटनाएं घटी थीं। साथ ही 2024 के लोकसभा चुनावों में मतदान से पहले, मतदान दिन और मतदान के बाद हिंसा की घटनाएं घटी थीं।

## सेवानिवृत्ति के बाद नियुक्त किए लोगों के बारे में मांगी जानकारी



सीईसी ज्ञानेश कुमार



सीएम ममता बेनर्जी

### अधिकारियों को हटाना महिला और बंगाल विरोधी सोच का नतीजाः सीएम ममता

तबादलों को लेकर सीएम ममता बेनर्जी ने आयोग और सत्तारूढ़ भाजपा को 'महिला विरोधी और बंगाल विरोधी' करार दिया। बेनर्जी ने कहा कि भगवा खेमा जितने चाहे उतने अधिकारियों को बदल सकता है, लेकिन वे सरकार को नहीं बदल पाएंगे। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप बदले में किन अधिकारियों को नियुक्त करते हैं; वे सभी बंगाल के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार से परामर्श किए बिना, मुख्य सचिव और बंगाली महिला नंदिनी चक्रवर्ती को हटाने के लिए आधी रात का समय चुना। इससे पता चलता है कि वे कितने महिला विरोधी हैं।

### शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव होंगेः सुवेंदु



पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने उन अधिकारियों को फिर से जिम्मेदारी दी है जिन्हें ममता बेनर्जी सरकार ने 'पार्टी लाइन पर न चलने' के कारण किनारे कर दिया था। ईमानदार और निष्पक्ष आईएएस व आईपीएस अधिकारियों को अब कानून-व्यवस्था संभालने की जिम्मेदारी दी गई है, जिससे शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव हो सकेगा।

### चुनाव कार्यक्रम भाजपा के अनुसार? प्रियंका

प्रियंका गांधी वाड्रा ने चुनाव की तारीखों और चरणों को लेकर सवाल किया कि जिस तरह चुनाव की तारीखें तय की गई हैं और जिस तरीके से चरण बनाए गए हैं, उससे ऐसा लगता है कि यह सब भाजपा की सुविधा को ध्यान में रखकर तय किया गया है। हालांकि, कांग्रेस चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है।

### केरलः भाजपा का 47, माकपा का 81 उम्मीदवारों का ऐलान



सीएम विजयन

**तिरुवनंतपुरम।** भाजपा ने केरल विधानसभा चुनाव के लिए 47 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की है। दो पूर्व केंद्रीय मंत्रियों को भी टिकट दिया गया है। इनमें राजीव चंद्रशेखर शामिल हैं, जो नेमोम से चुनाव लड़ेंगे। दूसरा नाम वी मुरलीधरन का है, जो कझाकूट्टम से चुनाव लड़ेंगे। वहीं, केरल में सत्तारूढ़ एलडीएफ का हिस्सा माकपा ने 81 उम्मीदवारों का ऐलान किया। इसमें सीएम पिनाराई विजयन और 11 मंत्रियों के भी नाम शामिल हैं। 81 उम्मीदवारों में से 6 पार्टी समर्थित निर्दलीय हैं। सीएम विजयन कन्नूर जिले की अपनी मौजूदा सीट धर्मदम से ही मैदान में होंगे। 56 मौजूदा विधायक चुनाव लड़ रहे हैं।

## एपस्टीन के साथ नाम जोड़ने से खफा
# पुरी की बेटी ने मीडिया हैंडल्स पर किया 10 करोड़ का मानहानि केस

झूठे पोस्ट हटाने की मांग की

सुनवाई एक दो दिन में होगी



एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की बेटी हिमायनी पुरी ने अपने खिलाफ चल रही कथित झूठी और दुर्भावनापूर्ण खबरों को लेकर दिल्ली हाई कोर्ट में मानहानि का मुकदमा दायर किया है। इन खबरों में उनका नाम दोषी करार दिए जा चुके अमेरिकी यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन से जोड़कर दिखाया गया है। याचिका में हिमायनी पुरी ने अदालत से विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को उनके खिलाफ अलग-अलग हैंडल्स से पोस्ट किए गए कथित झूठे और मानहानिकारक पोस्ट तुरंत हटाने के निर्देश देने की मांग की है। साथ ही हिमायनी पुरी ने इन पोस्ट्स से उनकी छवि को पहुंचे नुकसान के लिए आरोपी सोशल मीडिया हैंडल्स से 10 करोड़ रुपए का हर्जाना भी मांगा है।

### एपस्टीन से फंडिंग मिलने की बात झूठी

मानहानि याचिका के अनुसार, 22 फरवरी 2026 से कई सोशल मीडिया अकाउंट्स और प्लेटफॉर्म्स पर ऐसे आरोप लगाए जा रहे हैं कि हिमायनी पुरी का जेफरी एपस्टीन या उसके क्राइम नेटवर्क से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष व्यावसायिक, वित्तीय या व्यक्तिगत संबंध रहा है। याचिका में यह भी कहा गया है कि जिन कंपनियों में वह काम कर चुकी हैं, उनमें से एक 'रियल पार्टनर्स एलएलसी' को एपस्टीन या उसके सहयोगियों से फंडिंग मिलने के आरोप लगाए गए। साथ ही यह दावा भी किया गया कि रॉबर्ट मिलार्ड ने हिमायनी पुरी के साथ मिलकर लेहमन ब्रदर्स के पतन की साजिश रची थी।

### आरोप निराधार और मनगढ़ंत

हालांकि हिमायनी पुरी की याचिका में इन सभी आरोपों को पूरी तरह निराधार और मनगढ़ंत बताया गया है। इसमें कहा गया है कि सोशल मीडिया पर एडिटेड वीडियो, भ्रामक कैप्शन और छेड़छाड़ किए गए थंबनेल के जरिए इन आरोपों को वायरल किया गया, जिससे उनकी छवि को गंभीर नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई। याचिका में यह भी कहा गया है कि हिमायनी पुरी को केवल इसलिए निशाना बनाया जा रहा है क्योंकि वह केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की बेटी हैं। इस मामले की सुनवाई मंगलवार या बुधवार को दिल्ली हाई कोर्ट में होने की संभावना है।

## महाराष्ट्र में धर्म परिवर्तन पर सख्ती
# महिलाओं के शोषण को रोकने के लिए ऐसा कानून आवश्यक

एजेंसी ▶▶मुंबई



सीएम फडणवीस

महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राज्य सरकार का नया धोखाधड़ी से धर्म परिवर्तन रोकने वाला बिल खास तौर पर महिलाओं के शोषण को रोकने के लिए लाया गया है। उन्होंने बताया कि कई मामलों में महिलाओं को झूठे प्यार के जाल में फंसाकर शादी की जाती है और बाद में उन्हें छोड़ दिया जाता है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए यह कानून जरूरी है। सीएम फडणवीस ने कहा कि विपक्ष इस मुद्दे को वोट बैंक की राजनीति के लिए बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहा है। अगर विपक्षी दल इस बिल को ठीक से पढ़ेंगे तो उन्हें इसमें किसी समुदाय के खिलाफ कुछ भी नजर नहीं आएगा, क्योंकि इसका उद्देश्य सिर्फ जबरदस्ती, लालच या धोखे से किए जाने वाले धर्म परिवर्तन को रोकना है। महाराष्ट्र धर्म की स्वतंत्रता विधेयक 2026 में ऐसे धर्म परिवर्तन पर 7 साल तक की जेल और 1 से 5 लाख रुपए तक की कड़ी सजा का प्रावधान रखा गया है।

## सर्वदलीय बैठक में बनी सहमति
# विपक्ष के 8 निलंबित सांसदों की होगी लोकसभा में वापसी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶नई दिल्ली



स्पीकर बिरला

अनैतिक आचरण को लेकर किए गए विपक्ष के 8 सांसदों (कांग्रेस के 7 और सीपीआई (एम) के 1 सांसद) के निलंबन को रद्द करने को लेकर सोमवार को लो क स भा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में सहमति बन गई है। मंगलवार को प्रश्नकाल के तुरंत बाद यह मुद्दा सदन में उठेगा और उसी के साथ ही इन सभी सांसदों का निलंबन रद्द कर दिया जाएगा और यह सदन की कार्रवाई में पहले की तरह भाग ले सकेंगे। सूत्रों ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष के साथ हुई बैठक में विपक्ष के तमाम नेताओं ने इस बात पर सहमति जताई है कि सदन की गरिमा और स्थापित परंपरा का सभी सदस्यों द्वारा पालन किया जाएगा। साथ ही सभी यह सुनिश्चित करेंगे की ऐसी घटनाओं की भविष्य में सदन में पुनरावृत्ति न हो। कोई भी सदस्य अध्यक्ष के आसन के सामने वेल में दूसरी ओर (सत्ता पक्ष) नहीं जाएगा। इसके अलावा कागज फाड़कर नहीं फेंके जाएंगे।

## कर्नाटक में चेन्नू उत्सव की धूम



**मंगलुरु।** कर्नाटक के मंगलुरु के पास पोलाली श्री राजा राजेश्वरी मंदिर में वार्षिक उत्सव (चेन्नू) के दौरान, विशेष औपचारिक अनुष्ठानों के बाद स्थानीय लोग देवी भगवती, भद्रकाली और अरासु की पवित्र वस्तुओं को पारंपरिक नावों के माध्यम से फाल्गुनी नदी के पार ले जाते हुए। चेन्नू एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और धार्मिक परंपरा है, जो सदियों से चली आ रही है। पवित्र वस्तुओं को नदी के एक किनारे से दूसरे किनारे तक नाव से ले जाना इस परंपरा का एक प्रमुख आकर्षण है।

## दिल्ली शराब घोटाले में हाई कोर्ट से मिली राहत
# केजरीवाल और सिसोदिया को सीबीआई की याचिका पर जवाब देने के लिए मिला समय

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और 21 अन्य लोगों को आबकारी नीति मामले में दोषमुक्त किए जाने के फैसले को चुनौती देने वाली केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की याचिका पर जवाब देने के लिए समय दे दिया। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने अधीनस्थ न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली सीबीआई की याचिका पर सुनवाई के लिए 6 अप्रैल की तारीख तय की।

### पूरा रिकॉर्ड उपलब्ध, समय नहीं देंः केंद्र सरकार





सीबीआई की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि अधीनस्थ न्यायालय का त्रुटिग्रस्त आदेश जरूरत के बाद एक सेकंड के लिए भी रिकॉर्ड पर नहीं रहना चाहिए और केजरीवाल व अन्य लोगों को अपना जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह से अधिक का समय नहीं दिया जाना चाहिए।

### अगले सप्ताह होगी 'डिजिटल अरेस्ट' पर सुनवाई

शीर्ष अदालत अगले सप्ताह 'डिजिटल अरेस्ट' के पीड़ितों से संबंधित एक स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई करेगी। शीर्ष अदालत ने 9 फरवरी को डिजिटल धोखाधड़ी के माध्यम से 54,000 करोड़ रुपए से अधिक की हेराफेरी को सरासर 'लूट व डकैती' बताया था ।

## देशभर से भारत की विरासत को सहेजने का काम शुरू
# ज्ञान भारतम मिशन के तहत पांडुलिपियों का होगा डिजिटलीकरण

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत एक प्रमुख पहल के रूप में ज्ञान भारतम मिशन शुरू किया है। इसका उद्देश्य देशभर में शैक्षणिक संस्थानों, संग्रहालयों, पुस्तकालयों और निजी संग्रहों में उपलब्ध पांडुलिपियों का सर्वेक्षण, प्रलेखन, संरक्षण, डिजिटलीकरण और उन्हें आम लोगों के लिए सुलभ बनाना है। इस पहल को समर्थन देने के लिए स्थायी वित्त समिति (एसएफसी) ने वर्ष 2025 से 2031 की अवधि के लिए 491.66 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। मिशन का उद्देश्य भारत की पांडुलिपि विरासत को संरक्षित करने के लिए एक व्यवस्थित और तकनीक आधारित ढांचा तैयार करना है।

एक करोड़ पांडुलिपियों का लक्ष्य

**491.66 करोड़ रुपए की स्वीकृति**



केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत

### पांडुलिपियों का वैज्ञानिक संरक्षण होगा

मिशन के तहत करीब एक करोड़ पांडुलिपियों का वैज्ञानिक संरक्षण और पुनर्स्थापन किया जाएगा। साथ ही उच्च मानकों के साथ डिजिटलीकरण कर डेटा को राष्ट्रीय डिजिटल रिपॉजिटरी (एनडीआर) में सुरक्षित रखा जाएगा। डेटा सुरक्षा के लिए एलटीओ-9 टेप और क्लाउड आधारित बैकअप के साथ आपदा पुनर्प्राप्ति प्रणाली भी विकसित की गई है।

### पूर्व सीजेआई गोगोई का राज्यसभा का कार्यकाल खत्म, सिर्फ एक बहस में आए



पूर्व सीजेआई रंजन गोगोई का राज्यसभा में मनोनीत सदस्य के रूप में कार्यकाल खत्म हो गया है। सोमवार सुबह 11 बजे सदन शुरू होते ही राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें विदाई दी। उन्हें 16 मार्च 2020 को केंद्र सरकार ने राज्यसभा के लिए मनोनीत किया था। अपने पूरे 6 साल के कार्यकाल में रंजन गोगोई ने सिर्फ एक बहस में हिस्सा लिया। यह बहस अगस्त 2023 में दिल्ली सेवा विधेयक पर हुई थी।

### रेलवे को एक स्वतंत्र इकाई बनाने की मांग

आम आदमी पार्टी के सदस्य संदीप पाठक ने राज्यसभा रेलवे को एक स्वतंत्र इकाई बनाने की मांग की। कांग्रेस सदस्य रंजीत रंजन ने सरकार से हर स्कूल में छात्राओं के लिए अलग शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। भारतीय जनता पार्टी के घनश्याम तिवाड़ी ने जयपुर से सीकर होकर बीकानेर तक के लिए एक वंदे भारत ट्रेन चलाने की मांग की। मनोनीत सदस्य सुधा मूर्ति ने कर्नाटक के रायचूर में एम्स स्थापित करने की मांग उठाई।

होर्मुज मार्ग खुलवाने के लिए ट्रंप को सहयोग करने से सभी देशों ने किया इनकार

# होर्मुज संकट से नाटो में दरार! दुनिया में अकेले पड़े ट्रंप ने मदद नहीं मिलने पर सहयोगी देशों को दे डाली चेतावनी

## चीन, आस्ट्रेलिया ने ट्रंप को दिया करारा जवाब कहा नहीं देंगे साथ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली




पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और होर्मुज जलडमरूमध्य के बाधित होने से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर चौतरफा दबाव पड़ रहा है। एक तरफ पश्चिम एशिया में अमेरिका और इजराइल के ठिकानों पर ईरानी हमले जारी हैं। वहीं दूसरी तरफ ट्रंप घरेलू मोर्चे पर भी घिरते जा रहे हैं। अमेरिका का एक बड़ा तबका इस संघर्ष के खिलाफ है। हैरानी की बात ये है कि इस मुश्किल समय में भी ट्रंप को अपने सहयोगी नाटो देशों की मदद नहीं मिल पा रही है। यही वजह है कि ट्रंप ने सहयोगी देशों को चेतावनी दी है कि नाटो समूह का भविष्य अच्छा नहीं है। एक इंटरव्यू के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने नाटो के सहयोगी देशों को साफ संदेश दिया। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से फायदा लेने वाले देशों को इसकी सुरक्षा की भी जिम्मेदारी उठानी चाहिए। ट्रंप ने कहा, यह बिल्कुल ठीक है कि होर्मुज से फायदा लेने वाले देश ये सुनिश्चित करें कि वहां कुछ भी गलत न हो। ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा, अगर कोई कुछ नहीं करता या मदद नहीं करता तो मुझे लगता है कि यह नाटो के भविष्य के लिए बहुत बुरा होगा।

ट्रंप ने कहा, हमें यूक्रेन के मामले में उनकी मदद की जरूरत नहीं पड़ी। अब देखते हैं कि वे हमारी मदद करते हैं या नहीं, क्योंकि मैं लंबे समय से कहता आ रहा हूं कि हम उनके साथ खड़े रहेंगे, लेकिन वे हमारे साथ नहीं खड़े रहेंगे। गौरतलब है कि ट्रंप होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में बारूदी सुरंगों को साफ करने के लिए युद्धपोतों की तैनाती की मांग कर रहे हैं। हाल ही में भी मीडिया से बात करते हुए ट्रंप ने कहा था हम नाटो के लिए हमेशा तत्पर हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि कौन सा देश होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला रखने में हमारी मदद करेगा। पश्चिम एशिया संकट को लेकर अमेरिका फंसता नजर आ रहा है। सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई और कई अन्य शीर्ष नेताओं की मौत के बाद भी ईरान झुकने के लिए तैयार नहीं है और लगातार पश्चिम एशिया में अमरिकी ठिकानों और इजराइल पर हमले कर रहा है। अमेरिका और इजराइल की ईरान में सत्ता परिवर्तन की कोशिश भी सफल होती नहीं दिख रही है। ईरान के होर्मुज जलडमरूमध्य को बाधित करने के चलते वैश्विक तेल आपूर्ति पर दबाव पड़ा है। अमेरिकी तेल कंपनियों ने भी इसे लेकर चिंता जताई है और ट्रंप से अपील की है।

## ट्रंप ने सैन्य हथियार निर्माण कंपनियों के साथ की अहम बैठक

## अमेरिका में भी ट्रंप का जमकर हो रहा है विरोध, उठ रहे गंभीर सवाल

## चीन ने अमेरिका को चेताया कहा- अमेरिका तुरंत रोके सैन्य अभियान




एआई इमेज

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य पर संकट के बीच चीन ने सभी देशों से तुरंत सैन्य कार्रवाई रोकने की अपील की है। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन सहित कई देशों से अपील की है कि वे अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्ग को सुरक्षित रखने के लिए अपने युद्धपोत तैनात करें। ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच बढ़ते टकराव के कारण दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति और वैश्विक व्यापार पर गंभीर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। चीन ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़ते सैन्य तनाव से अंतरराष्ट्रीय व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति और क्षेत्रीय शांति पर बड़ा खतरा पैदा हो गया है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बीजिंग में मीडिया से बातचीत में कहा कि सभी पक्षों को तुरंत सैन्य अभियान रोकना चाहिए, ताकि हालात और ज्यादा खराब न हों। उन्होंने कहा कि यदि तनाव बढ़ा तो इसका असर वैश्विक अर्थव्यवस्था और क्षेत्रीय स्थिरता पर भी पड़ सकता है।

## इजराइल राजदूत बोले- ईरान की जमीन पर कब्जे का इरादा नहीं



भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने सोमवार को एक बहुत महत्वपूर्ण बयान दिया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि न तो अमेरिका और न ही ईरान की जमीन पर कब्जे का इरादा नहीं का ईरान पर हमला करने का इरादा है और वे ईरान की जमीन पर सैन्य कब्जा भी नहीं करना चाहते। राजदूत ने बताया कि उनका असली मकसद ईरान के अंदरूनी हालात में सुधार लाना है। वे चाहते हैं कि ईरान की जनता खुद अपनी सरकार पर नीतियों को बदलने के लिए दबाव बनाए। अगर वहां के लोग चाहें, तो वे अपने देश के नेतृत्व में बदलाव ला सकते हैं। ईरान की जमीन पर कब्जे का इरादा नहीं और अमेरिका का मानना है कि सैन्य कार्रवाई के बजाय वहां के नागरिकों के जरिए आने वाला बदलाव ज्यादा असरदार होगा। इससे न केवल ईरान के लोगों का भला होगा, बल्कि पूरे क्षेत्र में स्थिरता और सुरक्षा भी बढ़ेगी। रूवेन अजार ने जोर देकर कहा कि एक शांत और स्थिर पश्चिम एशिया से सबको फायदा होगा। इससे इस्त्राइल और उसके साथियों के साथ-साथ खाड़ी देशों और पूरी दुनिया को सुरक्षा मिलेगी। अंतरराष्ट्रीय समुदाय भी यही चाहता है कि यह इलाका उन खतरों से मुक्त रहे जो ईरान की मौजूदा नीतियों की वजह से पैदा हो रहे हैं।यह बयान ऐसे समय में आया है जब ईरान की जमीन पर कब्जे का इरादा नहीं और ईरान के बीच तनाव अपने चरम पर है। दोनों देश एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं।

### ईरान में भारतीयों के लिए एडवाइजरी बिना हमें बताए बॉर्डर पार न करें

ईरान में रह रहे भारतीयों के लिए तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने सोमवार को एक नई एडवाइजरी जारी की है। इसमें भारतीय नागरिकों को सख्त सलाह दी गई है कि वे दूतावास को बिना बताए ईरान की सीमा पार करने की कोशिश न करें। एडवाइजरी में कहा गया है, दूतावास भारतीय समुदाय के लोगों के लगातार संपर्क में है और जरूरत पड़ने पर मिलकर जरूरी इंतजाम किए जा रहे हैं। बिना जानकारी दिए सीमा की ओर बढ़ना बिल्कुल मना है। दूतावास ने यह भी कहा है कि जो भारतीय नागरिक दूतावास को जानकारी दिए बिना जमीनी सीमा के रास्ते ईरान छोड़ने की कोशिश करेंगे, उन्हें गंभीर परेशानी और इमिग्रेशन से जुड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने साफ किया कि अगर कोई व्यक्ति बिना जानकारी दिए ईरान की सीमा पार कर बाहर चला जाता है।

### ईरान ने दुबई एयरपोर्ट पर फिर किया हमला

ईरान ने एक बार फिर से संयुक्त अरब अमीरात के बड़े शहर दुबई पर हमला किया है। ईरान वे एक बार फिर से दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट को निशाना बनाया। इस बार ईरान का विस्फोटकों से भरा ड्रोन दुबई एयरपोर्ट के करीब बड़े फ्यूल टैंकर से टकराया जिसके बाद वहां जोरदार धमाका हुआ और देखते ही देखते वहां भीषण आग की लपटें उठने लगीं। ये हमला ठीक तब हुआ, तब एक दिन पहले ही यूएई की सरकार ने दुनिया को ये दिखाने और जताने की कोशिश की थी कि दुबई अभी भी दुनिया का सबसे सुरक्षित शहर है। दुबई की इस छवि को बचाने के उनके डैमेज कंट्रोल की कोशिशों को ईरान ने फिर से नाकाम कर दिया। दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के करीब ईंधन से भरे विशाल टैंकर से ड्रोन के टकराते ही वहां जोरदार धमाका हुआ, जिससे वहां भीषण आग लग गई। आग ऊंची उठती लपटें और काले धुंए के गुबार की वीडियो सोशल मीडिया में जमकर शेयर की जा रही हैं। दुबई प्रशासन ने शहर पर हुए हमले की पुष्टि की है, उन्होंने बताया कि घटना के तुरंत बाद इमरजेंसी रिस्पॉन्य टीम मौके पर पहुंची और आग को बुझाने का काम शुरु कर दिया गया है। फिलहाल इस हमले में किसी के मारे जाने की खबर नहीं है।

### ईरान में जासूसी के आरोप में 500 लोगों को किया गया गिरफ्तार



इजराइल-अमेरिका के साथ जारी जंग के बीच ईरान अपने यहां कथित जासूसी नेटवर्क और सूचना लीक करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई शुरू कर दी है। ईरान के पुलिस प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल अहमद रेजा रादान ने कहा है कि देश की पुलिस बलों ने अमेरिका-इजराइल युद्ध के दौरान दुश्मनों के साथ सूचना साझा करने के आरोप में 500 लोगों को गिरफ्तार किया है। ईरानी मीडिया के मुताबिक, रविवार को एक टेलीविजन इंटरव्यू में बोलते हुए रादान ने कहा कि हिरासत में लिए गए 250 लोगों की पहचान महत्वपूर्ण मामलों के रूप में की गई है, जिन्होंने दुश्मन को जानकारी दी थी और हमले के स्थानों की फुटेज लेकर और उन्हें भेजकर छोटे समूहों के साथ सहयोग किया था। हालांकि, उन्होंने इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी कि गिरफ्तारियां कब और कहां हुईं। पुलिस प्रमुख ने बताया कि हिरासत में लिए गए लोगों में 20 बहुत महत्वपूर्ण मामले भी शामिल थे, जो एक जासूसी समूह के सदस्य थे जो ईरान के तीन प्रांतों में सक्रिय था और उन्होंने कहा कि समूह का भंडाफोड़ किया गया था। तोड़फोड़ की कार्रवाई के मुख्य दोषियों को भी हिरासत में ले लिया गया है। उन्होंने बताया कि उन्होंने एक निजी कंपनी के बारे में जानकारी भेजी थी जिस पर दुश्मन ने हमला किया था। ईरानी मीडिया के अनुसार, रविवार को कई क्षेत्रों में दर्जनों लोगों को गिरफ्तार किया गया। तसनीम की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर पश्चिमी ईरान में 20 लोगों को ईरान की सैन्य और सुरक्षा संपत्तियों के स्थान संबंधी विवरण इजराइल के साथ साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। समाचार एजेंसी ने यह भी बताया कि उत्तरपूर्वी ईरान में 10 लोगों को हिरासत में लिया गया है, जो हवाई हमलों से अपेक्षाकृत अछूता रहा है, और कहा कि उनमें से कुछ पर संवेदनशील स्थानों और आर्थिक बुनियादी ढांचे के बारे में जानकारी एकत्र करने का आरोप है।

## खबर संक्षेप

### लेह की सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब, राज्य का दर्जा देने की मांग




**लेह।** लद्दाख में छठी अनुसूची लागू करने और राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर लेह में एक शांतिपूर्ण रैली आयोजित की गई। इस रैली में लगभग 50 हजार लोगों ने भाग लिया। रैली में विभिन्न धर्मों के धार्मिक नेताओं और अलग-अलग समुदायों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने लद्दाख की एकता और सामूहिक समर्थन को दर्शाया। रैली की शुरुआत सिंगे नामग्याल चौक से हुई, जो आगे बढ़ते हुए लेह पोलो ग्राउंड तक पहुंची। इस दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में पंपलेट और तख्तियां लेकर छठी अनुसूची लागू करने और लद्दाख को राज्य का दर्जा देने की मांग की। रैली पूरी तरह शांतिपूर्ण रही। विभिन्न धार्मिक और सामाजिक समूहों के लोग एक साथ शामिल हुए और उन्होंने अपनी मांगों के समर्थन में एकजुट होकर आवाज उठाई।

सुरक्षित आवागमन के बदले ईरान को भारत की तरफ से कोई लाभ नहीं दिया

# भारतीय झंडे वाले जहाजों को निकालने के लिए कोई समझौता नहीं: जयशंकर

- केवल अमेरिका-इजराइली जहाजों के लिए होर्मुज बंद
- जयशंकर ने कहा - यह अदला-बदला का मुद्दा नहीं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



पश्चिम एशिया में 17 दिन से जारी संघर्ष ने वैश्विक तेल बाजार को हिला कर रख दिया है। इसका बड़ा असर हॉर्मुज जलडमरूमध्य पर देखने को मिला, जिसके चलते दुनियाभर की तेल आपूर्तियों संकट के बादल तक दिखने लगे। इसी तनावपूर्ण स्थिति के बीच भारत ने कूटनीतिक कदम उठाया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताया कि भारत ईरान के साथ सीधे और निर्णायक संवाद कर रहा है, जिससे भारतीय ध्वज के साथ जहाजों का सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित हो रहा है। जयशंकर ने इस बात पर भी जोर दिया कि ईरानी अधिकारियों के साथ सीधे संवाद ने सकारात्मक परिणाम दिए हैं। इसके तहत अभी कई और भारतीय ध्वज वाले जहाजों को होर्मुज जलमार्ग से गुजरना बाकी है। इंटरव्यू में जयशंकर ने स्पष्ट किया कि हर भारतीय जहाज को व्यक्तिगत रूप से अनुमति दी जा रही है और इसके लिए भारत और ईरान के बीच कोई नया समझौता नहीं हुआ है। इस दौरान जयशंकर ने इस बात पर भी जोर दिया कि भारतीय ध्वज वाले जहाजों के सुरक्षित आवागमन के बदले ईरान को भारत की तरफ से कोई लाभ नहीं दिया गया। उनका कहना था कि भारत और ईरान के बीच पुराना सहयोग रहा है, इसी आधार पर हमने यह कदम उठाया। यह कोई लेन-देन का मामला नहीं है। ईरान ने दो भारतीय झंडाधारी एलपीजी वाहनों को हॉर्मुज से गुजरने की अनुमति दी थी। यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेसीयान के टेलीफोनिक संवाद के कुछ ही घंटे बाद आया, जो अमेरिका-ईरान युद्ध शुरू होने के बाद पहला संपर्क था। जयशंकर और उनके ईरानी समकक्ष सैयद अब्बास अराघची के बीच भी चर्चा हुई। हॉर्मुज को केवल अमेरिकी और इजराइली जहाजों और उनके सहयोगियों के लिए के लिए बंद रखा है।

#### जयशंकर की महत्वपूर्ण बातें

- दो भारतीय एलपीजी टैंकर के होर्मुज से गुजरने को विदेश मंत्री ने कूटनीतिक प्रयासों में प्रगति का उदाहरण बताया।
- भारतीय एलपीजी टैंकर शिवालिक और नंदा देवी होर्मुज से गुजर चुके हैं और तीसरे को भी गुजरने का मौका मिल चुका है।
- शिवालिक और नंदा देवी करीब 92,712 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर आए हैं भारत।
- विदेश मंत्री जयशंकर ने स्पष्ट किया कि अभी भारतीय झंडे वाले सभी जहाजों के होर्मुज से गुजरने का रास्ता साफ नहीं हुआ है।
- न ही अभी तक की व्यवस्था के लिए भारत ने किसी तरह की रियायत दी है।

#### भारत ने अपनाया संवाद का रास्ता

गौरतलब है कि ऐसी कठिन परिस्थिति में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सहयोगियों से हॉर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा के लिए युद्धपोत भेजने का आह्वान किया है। हालांकि अधिकतर देशों से उनके इस आह्वान पर नकारात्मक संदेश ही आया है। जापान से लेकर ऑस्ट्रेलिया तक सभी देशों ने होर्मुज में अपना युद्धपोत भेजने से इनकार कर दिया। ऐसे में बात अगर भारत की करें तो भारत ने अपनी रणनीति के तहत सीधे संवाद और समझौते के बजाय सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने का रास्ता अपनाया है। जयशंकर ने यह भी कहा कि भारत अपनी रणनीति यूरोपीय देशों के साथ साझा करने को तैयार है, लेकिन प्रत्येक देश की ईरान के साथ स्थिति अलग है।बता दें कि पिछले हफ़्ते, ईरान ने भारत के झंडे वाले दो एलपीजी कैरियर को होर्मुज स्ट्रेट से गुज़रने दिया।

## किश्तवाड़ में भूस्खलन से एक की मौत, भारी हिमपात के बीच सिंथन टॉप पर फंसे 235 लोगों का सफल रेस्क्यू

- स्कूल, कॉलेज रहे बंद, आवागमन भी हुआ ठप

एजेंसी ▶▶ जम्मू



जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में रविवार और सोमवार की दरम्यानी रात भारी वर्षा के कारण एक जलविद्युत परियोजना स्थल के पास भूस्खलन की घटना हुई। यह घटना डंगडूरू क्षेत्र के समीप हुई, जहां अचानक हुए भूस्खलन के कारण दो श्रमिक मलबे में फंस गए। प्रशासन और बचाव दल द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान एक श्रमिक को मृत अवस्था में बाहर निकाला गया, जबकि दूसरे घायल श्रमिक को सुरक्षित निकालकर उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया। इस घटना ने क्षेत्र में कार्यरत परियोजना कर्मियों और स्थानीय लोगों के बीच चिंता की स्थिति पैदा कर दी। इसी दौरान जिले के उच्च पर्वतीय क्षेत्र सिंथन टॉप में भारी हिमपात के कारण कई वाहन मार्ग में फंस गए। यह मार्ग जम्मू क्षेत्र के किश्तवाड़ को दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले से जोड़ता है और सर्द मौसम में यहां अक्सर कठिन परिस्थितियां उत्पन्न हो जाती हैं। लगातार हो रही बर्फबारी के कारण सड़क पर यातायात बाधित हो गया और कई वाहन आगे बढ़ने में असमर्थ हो गए, जिससे उनमें सवार यात्रियों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस, सेना और नागरिक प्रशासन ने संयुक्त रूप से बचाव अभियान शुरू किया। इस अभियान के दौरान कुल 38 वाहनों में सवार 235 यात्रियों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया। बचाए गए लोगों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। कठिन मौसम और बर्फीली हवाओं के बावजूद बचाव दलों ने निरंतर प्रयास करते हुए सभी यात्रियों को सुरक्षित निकालने में सफलता प्राप्त की।

केंद्रीय वाणिज्य सचिव ने दी जानकारी

## नए टैरिफ लागू होने के बाद ही लगेगी भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर मुहर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत-अमेरिका व्यापार करार पर वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि हम इस समय अमेरिका के साथ इसके विवरण पर बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर वास्तविक हस्ताक्षर तभी होंगे, जब टैरिफ की नई व्यवस्था लागू हो जाएगी। अमेरिका-इजराइल बनाम ईरान संघर्ष के कारण उत्पन्न व्यवधान पर वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा, कुछ रसद संबंधी चुनौतियां सामने आ रही हैं। उड़ानों में व्यवधान के कारण हवाई माल ढुलाई में भी कुछ दिक्कतें आ रही हैं। इसका कुछ असर जरूर पड़ेगा। भारत से आयात भी प्रभावित होगा क्योंकि आयात कई श्रेणियों के लिए भारत पर निर्भर है। दोनों पक्ष इन चुनौतियों का समाधान खोजने में लगे हुए हैं। इसका कुछ असर जरूर पड़ेगा, लेकिन यह पूरी तरह से बंद नहीं होगा। कुछ सहयोग कार्य चल रहे हैं, विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के तहत एक अंतर-मंत्रालयी समूह का गठन किया गया है, जिसकी बैठक हर सुबह होती है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर कहा, अमेरिका के साथ समझौता मार्च में होना था। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के कारण अब आईईईपीए (अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां अधिनियम) के तहत टैरिफ लागू नहीं हैं। अनुच्छेद 122 के तहत अब वैश्विक स्तर पर 10% टैरिफ लागू हैं। भारत जो भी समझौता करेगा, वह मौजूदा टैरिफ ढांचे के तहत ही होगा। अमेरिका वैश्विक स्तर पर एक नया टैरिफ ढांचा तैयार करने की कोशिश कर रहा है। जब अमेरिका ऐसा ढांचा तैयार कर लेगा, तब समझौता करना बेहतर होगा। वास्तविक समझौता तभी होगा जब अमेरिका वैश्विक स्तर पर टैरिफ का नया ढांचा तैयार कर लेगा।

## तकनीकी कंपनी पाई-लैब्स की 2026 की रिपोर्ट में चौंकाने वाले खुलासे

सतर्क और सावधान रहने की है ज्यादा जरूरत

# भारत में डीपफेक मामलों में 900% उछाल महिलाओं को बनाया जा रहा है निशाना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तकनीकी कंपनी पाई-लैब्स की 2026 की रिपोर्ट में भारत में बढ़ते डीपफेक खतरे को लेकर गंभीर चेतावनी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में डीपफेक कंटेंट तेजी से बढ़ रहा है और हाल के वर्षों में इसमें 900% की बढ़ोतरी हुई है। चौंकाने वाली बात यह है कि ऑनलाइन फैल रहे 90% से ज्यादा आपत्तिजनक डीपफेक वीडियो महिलाओं को निशाना बनाते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले कुछ वर्षों में डीपफेक कंटेंट में करीब 900 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जिसे डिजिटल धोखे की महामारी बताया गया है। बता दें कि विशेषज्ञों ने लोगों को सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि



लोग अपनी हाई-क्वालिटी तस्वीरें और ऑडियो क्लिप्स सार्वजनिक रूप से कम साझा करें, क्योंकि यही डेटा एआई मॉडल के लिए "रॉ मटेरियल" बनता है। इसके अलावा सोशल मीडिया अकाउंट की प्राइवेसी सेटिंग्स मजबूत रखने और बॉट्स द्वारा डेटा स्क्रैपिंग से बचाव करने की भी सलाह दी गई है।

### हर कंटेंट पर नजर जरूरी

वायरल होने की दौड़ में जब सच्चाई पर हमला होता है, तो व्यक्ति विशेष ही नहीं बल्कि पूरा समाज शिकार बनता है। एआई जनित सिंथेटिक कंटेंट और अफवाहों के प्रसार में कब और क्या ट्रिगर हो जाए, किसी को पता नहीं होता। ऐसे में हर कंटेंट पर निगरानी जरूरी है, चाहे वह टेक टूल्स के जरिए हो, फिर कानूनी शिकंजे से। इंटरनेट मीडिया पर कंटेंट साझा करने की स्पीड इतनी तेज होती है कि कोई भी एल्गोरिदम कंटेंट को सेंसर करने या तथ्यों की सत्यतता जांचने के लिए अभी तक पूरी तरह सक्षम नहीं बन पाया है।

### महिलाओं की पहचान से की जा रही है छेड़छाड़

*रिपोर्ट में सामने आया कि इंटरनेट पर फैल रहे आपत्तिजनक डीपफेक कंटेंट में 90 प्रतिशत से अधिक मामलों में महिलाएं निशाना बनती हैं। जनरेटिव एआई तकनीक का इस्तेमाल कर बिना सहमति के अश्लील तस्वीरें बनाना, इमेज मॉर्फिंग करना और पहचान से छेड़छाड़ जैसी घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं।*

### साइबर अपराध मामलों में भी बढ़ोतरी

*सरकारी आंकड़ों के अनुसार महिलाओं से जुड़े साइबर अपराध के मामलों में भी तेज वृद्धि हुई है। 2024 में ऐसे करीब 50 हजार शिकायतें दर्ज हुई थीं, जो 2026 तक बढ़कर करीब 80 हजार तक पहुंच गईं। यानी दो साल में लगभग 60 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।*

# सिनर ने मेदवेदेव को हराकर जीता इंडियन वेल्स खिताब, एरिना सबालेंका बनीं पहली बार चैंपियन

**इंडियन वेल्स।** यानिक सिनर ने दूसरे सेट के टाइब्रेकर में लगातार सात अंक बनाकर पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दानिल मेदवेदेव को 7-6, 7-6 से हराकर पहली बार एक भी सेट गंवाए बिना इंडियन वेल्स खिताब जीता। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी सिनर ने मेदवेदेव को पिछले दस मुकाबलों में नौवीं बार हराया। मेदवेदेव ने सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज को मात दी थी। वहीं महिला वर्ग में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने एलेना रिबाकिना को 3-6, 6-3, 7-6 से हराकर खिताब जीता। इससे पहले 2023 और 2025 में उपविजेता रही सबालेंका का यह पहला खिताब है।

## सिनर ने पूरे मैच में बनाए रखा दबदबा

कैलिफोर्निया के रेगिस्तानी मौसम में खेले गए इस मुकाबले में सिनर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा। उन्होंने मैच के दौरान 28 विनर्स और 10 ऐस लगाए तथा नेट पर खेले गए सभी आठ अंकों में सफलता हासिल की। पहला सेट काफी रोमांचक रहा। मेदवेदेव ने आक्रामक शुरुआत करते हुए सिनर पर लगातार दबाव बनाया और स्कोर 6-5 तक पहुंचाया, लेकिन सिनर ने वापसी करते हुए मुकाबले को टाईब्रेक तक पहुंचा दिया। टाईब्रेक में इतालवी खिलाड़ी ज्यादा सटीक साबित हुए और 7-6(6) से पहला सेट अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में भी दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। सिनर ने पांचवें गेम में बिना कोई अंक गंवाए ब्रेक लेकर 3-2 की बढ़त बनाई, लेकिन मेदवेदेव ने हार नहीं मानी और स्कोर 6-6 कर दिया, जिससे मैच एक और टाईब्रेक में पहुंच गया। टाईब्रेक में मेदवेदेव ने 4-0 की बढ़त बना ली थी, लेकिन सिनर ने शानदार वापसी करते हुए लगातार अंक हासिल किए और 7-4 से टाईब्रेक जीतकर मैच अपने नाम कर लिया।

### जोकोविच-फेडरर के विशेष क्लब में सिनर शामिल

इस जीत के साथ सिनर इतिहास में ऐसे तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने सभी छह एटीपी मास्टर्स 1000 हार्ड-कोर्ट खिताब जीते हैं। इस उपलब्धि के साथ वह टेनिस के दिग्गज नोवाक जोकोविच और रोजर फेडरर के विशेष क्लब में शामिल हो गए। साल का यह उनका पहला खिताब है। इसके साथ ही वह 1990 के बाद पहले खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने लगातार दो मास्टर्स 1000 खिताब बिना एक भी सेट गंवाए जीते हैं। पेरिस में पिछले वर्ष जीते खिताब से शुरू हुई उनकी जीत की लय इस श्रेणी में 11 मैचों तक पहुंच गई है।



सिनर ने मेदवेदेव को पिछले दस मुकाबलों में नौवीं बार हराया

**मैंने लगातार विश्वास बनाए रखा : सिनर**


मैच के बाद सिनर ने कहा, मैं लगातार विश्वास बनाए रखता रहा और अपने शॉट्स खेलने की कोशिश करता रहा। अगर तीसरा सेट होता तो मुकाबला बराबरी से शुरू होता, इसलिए मैंने मैच खत्म करने की पूरी कोशिश की और इस जीत से बेहद खुश हूं।"



### सबालेंका ने रोमांचक मुकाबले में जीता मैच

यह मुकाबला बेहद रोमांचक रहा और निर्णायक सेट का फैसला टाईब्रेक में हुआ। गर्म मौसम में खेले गए इस मैच में सबालेंका ने तीसरे सेट में 5-4 पर जीत का मौका गंवा दिया था, लेकिन टाईब्रेक में उन्होंने शानदार वापसी करते हुए बैकहैंड विनर के साथ मैच अपने नाम कर लिया।

**हेड-टू-हेड में सबालेंका को बढ़त :** यह दोनों खिलाड़ियों के बीच 16वां मुकाबला था, जिसमें अब सबालेंका 9-7 से आगे हो गई हैं। इससे पहले रिबाकिना ने 2025 के डब्ल्यूटीए फाइनल्स और इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन में सबालेंका को हराया था। खिताब जीतने के बाद सबालेंका के पास जश्न मनाने के लिए ज्यादा समय नहीं है। उन्हें मियामी ओपन के लिए रवाना होना था, जहां वे डिफेंडिंग चैंपियन हैं। उन्होंने मजाक में कहा कि शायद फ्लाइट में एक-दो ड्रिंक के साथ जश्न मना लें, क्योंकि मियामी में खिताब बचाने के लिए उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलना होगा। 27 वर्षीय सबालेंका ने अपने खिताबी सफर के दौरान छह मैच में सिर्फ एक सेट गंवाया। यह उनके 11 साल के प्रोफेशनल कॅरियर का 23वां एकल खिताब है। इनमें चार ग्रैंड स्लैम शामिल हैं। इसके अलावा उनके नाम छह युगल खिताब भी हैं।



सबालेंका ने रिबाकिना को 3-6 6-3 7-6 से दी मात

**मानसिक मजबूती बनी जीत की कुंजी : सबालेंका**

*मैच के बाद सबालेंका ने कहा कि उनका लक्ष्य पूरे मुकाबले में मानसिक रूप से मजबूत बने रहना था। उन्होंने बताया कि चाहे परिस्थिति कैसी भी हो, उन्हें अपने बॉडी लैंग्वेज से यह दिखाना था कि वे लड़ाई जारी रखेंगी। सबालेंका के लिए यह समय खास रहा है।*

## खबर संक्षेप



### एफआईएच हॉकी नेशन कप में भाग लेगी महिला हॉकी टीम

**लुसाने।** भारतीय महिला हॉकी टीम न्यूजीलैंड के आकलैंड में 15 से 21 जून तक होने वाले एफआईएच नेशंस कप में भाग लेगी। हॉकी नेशंस कप की शुरुआत 2021 में हुई थी, जो हॉकी प्रो लीग से बाहर सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाली टीमों का शीर्ष स्तरीय टूर्नामेंट है। इसमें विजयी टीम को अगले सत्र में प्रो लीग में जगह मिलती है। भारत के अलावा इसमें मेजबान न्यूजीलैंड, अमेरिका, जापान, कोरिया, चिली, स्कॉटलैंड और फ्रांस भी भाग लेंगे। पुरुषों का टूर्नामेंट केपटाउन में खेला जाएगा, जिसमें दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, फ्रांस, कोरिया, जापान, वेल्स, मलेशिया , आयरलैंड और स्कॉटलैंड की टीमें हिस्सा लेंगी। यह टूर्नामेंट 11 से 20 जून तक खेला जाएगा।

### इंडियन ओपन को पीडब्ल्यूआर 1000 स्पर्धा के रूप में मान्यता

**नई दिल्ली।** भारतीय पिकलबॉल संघ (आईपीए) ने अप्रैल में हैदराबाद में होने वाले इंडियन ओपन के चौथे सत्र को पीडब्ल्यूआर 1000 स्पर्धा के रूप में मान्यता दी है। ग्लोबल स्पोर्ट्स की ओर से आयोजित इस टूर्नामेंट के पिछले तीन सत्र में सभी वर्गों में 19 देशों के चार हजार से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले चुके हैं। चौथे सत्र में 1500 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे और 56 वर्गों में इसकी कुल इनामी राशि 50 हजार डॉलर है। आयोजकों ने कहा,'आईपीए से मंजूरी मिलने से उस व्यवस्था को वैधता मिल गई है,जिसकी भारतीय पिकलबॉल के पारिस्थितिकी तंत्र में कमी थी।'

### भारतीय क्रिकेट का दबदबा का समय आ गया : मिताली

**नई दिल्ली।** मिताली राज ने कहा है कि विश्व स्तर पर भारतीय क्रिकेट के दबदबे का उनका बरसों पुराना सपना सच हो रहा है जबकि पुरुष टीम, महिला टीम और जूनियर टीमों ने हाल ही के वर्षों में बड़े आईसीसी खिताब जीते हैं। पिछले कुछ साल में भारतीय पुरुष टीम ने 2024 और 2026 टी20 विश्व कप, महिला टीम ने पहला वनडे विश्व कप जीता। मिताली ने कहा,' मैं बरसों से चाहती थी कि भारतीय क्रिकेट का दबदबा हो और अब वह समय आ गया है।'



# आईपीएल : मुंबई इंडियंस ने शुरू की प्रैक्टिस

एजेंसी ▸▸ मुंबई

मुंबई इंडियंस ने आईपीएल की तैयारी शुरु कर दी है। मुख्य कोच महेला जयवर्धने की देखरेख में टीम ने पहला सीजन का पहला ट्रेनिंग सेशन पूरा किया। जयवर्धने ने गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे, लसिथ मलिंगा और फील्डिंग कोच कार्ल हॉपकिंसन के साथ अभ्यास सत्र को संचालित किया। टीम के स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग और फिजियोथेरेपी स्टाफ भी मौजूद थे।

पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस आईपीएल 2026 का पहला मुकाबला 29 मार्च को अपने होम ग्राउंड वानखेड़े स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेलेगी। कोच जयवर्धने ने कहा, प्री-सीजन के पहले दिन हमेशा कुछ खास होता है। आप देखते हैं कि खिलाड़ी अंदर आते हैं, एनर्जी बनती है। मकसद मजबूत शुरुआत करना होता है। हमारे पास ऐसे लड़के हैं, जो इस फ्रेंचाइजी को बेहतर तरीके से जानते हैं। कुछ नए चेहरे भी आए हैं। पहला दिन पूरे कैंपेन का माहौल तय करता है। हम चाहते थे कि हर कोई पहले सेशन से ही यह महसूस करे कि हम कैसे ट्रेनिंग करते हैं, कैसे तैयारी करते हैं, और हम एक-दूसरे के लिए कैसे पेश आते हैं।

**29 मार्च को पहला मुकाबला**



### सीरियस काम की शुरुआत

जयवर्धने ने कहा, ओपनिंग सेशन टूर्नामेंट से पहले सीरियस काम की शुरुआत है। पहला सेशन हमेशा रोमांचक होता है, लेकिन यह गंभीरता की शुरुआत भी है। हम जानते हैं कि हम किस ओर बढ़ रहे हैं। सेशन निर्धारित शेड्यूल के मुताबिक हुआ। स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग स्टाफ ने खिलाड़ियों को मूवमेंट ड्रिल, एजिलिटी रूटीन और फिटनेस असेसमेंट से गुजारा ताकि मुश्किल सीजन से पहले उनकी तैयारी का अंदाजा लगाया जा सके। नए आईपीएल कैंपेन से पहले तैयारियों के तेज होने के साथ ही आने वाले दिनों में बाकी टीम के कैंप में शामिल होने की उम्मीद है। मुंबई इंडियस ने अपने सोशल मीडिया पेज पर ट्रेनिंग सेशन की कुछ झलकियां साझा की हैं। सेशन में शामिल होने वाले खिलाड़ियों में शार्दुल ठाकुर, मयंक मारकंडे, अल्लाह गजनफर, नमन धीर, राजा अंगद बावा, रॉबिन मिंज, शर्मा, मयंक रावत, मालेवार, मोहम्मद इजहार और अश्विनी कुमार शामिल रहे।




### चिन्नास्वामी स्टेडियम में होंगे आईपीएल मैच

बेंगलुरु। कर्नाटक सरकार ने कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में इस साल होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैचों की मेजबानी करने की औपचारिक मंजूरी दे दी। इसके साथ ही इस स्टेडियम में आईपीएल मैचों के आयोजन को लेकर पिछले लंबे समय से चली आ रही अनिश्चितता भी समाप्त हो गई। पिछले साल आरसीबी के चैंपियन बनने के बाद यहां आयोजित किए गए समारोह के दौरान मची भगदड़ में कुछ लोगों की जान चली गई थी। आईपीएल 28 मार्च से शुरू होगा, जिसमें मौजूदा चैंपियन आरसीबी उद्घाटन मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना करेगा। यह मैच पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। केएससीए के प्रवक्ता विनय मृत्युंजय ने कहा, 'बैठक के दौरान विशेषज्ञ समिति ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में की गई तैयारियों और उपायों के संबंध में रिपोर्ट पेश की।

### ऑरलियन्स मास्टर्स : आयुष और तन्वी करेंगे भारतीय चुनौती की अगुवाई, प्रणय हटे



**ऑरलियन्स।** एचएस प्रणय के कंधे की चोट के कारण टूर्नामेंट से हटने के बाद युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी और तन्वी शर्मा मंगलवार से शुरू होने वाले 250,000 अमेरिकी डॉलर इनामी ऑरलियन्स मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। प्रणय को पहले दौर में चीनी ताइपे के शीर्ष वरीयता प्राप्त चाउ टिएन चेन से भिड़ना था, लेकिन पिछले सप्ताह बासेल में स्विस ओपन के दौरान उनके कंधे में काफी दर्द हो गया था, जिसके कारण उन्हें इस टूर्नामेंट से हटना पड़ा। उन्होंने कहा, 'मुझे तब कंधे में दर्द का कारण पता नहीं था और इसलिए मैंने टूर्नामेंट से नाम वापस लेने और स्वदेश लौटने का फैसला किया।

**शेट्टी करेंगे ली चिया हाओ के खिलाफ अभियान की शुरुआत:** उनकी अनुपस्थिति में सभी की निगाहें आठवीं वरीयता प्राप्त और विश्व रैंकिंग में 25वें नंबर के खिलाड़ी आयुष शेट्टी पर टिकी होंगी। वह चीनी ताइपे के ली चिया हाओ के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी और वर्तमान में 30वें स्थान पर काबिज किदाम्बी श्रीकांत का सामना डेनमार्क के मैग्नस जोहानसेन से होगा जबकि स्विस ओपन में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने वाले थारुन मन्नेपल्ली अपने पहले मैच में चीनी ताइपे के वांग त्जु वेई से भिड़ेंगे।


**क्रिकेट**

### सूर्या ने कहा- टी-20 में हाथ सेट, टेस्ट की ख्वाहिश



**नई दिल्ली।** सूर्यकुमार यादव का कहना है कि वह टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहते हैं, वनडे क्रिकेट उन्हें रास नहीं आता, लेकिन टी20 उनकी ताकत है क्योंकि ''उसमें उनका हाथ सेट हो गया है।' सूर्यकुमार ने कहा, 'आपकी किस्मत में जो लिखा होता है, आपको वही मिलता है। मैंने भी लाल गेंद से क्रिकेट खेलना शुरू किया था और 10-12 साल तक रणजी ट्राफी खेली। मैंने मुंबई में लाल गेंद से बहुत क्रिकेट खेली है क्योंकि अगर आप मुंबई में पले बढ़े होते हैं तो आप लाल गेंद से ही शुरुआत करते हैं, इसलिए सब कुछ लाल गेंद के इर्द-गिर्द ही घूमता है।' उन्होंने कहा, 'लेकिन धीरे-धीरे जब हमने सफेद गेंद से क्रिकेट खेलना शुरू की तो मेरा झुकाव थोड़ा उसकी तरफ हो गया। इसके बाद मैं इस प्रारुप (टी20) में दिलचस्पी लेने लगा। मैंने वनडे (50 ओवर की क्रिकेट) में भी अच्छा खेलने की बहुत कोशिश की लेकिन कुछ खास नहीं कर पाया।' भारतीय कप्तान ने कहा, 'टी20 क्रिकेट में जैसा चल रहा था, उसमें अपना हाथ सेट हो गया है, ऐसा बोल सकते हैं।'

### टीसीएस वर्ल्ड 10के में हिस्सा लेंगे किबेट और एड्रिस



**बेंगलुरु।** युगांडा के हार्बर्ट किबेट और इथियोपिया के 5000 मीटर में दो बार के विश्व चैंपियन मुख्तार एड्रिस 26 अप्रैल को होने वाली टीसीएस वर्ल्ड 10के (10 किमी) बेंगलुरु प्रतियोगिता के मुख्य आकर्षण होंगे। इस प्रतियोगिता को विश्व एथलेटिक्स से गोल्ड लेवल का दर्जा हासिल है। इसकी कुल पुरस्कार राशि 210000 अमेरिकी डॉलर है। इसमें पुरुष और महिला वर्ग में विजेता रहने वाले खिलाड़ी को 26000 अमेरिकी डॉलर के अलावा कोर्स रिकॉर्ड बनाने पर बोनस धनराशि भी मिलेगी। पुरुष वर्ग में किबेट पर सबकी नजर रहेगी। इस 20 वर्षीय खिलाड़ी ने दो साल पहले विश्व जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई थी। किबेट उन पांच एथलीटों में से एक हैं, जिन्होंने इस साल 27 मिनट से कम समय में 10 किमी की दौड़ पूरी की है।

### न्यूजीलैंड को झटका, साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 मैच नहीं खेलेंगे जैकब्स



**हैमिल्टन।** न्यूजीलैंड को साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज के बीच झटका लगा है। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने बताया कि बल्लेबाज बेवन जैकब्स घुटने में चोट लगने के कारण सेडन पार्क में साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 मैच से बाहर हो गए हैं। बेवन जैकब्स की जगह ब्लैककैप्स टीम में कैटेन क्लार्क को शामिल किया जाएगा। क्लार्क को पहले डेन क्लीवर, जेडन लेनोक्स और टॉम लैथम के साथ चौथे और पांचवें टी20 मुकाबलों के लिए न्यूजीलैंड की टीम में शामिल किया जाना था।

**संचालनालय खेल और युवा कल्याण**
टी.टी. नगर स्टेडियम, भोपाल (म.प्र.)

**ई-निविदा सूचना**

संचालनालय खेल और युवा कल्याण, मध्यप्रदेश, द्वारा **"विभिन्न अकादमियों/खेल परिसर/खेल प्रशिक्षण केन्द्रों हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, सफाईकर्मी एवं मेनपॉवर (अकुशल, कुशल, अर्द्ध-कुशल एवं उच्च कुशल) की सेवाएं प्रदान करने हेतु"** अधिकृति एजेन्सियों से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र व निविदा की विस्तृत शर्तें **www.mptenders.gov.in** पर उपलब्ध हैं। ई-निविदा प्रकाशन उपरांत निविदा में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता है तो वह मात्र उपरोक्त उल्लेखित ई-टेण्डर पोर्टल पर ही उपलब्ध रहेगा।

म.प्र. माध्यम/124943/2026 संचालक

**कार्यालय अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जबलपुर मण्डल जबलपुर**
**कार्यालय पता तहसीली चौक अम्बेडकर भवन के सामने, जबलपुर**
दूरभाष 0761(2625425) ई-मेल seresjabalpur@mp.gov.in

क्रमांक/301/निविदा/ग्रायांसेवा/2026 जबलपुर, दिनांक 11/03/2026

**संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 21/2025-26**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मण्डल जबलपुर के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभागों के निम्नांकित निर्माण कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत सिविल श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से प्रतिशत दर पर तालिका के कॉलम क्रमांक 6 में अंकित पी.ए.सी. की राशि रुपये 1.00 करोड से अधिक होने पर तीन लिफाफा पद्धति एवं पी.ए. सी. की राशि रुपये 1.00 करोड़ से कम होने पर दो लिफाफा पद्धति में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा लागू निविदा प्रपत्र एपेडिक्स 2.10 में निर्धारित तिथि (Key Date) अनुसार, ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदा शासन के पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। (निविदा संशोधन से संबंधित जानकारियों ऑनलाईन देखी जा सकती है, पृथक से प्रकाशित नही की जायेगी।) विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | ग्रायांसेवा संभाग | सिस्टम टेण्डर नं. | कार्य का नाम | जनपद पंचायत | निविदा लागत (PAC) (राशि रुपए में) | अमानत राशि (राशि रुपए में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (राशि रुपए में) | समयावधि (वषार्काल सहित) | आमंत्रण का क्रम | ग्रामीण यांत्रिकी सेवा में लागू दर अनुसूची का दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | नरसिंहपुर | 2026_RES _489257_1 | ग्राम पंचायत अर्जुनगांव में सामुदायिक भवन निर्माण | चीचली | 2277399.00 | 50000.00 | 5000.00 | 180 दिवस | द्वितीय | 11.04.2022 |
| 2 | नरसिंहपुर | 2026_RES _489258_1 | सामुदायिक भवन निर्माण कार्य ग्राम पंचायत तूमड़ा | साईखेड़ा | 2960326.00 | 50000.00 | 5000.00 | 180 दिवस | द्वितीय | 11.04.2022 |
| 3 | नरसिंहपुर | 2026_RES _489259_1 | सी.सी. रोड निर्माण कार्य, शनि मंदिर से बरी केन्द्र तक ग्राम पंचायत उमरिया | करेली | 2335818.00 | 50000.00 | 5000.00 | 180 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 4 | छिंदवाडा-1 | 2026_RES _489260_1 | शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल खैरीभुताई में एक अतिरिक्त कक्ष एवं तीन प्रयोगशाला निर्माण कार्य | छिंदवाड़ा | 4488668.00 | 50000.00 | 5000.00 | 180दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 5 | बालाघाट-1 | 2026_RES _489261_1 | शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल बघोली 13-14 में दो अतिरिक्त कक्ष एवं तीन प्रयोगशाला निर्माण कार्य | लालबर्रा | 5386807.00 | 53900.00 | 10000.00 | 180 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 6 | बालाघाट-1 | 2026_RES _489262_1 | शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल नगपुरा में दो अतिरिक्त कक्ष एवं तीन प्रयोगशाला निर्माण कार्य | लालबर्रा | 5386807.00 | 53900.00 | 10000.00 | 180 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 7 | बालाघाट-1 | 2026_RES _489263_1 | शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल घोटी 13-14 में एक अतिरिक्त कक्ष एवं तीन प्रयोगशाला निर्माण कार्य | लालबर्रा | 4502706.00 | 50000.00 | 5000.00 | 180 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 8 | बालाघाट-1 | 2026_RES _489264_1 | शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल नेवरगांव (ला) में तीन प्रयोगशाला निर्माण कार्य | लालबर्रा | 3270857.00 | 50000.00 | 5000.00 | 180 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 9 | बालाघाट-1 | 2026_RES _489265_1 | शासकीय हाई स्कूल मुरझड़ (ला)-16 में एक अतिरिक्त कक्ष एक प्रयोगशाला निर्माण कार्य | लालबर्रा | 2660617.00 | 50000.00 | 5000.00 | 180 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 10 | बालाघाट-2 | 2026_RES _489266_1 | ओटेकसा से आसोलीटोला सावरीखुर्द नाले पर स्लेब कल्वर्ट निर्माण कार्य | लांजी | 7053813.00 | 70600.00 | 10000.00 | 180 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 11 | जबलपुर | 2026_RES _489267_1 | सामुदायिक शेड निर्माण कार्य रानी अवंती बाई लोधी की मूर्ति के पास बरगी बांध जबलपुर | जबलपुर | 12140851.00 | 121500.00 | 12500.00 | 270 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 12 | सिवनी | 2026_RES _489268_1 | क्षेत्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायतराज प्रशिक्षण केन्द्र बींझावाड़ा सिवनी में जी-टाईप आवास भवन (सेनेटरी, वॉटर सप्लाई, फिटिंग एवं आंतरिक विद्युतीकरण सहित) निर्माण कार्य | सिवनी | 2093639.00 | 50000.00 | 5000.00 | 180 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 13 | सिवनी | 2026_RES _489269_1 | ग्राम बजरवाड़ा के रेंगा नाला पर वाटर स्टोरेज वियर निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत कलारबांकी जनपद पंचायत सिंवनी | सिवनी | 16655984.00 | 166600.00 | 12500.00 | 270 दिवस | द्वितीय | 11.04.2022 |

निविदा संबंधी तिथियाँ (Key Dates):-
1. Date of Publishing of Tender/ Document Download/Sale Start Date 18-03-2026 (11:00AM)
2. Technical Bid Submision End Date 27-03-2026 (06:00PM)
3. Bid Opening Date 30-03-2026 (11:00AM)

जी - 27448/25
स्वच्छता ही सेवा है।

**अधीक्षण यंत्री,**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा**
**जबलपुर मण्डल जबलपुर**

# ‘नवोन्मेष 2026’ का भव्य समापन, विजेताओं को मिले पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी द्वारा अटल इंक्यूबेशन सेंटर-आरएनटीयू के सहयोग से आयोजित मध्य भारत के प्रमुख इनोवेशन फेस्ट नवोन्मेष 2026 का समापन हुआ। इस अवसर पर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण हुआ तथा शाम की बेला में द रूट्स बैंड की आकर्षक म्यूजिकल प्रस्तुति ने समा संगीतमय बना दिया।



## ‘द रूट्स बैंड’ की म्यूजिकल नाइट ने बांधा समां

### प्रतिभाशाली युवाओं के लिए मंच तैयार करता है नवोन्मेष

इस अवसर पर कुलगुरु डॉ. विजय सिंह ने कहा कि आज के समय में हैंड्स-ऑन अनुभव और प्रायोगिक शिक्षा विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धी दुनिया में आगे बढ़ने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। वहीं चांसलर डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने अपने संबोधन में कहा कि नवोन्मेष जैसे मंच विशेष रूप से उत्साही और प्रतिभाशाली युवाओं के लिए तैयार किए गए हैं।

### म्यूजिकल नाइट में झूमे युवा

समापन समारोह के सांस्कृतिक सत्र में द रूट्स बैंड की म्यूजिकल प्रस्तुति ने माहौल को उत्साह से भर दिया। बैंड ने कैलाश खेर का लोकप्रिय गीत सैयां... प्रस्तुत किया, जिसके बाद दिल दिल ये दीवाना..., फिल्म परदेस का दीवाना है ये दिल... तथा ब्रह्मास्त्र का देवा ओ देवा... जैसे गीतों की प्रस्तुति दी।



# रंगोली, स्वरचित काव्यपाठ, फीचर लेखन और पोस्टर निर्माण से सजी ‘प्रतिभा-2026’ की शाम

## एमसीयू में ‘प्रतिभा-2026’ का शुभारंभ, आयोजित हुईं विविध सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विवि, एमसीयू के वार्षिकोत्सव प्रतिभा-2026 का शुभारंभ सोमवार से हुआ। इस अवसर पर कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने कहा कि प्रतिभा कार्यक्रम विवि का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। यह विद्यार्थियों के भीतर मौजूद कला और खेल आदि प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने का एक सशक्त मंच है। हमारे विद्यार्थियों में अगर इस तरह के कौशल होंगे तो वे



उन्हें अपने भावी जीवन में कहीं भी अपनी बेहतरी के लिए उपयोग कर सकते हैं। इस अवसर पर विद्यार्थी मंयक आनंद और कार्तिका गोथवाल द्वारा विशेष तौर पर डिजाइन किए गए लोगो का कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने विमोचन किया। इस लोगो के डिजाइन में खेल और मंचीय कला को समाहित करते हुए कला और खेल का समागम टैग लाइन दी गई है। प्रतिभा-2026 कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को रंगोली, स्वरचित काव्यपाठ, फीचर लेखन, पोस्टर निर्माण तथा मोबाइल शॉर्ट फिल्म मेकिंग प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय देकर टीचर्स का दिल जीत लिया।

## रंग श्री लिटिल बैले में ‘स्वयं सिद्धा -5’ के अंतर्गत नाटक ‘मध्यांतर’ का मंचन






# समाज में व्याप्त बुराइयों पर तीखा प्रहार करता ‘मध्यांतर’...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आज के समाज में हर इंसान एक दूसरे की टांग खींचने में लगा हुआ है। यहां तक की पति-पत्नी का रिश्ता भी इस खींचातानी का शिकार हो चुका है और सभी अपना पेट भरने में लगे हुए हैं। साम, दाम, दण्ड, भेद हर स्थिति में लोग सिर्फ अपना उद्देश्य पूरा करना चाहते हैं, किन्तु कहा जाता है कि अति सर्वदा वर्जयते। इसी चरित्रार्थ को उजागर करता नाटक ‘मध्यांतर’ का मंचन ‘स्वयं सिद्धा - 5’ के अंतर्गत सोमवार शाम रंग श्री लिटिल बैले में किया गया। चैतन्य सोश्यो कल्चरल सोसाइटी द्वारा, पद्मश्री स्व. गुल बर्द्धन राष्ट्रीय नाट्य एवं बैले समारोह के अंतर्गत मंचित इस नाटक में निर्देशन विभा श्रीवास्तव का रहा। जयवर्धन द्वारा लिखित इस नाटक के माध्यम से समाज में व्याप्त बुराइयों पर तीखा प्रहार किया गया।





## नाटक की कहानी

नाटक का नायक ‘ज्ञान’ एक प्रतिष्ठित नाट्य विद्यालय में नाट्य शास्त्र का शिक्षक है और एक नाटक लिख रहा जिसकी रिहर्सल साथ-साथ जारी है, लेकिन वह उसका अंत नहीं लिखा पा रहा है। इसमें वह अपनी पत्नी छाया और दोस्त जयंत की सहायता लेता है और उन्हें सीन इम्प्रोवाइजेशन करने के लिए कहता है। दुर्घटनावश वो एक कार एक्सीडेंट में विकलांग हो जाता है। इस कारण उसकी नौकरी भी चली जाती है। अकस्मात ही जो सीन उसने अपनी पत्नी छाया व जयंत से इम्प्रोवाइज कराया था, वह उसकी निजी जीवन में घटित होने लगता है और इस प्रकार से इस नाटक ने मानवीय संवेदनाओं को भीतर तक झकझोर दिया।

इंदौर साइकियाट्री सोसाइटी की वार्षिक सभा आयोजित

# डॉ. रमन शर्मा अध्यक्ष एवं डॉ. श्रीकांत रेड्डी उपाध्यक्ष निर्वाचित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदौर साइकियाट्री सोसाइटी की वार्षिक सभा 14 मार्च को संपन्न हुई, जिसमें डॉ. रमन शर्मा को अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। डॉ. श्रीकांत रेड्डी उपाध्यक्ष, डॉ. विजय निरंजन सचिव, डॉ. राहुल माथुर कोषाध्यक्ष एवं डॉ. वैभव चतुर्वेदी संपादक मनोनीत हुए। सभी नामांकन निर्विरोध किए गए। नियुक्तियों पर इंदौर साइकियाट्री सोसाइटी के वरिष्ठ सदस्यों ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। अध्यक्ष डॉ. रमन शर्मा और सचिव डॉ. विजय निरंजन ने संस्था की अकादमिक और सामाजिक गतिविधियों को बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई।

## 19 मार्च को गुड़ी-पड़वा के अवसर पर नाटक ‘विक्रमादित्य’ का मंचन

# मध्य प्रदेश के सभी 55 जिलों में एक साथ 1500 कलाकार देंगे नाटक की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

म.प्र. के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा गुड़ी पड़वा एवं नव वर्ष के अवसर पर भारतीय इतिहास के सबसे उत्कृष्ट सम्राट विक्रमादित्य के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विक्रमोत्सव 2026 का आयोजन प्रदेश में किया जाएगा। यह आयोजन संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, शिवशेखर शुक्ला प्रमुख सचिव संस्कृति विभाग के नेतृत्व में तथा एमपी नामदेव, संचालक संस्कृति विभाग के कुशल संरक्षण में किया जाएगा।

श्रीराम तिवारी की परिकल्पना को साकार करते हुए विक्रमादित्य शोधपीठ का आयोजन, मप्र नाट्य विद्यालय की 1500 कलाकारों को प्रशिक्षण प्रदान कर ये प्रस्तुतियां तैयार की जा रही है। 19 मार्च गुड़ी पड़वा पर मप्र नाट्य विद्यालय के संयोजन में प्रदेश के सभी 55 जिलों में एक साथ 1500 कलाकारों द्वारा सुबह 10 बजे लघु नाटक सम्राट विक्रमादित्य का मंचन होगा, जिसमें दिखाया जाएगा कि अपने शासन काल में सम्राट विक्रमादित्य ने न्याय के अनेक अद्वितीय मानक स्थापित किए। एक कथा में वह अपनी ही पत्नी रानी पद्मिनी को सजा के रूप में वनवास भेज देते हैं। उस समय उनकी गुप्तचर चंद्रकांता ने विक्रमादित्य से पूछा कि रानी पद्मिनी तो आपकी पत्नी थीं आपने उन्हें क्यों दंडित किया तो विक्रमादित्य ने कहा कि न्याय वह नहीं जो रिश्तों को देखकर बदल जाए, बल्कि न्याय वह है, जो सही गलत को स्पष्ट रूप से परिभाषित करे।



### संजय श्रीवास्तव के निर्देशन में तैयार हुआ नाटक

नाटक में आगे सीख दी कि यदि राजा ही न्याय करते वक्त अपने रिश्ते नाते निभाने लगे तो उससे बड़ा अन्याय कुछ नहीं। भले रानी तांत्रिक के बराबर दोषी नहीं थी, किन्तु उसने लालच वश तांत्रिक का सहारा लिया और निर्दोष की बलि देने जा रही थी, जबकि रानी होने के नाते प्रजा के प्रति उसका दायित्व मेरे बराबर ही था। विक्रमादित्य के इन्हीं विराट गुणों को दर्शाने वाली यह नाट्य प्रस्तुति है, जिसमें उनके न्याय से जुड़ी एक कथा और संपूर्ण जीवन यात्रा, उनके गौरवशाली इतिहास को एक साथ पिरोया गया है। नाटक में सम्राट विक्रमादित्य के जन्म से लेकर विक्रम संवत की स्थापना तक सम्पूर्ण रूप से मंचित किया जाएगा। इस प्रस्तुति का लेखन एवं सह निर्देशक प्रसन्न सोनी, संगीत अभिषेक त्रिपाठी एवं निर्देशन संजय श्रीवास्तव निदेशक (म.प्र. नाट्य विद्यालय) का है।

# खेल, क्विज और कठपुतली से बच्चों को बताया सेना का शौर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वराज संस्थान संचालनालय द्वारा शौर्य स्मारक में सोमवार की शाम 11 से 16 वर्ष की आयु के छात्र-छात्राओं के लिए एक दिवसीय कार्यशाला ‘प्रोत्साहन’ का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर बच्चों को भारतीय रक्षा सेनाओं के प्रति जागरूक एवं प्रोत्साहित करना था। बच्चों ने कार्यशाला में विभिन्न गतिविधियों का आनन्द लेते हुए शौर्य स्मारक का भ्रमण भी किया। खेल गतिविधि के अंतर्गत जहां उन्होंने रस्साकशी, बाधा दौड़, रिले रेस आदि में प्रतिभागिता की, तो वहीं दूसरी ओर उन्होंने कठपुतली प्रस्तुति के माध्यम से महावीर चक्र विजेता केवल सिंह की शौर्य गाथा एवं अन्य कठपुतली कार्यक्रमों के साथ क्विज, निबंध, कविता आदि गतिविधियों के साथ रचनाशीलता प्रकट की।

## ‘प्रोत्साहन’ कार्यशाला में बच्चों ने जाना भारतीय सेना का साहस और समर्पण





### मनोरंजन गतिविधियों का लिया आनंद

कार्यशाला में समन्वयक के रूप में सेवानिवृत्त कर्नल अनुराग गुप्ता के नेतृत्व में बच्चों ने भारतीय रक्षा सेनाओं से संबंधित विभिन्न खेल, सांस्कृतिक एवं मनोरंजन गतिविधियों का आनन्द लिया। शौर्य स्मारक में बच्चों के लिए आयोजित कार्यशाला अपनी तरह का प्रथम प्रयास था। इस कार्यशाला में बच्चों ने अपने अनुभव भी साझा किए और बताया कि वह किस तरह से भारतीय सेना में और एक अच्छे नागरिक के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कर सकते हैं।

# गुंजन फाउंडेशन की संगीतमयी संध्या ‘गीत गुंजन’ का आयोजन 28 मार्च को

## आईएएस-आईपीएस सहित चिकित्सक, इंजीनियर देंगे प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी की प्रतिष्ठित और सदाबहार गीतों से सजी शाम ‘गीत गुंजन’ एक बार फिर से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करने को तैयार है। गुंजन फाउंडेशन के द्वारा आयोजित इस बार गीत गुंजन की इस शाम का आनंद लिया जाएगा 28 मार्च को रविन्द्र भवन में, जिसमें शहर के ख्यातनाम चिकित्सक, इंजीनियर, बिजनेसमैन और आईएएस-आईपीएस सिंगर अपनी सुमधुर गीतों से सजी प्रस्तुति देंगे।

यह जानकारी गुंजन फाउंडेशन के अध्यक्ष रजनी यादव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस बार गुंजन संगीत संध्या के लिए गायक गायिकाओं ने ओर भी बेहतर रूप से तैयारी की है, जिसमें मुख्य रूप से अनूप जलोटा के शिष्य म्यूजिक गुरु कैलाश यादव अपने शिष्यों के साथ सुरों का जा दू बिखेरेंगे।



यह कलाकार देंगे प्रस्तुति

रजनी यादव ने बताया कि इस बार गीत गुंजन में अरुणा साहनी, रिटायर्ड चीफ इंजीनियर अश्वनी कुमार उपमन्यु, दीपक असाई, सीए रोशन मूंदड़ा, मृदुल खरे, डॉ. वीणा श्रीवास्तव, रेणु मोरंदानी, डॉ. संध्या गदरे, मयंक सत्संगी, रजनीश शिंदे, डॉ. शैलेंद्र तिवारी और उदर रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय कुमार के साथ ही रीटा देराश्री, मधु तिवारी, स्मिता निगम, अर्चना लखोटिया, रचना साहू, नीलम शुक्ला विशेष रूप से प्रस्तुति देंगे।

# मध्य प्रदेश की एक लाख किशोरी बालिकाएं सर्वाइकल कैंसर से हुईं सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से संचालित एचपीवी टीकाकरण अभियान ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के अवसर एक लाख से अधिक 14 वर्ष की किशोरी बालिकाओं का टीकाकरण सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया है।

इस उपलब्धि में मंडला, बालाघाट, डिडोरी, राजगढ़ एवं खरगोन जिले का विशेष योगदान रहा है। प्रदेश में एचपीवी टीकाकरण अभियान का राष्ट्रीय शुभारंभ 28 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अजमेर, राजस्थान से किया गया था। डॉ. सलोनी सिडाना, मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने मध्य प्रदेश द्वारा जिला ब्लॉक स्तरीय स्तरीय अधिकारियों को बधाई देते हुए बताया कि प्रदेश की बेटियों के स्वास्थ्य के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है। अल्प समय में 1 लाख से अधिक बालिकाओं का टीकाकरण होना हमारे एएनएम आशा एवं आंगनबाड़ी की सक्रियता और समाज के सहयोग का परिणाम है। अभियान के दौरान प्रदेश की सभी पात्र 8 लाख बालिकाओं को इस जीवन रक्षक टीके का लाभ मिल सके। शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, शहरी आवास एवं विकास विभाग आदि के सहयोग से इस अभियान को गति मिली है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930